e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 39

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
09.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जो व्यक्ति पवित्र और साहसी है, वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।



**संक्षिप्त खबरें**

## शिक्षा ही करेगा समाज का उत्थान : सुनील साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** राष्ट्रीय तेली महासंगठन प्रखंड इकाई केतार के तत्वाधान में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय तेली महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार साहू केतार प्रखंड पहुंचे जहां पहुंचते ही लोगों ने कोल्ह रोड के समीप उनका जोरदार स्वागत किया। इसके पश्चात बैठक का आयोजन किया गया। जहाँ प्रदेश से आए संगठन के पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही उक्त कार्यक्रम का शुरूआत राष्ट्रीय तेली महासंगठन के प्रखंड अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता एवं संचालन प्रदीप गुप्ता के द्वारा किया गया। इस बीच सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुनील कुमार साहू ने अपने समाज के लोगों को एकजुट होने एवं अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ते हुए शिक्षा पर जोर देने की बात कही उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज शिक्षा एवं राजनीतिक से कोसों दूर है।

# विधायक भानु ने किया पांच करोड़ की लागत से बने पुल का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार(गढ़वा) :** भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने गुरुवार को केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर में स्थित गोरेया बाबा का विद्वत पूजा अर्चना के पश्चात कांडी मुख्य पथ से पंडा नदी तक पीसीसी पथ का भूमि पूजन, परसोडीह के बांसडीह कला में नल जल योजना का भूमि पूजन एवं ग्राम सिंहपुर में पंडा नदी पर पुल का शिलान्यास स्थानीय बुजुर्ग के हाथों अपने उपस्थिति में नारियल तोड़कर किया। इस दौरान केतार प्रखंड के जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, पंचायत के मुखिया मुंगा साह, भाजपा मंडल के अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद उपस्थित रहे। भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात सिंहपुर बस्ती में उक्त विधायक के



द्वारा कार्यक्रम संबोधित किया गया जिसका अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद एवं संचालन सत्येंद्र ठाकुर ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने मुकुंदपुर पंचायत के किसी गांव में विकास नहीं किया बल्की सिर्फ यहां के लोगों का वोट लेकर लूटने का कार्य किया।सिंहपुर गांव को आने जाने का कोई रास्ता नहीं था तो मेरे द्वारा राजघाटी से लेकर सिंहपुर बस्ती होते हुए ताली तक कालीकरण सड़क बनवाने का कार्य किया गया। साथ ही क्षेत्र के किसानों को बिजली, पीने के लिए स्वच्छ पानी भी उपलब्ध कराने का कार्य किया। जबकि इस गांव के पंडा नदी पर पुल नहीं होने के कारण बरसात के समय इस गांव के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था जिसके लिए मेरे प्रयास से लगभग 5 करोड़ की लागत से पुल का भी शिलान्यास किया गया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि मेरे रहते इस क्षेत्र की जनता को मूलभूत समस्याओं से कभी जूझना नहीं पड़ेगा इसके लिए लोगों को मैं विश्वास दिलाता हूं और पुण~ आने वाले विधानसभा चुनाव में मुझे एक-एक वोट देकर मेरा हौसला बढ़ाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर भाजपा महिला नेत्री मधुलता कुमारी, वरिष्ठ नेता भगत दयानंद यादव, विक्रम सिंह, राजू सिंह, नंदू साह, देवेंद्र सिंह, कुंडल सिंह, संतन तिवारी, संतोष राम, अरविंद वर्मा, राजेंद्र साह सहित अन्य लोग शामिल थे।

## अबुआ आवास में अनियमितता बरतने पर ग्रामीण आक्रोशित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भवनाथपुर :** प्रखंड में इन दिनों अबुआ आवास में अनियमितता को लेकर लगभग सभी पंचायतों के ग्रामीणों में आक्रोश हैं। प्रत्येक दिन दर्जनों की संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुष प्रखंड कार्यालय पहुंच कर शिकायत दर्ज कराते हैं। इसीक्रम में गुरुवार को अरसली उत्तरी पंचायत के महिला, पुरुष पचास से अधिक संख्या में बीडीओ नंद जी राम से मिलकर अयोग्य लाभुकों का नाम हटाकर योग्य का नाम जोड़ने की मांग की है। हालांकि इस दौरान ग्रामीणों व बीडीओ में आधे घंटे तक तिखी नोंक झोंक भी हुआ, ग्रामीण महिला पुरुष बीडीओ नंद जी राम के कार्यालय में आजसू नेता जयराम पासवान के नेतृत्व में लिखित शिकायत लेकर गए थे, लेकिन बीडीओ ने आवेदन लेने से इंकार कर दिया। ग्रामीण नेपाल साह, पप्पू राम,डोमन चंद्रवंशी, रविन्द्र शर्मा, बैकुंठ साह, अरूण गुप्ता,कसमुदीन अंसारी, उदय गुप्ता, सुरेंद्र पासवान, अहमद अंसारी, मनोज बैठा सहित पचास की संख्या में महिला पुरुष ने बताया कि अरसली उत्तरी पंचायत में पहले से आवास मिले हुए लोगों को तथा जिनका पक्का मकान है वैसे लोगों का सत्यापन स्थल पर ना जाकर दलालों से पैसा लेकर टेबल पर सत्यापन किया गया। बताया की हम सभी लोग बीडीओ नंद जी राम से मिलकर जांच कर सही लोगों का सत्यापन कराने के लिए आवेदन दे रहे थे लेकिन बीडीओ द्वारा नहीं लिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि बीडीओ ने कहा जो नाम सत्यापन कर लिया गया है उसी का होगा। बीडीओ के इस बात से ग्रामीण में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने कहा है की दो दिनों के अंदर यदि संपन्नों का नाम सूची से नहीं हटाया गया तो सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।

# सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ अयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** बुन पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं की विदाई सहा सम्मान समारोह कार्यक्रम का अयोजन किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अशोक कश्यप ने की, संचालन स्कूल के प्रिंसिपल जितेंद्र कुमार ने किए कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, स्कूल प्रबंधक की ओर से सभी अतिथियों को बुके और सॉल ओढ़कर कर सम्मानित किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुऐ मुख्य अतिथि कर्नल संजय सिंह ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुऐ कहा की छात्र जीवन के लिऐ दसवीं की परीक्षा




काफ़ी अहम होती है। इस परीक्षा को बेहतर तरीके से सफलता पाने पर आगे की कैरियर को संवारने के लिए बहुत मदद मिलती है, उन्होनें कहा की इस स्कूल प्रबंधक ने अपने शिक्षा के माध्यम से स्कूल की एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने सभी छात्रों को बचे हुए समय में ईमानदारी पूर्वक मेहनत के साथ पढ़ाई करने की बात कहीं। मौके पर बुन पब्लिक स्कूल के निदेशक मयंक भूषण सिंह ने कहा की आज हमारे स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र छात्र हमलोग से बिछड़ कर ऊंच शिक्षा के लिए जा रहें है। हमारी मनोकामना है की सभी ऊंच शिक्षा ग्रहण करते हुऐ अपने परिवार और स्कूल की नहीं बल्कि पूरे राज्य वा देश का मान सम्मान बढ़ाए, कार्यक्रम में विदाई गीत, बच्चों द्वारा नृत्य, नुकाड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीईओ बिरेंद्र कुमार, कैप्टन दुखन सिंह, कमला सिंह, जयकूश सिंह शिक्षक प्रेम कुमार, रीना पाठक, नीरज गौरव, रामवीर, फरहत समेत स्कूल के बच्चे और अभिभावक शामिल थे।

## पलामू-गढ़वा में रेलवे से जुड़े कई मामलों पर रेल मंत्री से सांसद वीडी राम ने की चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की, जो निम्नलिखित हैं: 1.12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन पर ठहराव। 2.बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने। 3.प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को टाटानगर, मुरी, रांची, लोहरदगा,



डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने। 4.रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर करने। 5.निम्नांकित स्थानों पर प्रस्तावित एलएचएस/आरयूबी का निर्माणः पलामू जिला के (I) लालगढ़-विश्रामपुर प्रखण्ड (II) पंजरीकला-विश्रामपुर प्रखण्ड (III) डाली-हैदरनगर प्रखण्ड (IV) बुढ़वापीपर- डालटनगंज सदर प्रखण्ड (V) कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद प्रखण्ड (VI) बखारी-डालटनगंज सदर(VII) लहर बंजारी-उंटारी रोड प्रखण्ड। गढ़वा जिला के (VIII) सोनपुरवा-गढ़वा प्रखण्ड(IX) अहिरपुरवा-नगर उंटारी (X) कुम्भी- मेराल ब्लॉक। सांसद श्री राम ने बताया कि उपरोक्त विषयों पर मंत्री ने आश्वस्त किया है कि बहुत जल्द उक्त कार्यों को किया जाएगा।

## मध्य विद्यालय बैरियाडीह कई दिनों से है बंद ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक को हटाने की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 15 ग्राम बैरियाडीह के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय 27 जनवरी से बंद पड़ा है और बच्चे मध्यान भोजन से भी वंचित है विद्यालय में लगभग डेढ़ सौ बच्चे पढ़ते हैं ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानाध्यापक उदयभान जब से स्कूल में ज्वाइन किया है तब से नियमित रूप विद्यालय नहीं चल रहा है और विकास फंड की लूट हुई है ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिक्षक पलामू को आवेदन देकर बताया है कि वितिय वर्ष 2020-2021, 2021-2022, 2022-2023 तथा 2023 से 2024 तक का विकास फंड की राशि उदय भान के द्वारा गमन कर लिया गया तथा कीट एवं पोशाक की राशि भी गमन कर लिया गया तथा आज तक विद्यालय में किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने इसकी जनकारी पूर्व कें बीआर सी. एवं जिला में दोनो ही जगह सुचना दे दी है ग्रामीणों ने बताया कि बिना अध्यक्ष के हस्ताक्षर के ही लगभग 300000 (तिन लाख) राशि निकाल कर प्रधानाध्यापक के द्वारा गमन कर लिया गया ।ग्रामीणों ने मांग किया है कि उदय भान को विद्यालय बैरियाडीह से हमेशा के लिए हटा दिया जाय नहीं हटाने में विद्यालय में उदय भान को प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदयभान ने दूरभाष पर बताया कि उन्होंने विभाग से छुट्टी लेकर घर आया हूँ और वित्तीय मामले में सिर्फ एक वर्ष का पैसा खर्च नहीं हुआ है जो विद्यालय के विकास में जल्दी खर्च कर दिए जाएंगे।

## ओबीसी समाज को नहीं मिला उचित हक और अधिकार : अजय वर्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** विशुनपुरा प्रखंड में ओबीसी जागरूकता रथ पतिहारी, पिपरी कला होते हुए बिशुनपुरा बाजार पहुंचा, बिशुनपुरा टेंपो स्टैंड के पास नुक्कड़ सभा का आयोजन ओबीसी एकता व अधिकार जागरूकता रथ गुरुवार को पतिहारी होते हुए बिशुनपुरा पहुंचा। पिपरी कला बाज़ार में नुक्कड़ सभा करने के बाद बिशुनपुरा टेम्पू स्टैण्ड के समीप नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय संयोजक सदस्य गोरख नाथ चौधरी ने कहा की ओबीसी मोर्चा रथ का उद्देश्य आजादी से लेकर आज तक सत्तासीन लोग जो ओबीसी का हक और अधिकार को दबा कर बैठे हैं, वो लोग आरक्षण के नाम पर ओबीसी समाज का हत्या किया है।



जब तक हक ओबीसी को हक अधिकार नहीं मिलेगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। श्री चौधरी ने कहा की ओबीसी समाज का मकसद राजनीतिक दल और संगठन को ठेस पहुंचाना नहीं बल्कि ओबीसी को उचित हक और अधिकार दिलाना है। उन्होंने कहा की इस क्षेत्र के वर्तमान विधायक सांसद या पूर्व विधायक सांसद किसी ने ही विधानसभा या लोकसभा के पटल पर ओबीसी आवाज तथा आरक्षण की बात नहीं उठाया ओबीसी को आरक्षण को ख़त्म करने में सबसे अहम भूमिका इन सब नेताओं का है ए मेरे नौजवान दोस्तों अब जागने की आवश्यकता है गुलबंद होने की आवश्यकता है आप सभी को पता है की संयुक बिहार में 27 प्रतिश आरक्षण मिलता था लेकिन हेमंत सोरेन सरकार ने आरक्षण ही खत्म कर दिया है। अजय वर्मा ने कहा की ओबीसी की आबादी 65 प्रतिशत है फिर भी आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। हमलोग को हिंदू- मुस्लिम में फंसकर लड़ते रह जातें हैं। साथ ही श्री वर्मा ने कहा ओबीसी का जनसंख्या के अधार पर राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने जातिय जनगणना कराते हुए 52 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग किया है। उन्होंने कहा की देश के विकास में ओबीसी समाज की बड़ी भागीदारी है। उन्होंने ओबीसी समाज के लोगों को 11 फरवरी को शिवाजी मैदान में आने का आग्रह किया है।मौके पर ठाकुर सत्यनारायण विभूति, महेंद्र सोनल, दीपक चौधरी, विजय चौरसिया, बाबूलाल कुमार, गयासुद्दीन अंसारी, वरुण विहारी अख्तर अंसारी कपिल राउत आलम अंसारी ऐनुल अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पांच दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का किया जा रहा है आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड स्थित चितबिश्राम पंचायत के ग्राम मंगरदह ग्राम में चल रहे पांच दिवसीय भागवत कथा के पहले दिन स्वामी श्यामनारायना चार्य महाराज ने कथा प्रसंग में भगवान और भक्त के संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भक्त की चिंता भगवान को हर समय रहता है। भगवान भक्त को कभी झुकने का मौका नही देते। सत्संग में उपस्थित रहने का मौका सभी को नही मिलता। सत्संग भगवान के प्रेरणा से ही सम्भव होता है। सत्संग में भाग लेना भी भगवन की इच्छा से ही संभव हो सकता है।उन्होंने कहा कि ठीक वैसे ही जैसे अर्जुन को ही युद्ध के मैदान में




विराट स्वरुप का दर्शन हुआ था। व्यक्ति को सत्कर्म के मार्ग बिना डरे चलते रहना चाहिए। मौके पर मंटु पांडेय, गोरख सिंह, सतेंद्र पांडेय, शिवकुमार सिंह, रामसुंदर सिंह, पिंटू पांडेय, गोपाल राम, सिंधु पांडेय, सुखबिंदर राम, पंकज सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आस्था का सम्मान मेरे जीवन का आदर्श, हमेशा करूंगा सहयोग : राकेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** गत्त दिनों ग्राम सुआ श्री राम जानकी मंदिर के गुम्बद निर्माण समिति के सदस्यों ने डाल्टनगंज 76 के भावी प्रत्याशी और आम आदमी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी से संपर्क किया और उन्हें मंदिर निर्माण में आने वाले दिक्क़तों से अवगत कराया। समस्या से अवगत होने के बाद राकेश ने तत्काल ग्रामीणों के साथ एक बैठक की और मामले को समझा। बताते चलें कि इस मंदिर के प्रति स्थानीय लोगों की भारी आस्था है और एक बड़े क्षेत्र की




जनभावनाएँ जुड़ी हैं। राकेश तिवारी ने अपने निजी कोष से ना सिर्फ़ मंदिर निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग दिया बल्कि अच्छी संख्या में ईंटें भी उपलब्ध करायी। राकेश तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा की उन्हें पार्टी के वरीय पदाधिकारियों से निर्देश मिला है की जितना हो सके क्षेत्र के लोगों कि भावनाओं का खूयाल रखें और आम आदमी पार्टी को लोगों के दिल में बसने वाली पार्टी बनायें और वो इसी दिशा में काम कर रहे हैं। मंदिर का निर्माण कार्य बाधित न हो यह जान कर उन्होंने सहयोग के लिए हाथ आगे बढ़ाया। और सभी लोगों से आग्रह भी किया है, की वो इस मंदिर निर्माण में बढ़-चढ़-कर भाग लें। भविष्य में भी जहां आवश्यकता होगी वो इस पावन कार्य के लिए उपलब्ध रहेंगे। राकेश के इस कार्य की ग्रामीणों ने खुले दिल से तारीफ़ की और पूरे शहर में जिस प्रकार राकेश ने बिगत महीनों में समाजिक क्षेत्र में अपना योगदान दिया है उससे उनके लोकप्रियता में लगातार इज़ाफ़ा हो रहा है।

## अभिभावकों के हर दुःख-सुख में साथ है संत मरियम स्कूल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** वर्तमान समय में जब अभिभावक निजी स्कूल के नीति नियमो और प्रताड़ना से सदैव प्रताड़ित रहते है। उपरोक्त सोच के ठीक विपरीत संत मरियम स्कूल अपने विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों और अभिभावकों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहती है। विदित हो की बारालोटा निवासी 35 वर्षीय शैलेश दुबे गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और असहय पीड़ा से कराह रहे है। दुबे जी को डॉक्टर ने



ऑपरेशन करने को बोला मगर शरीर में खून की कमी पाई गई। मामला की जानकारी जब विद्यालय प्रबंधन को मिला तो त्वरित संज्ञान लेते हुए संत मरियम विद्यालय के शिक्षकों के समूह ने एक यूनिट और पुनः प्राचार्य कुमार आदर्श द्वारा एक यूनिट रक्त का दान किया गया।मौके पर अविनाश देव ने बताया कि विद्यालय में शैलेश दुबे के दो बच्चे पढ़ते थे हमने एक बच्चें का ट्यूशन फि माफ किया और अभी वर्तमान में अध्यनरत छात्र का पूरे साल की फीस बाकी है। मगर इसके बावजूद हम लोगों ने हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया है। आगे देव ने बताया की विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे और अभिभावक हमारे परिवार के अभिन्न अंग है।।उनके सभी सुख और दुख में साथ देना हमारा परम कर्तव्य है और विद्यालय के स्थापना काल से हम सभी इसे निभा रहें हैं। मौके पर रक्तदान करने वाले शिक्षक अंकित अग्रवाल, त्वरित संज्ञान लेने वाले संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय समेत सभी शिक्षक मौजूद रहें।

## उद्योग विभाग ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य योजना के अंतर्गत शिविर का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को उद्योग विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य योजना के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। इस योजना के अंतर्गत सरकार के उद्योग विभाग के द्वारा लघु उद्योग अंतर्गत फ़ूड प्रोसेसिंग के लिये 50,000 से एक करोड़ तक का टर्म लोन 35 प्रतिशत सबसीडी के साथ उपलब्ध कराया जाता है. जिसमे 10प्रतिशत की लागत आवेदक को लगाना होता है। शिविर में उपस्थित अग्रणी जिला प्रबंधक ए के मांझी ने उपस्थित लोगों को बताया कि इस योजना के तहत फूड प्रोसेसिंग के लघु उद्योग के 90 प्रतिशत लोन 35 प्रतिशत की सब्सिडी के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। जब कि कुल लागत का



10प्रतिशत पैसा आवेदक को लगाना होता है. इस योजना अंतर्गत 50 हजार रुपये से एक करोड़ रुपये तक का लोन सरकार द्वारा बैंको के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत लोन के लिये अपने जिला रिसोर्स पर्सन से संपर्क किया जा सकता है. जिसके लिए आवेदक को आधार, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, न्यूनतम योग्यता 8 वीं पास, प्रोसेसिंग प्लांट का कोटेशन सहित अन्य कागजात उपलब्ध कराना होगा। बैठक में डीआरपी नगर उंटारी सुमित कुमार, डीआरपी सगमा महेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार गुप्ता, ललिता देवी, राजनाथ प्रजापति सहित नगर ऊंटारी के ग्रामीण बैंक के शाखा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के दोनों शाखा, केनरा बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तथा बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

# क्षेत्र का समुचित विकास एकमात्र लक्ष्य : चंद्रवंशी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** क्षेत्र का समुचित विकास एक मात्र लक्ष्य है। जिसे केंद्रित कर कार्य किए जा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की जाल बिछाई जा चुकी है।? कोई भी गांव व टोला सड़क विहिन नहीं रहेगा। सिंचाई के क्षेत्र लक्ष्य बनाकर कार्य किया जा रहा है। जिसकी एक पहल सिंचाई विभाग से धोब घटवा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य शामिल है। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा। गुरुवार को पंजरी कला पंचायत के नौडीहा गांव में सिंचाई विभाग की ओर कराए जा रहे धोब घटवा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि



क्षेत्र सिंचाई लोगों की आवागमन समस्याओं को देखते हुए क्षेत्र में सड़कों की जाल बिछाया गया है।? सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति लक्ष्य बनाकर कार्य करा गया है। सिंचाई के क्षेत्र में स्थानीय विधायक के प्रयास से अभूतपूर्व कार्य होने जा रहा है। सोन नदी से विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में पाईप लाईन से सिंचाई के लिए पानी लाया जाएगा। इसके पूर्व चेकडैम का शिलान्यास भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, इद्रीस हवारी, लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र चौधरी आदि ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। मौके पर अध्यक्षता कर रहे अमरेश तिवारी, लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र चौधरी आदि ने कहा का विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है।? क्षेत्र की समस्याओं को चिंहित कर स्थानीय विधायक के द्वारा दूर किया गया है। वहीं क्षेत्र में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के कार्य काल पर प्रकाश डाला। कहा कि विधायक क्षेत्र के लिए विकास पुरुष है। इनके प्रयास से क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास हुआ है। विश्रामपुर की पहचान भारत के मानचित्र पर सुशोभित है। कहा कि अब भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह युवा नेता लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। इसे बनाए रखते हुए इन्हें विधानसभा में स्थापित करना है। ताकि विश्रामपुर में चल रही विकास गति तेज गति से दौड़ती रहे। वहीं नौडीहा गांव के लोगों ने ईश्वर सागर चंद्रवंशी से गांव में पक्की सड़क निर्माण की मांग की। ताकि सड़क की समस्या दूर हो व लोगों का आवागमन सुगम होगा।? मौके पर लालगढ़ पंसस सूर्यमंडल राम, इद्रीस सवारी, उपेंद्र तिवारी, राधेश्याम चौधरी, उखमजी यादव, कनीय अभियंता अमीत कुमार, बिरेंद्र तिवारी, प्रिंस गौरव, जय कुमार पांडेय, रविन्द्र सिंह, रामानंद तिवारी, मिथलेश दुबे, विवेकानंद सिंह आदि मौजूद थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 39

शुक्रवार

09.02.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जो व्यक्ति पवित्र और साहसी है, वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।

## क्विक न्यूज

### यौन शोषण का आरोपी मुखिया अरेस्ट, जेल

**इटकी :** शादी का प्रलोभन देकर तीन बच्चों की मां विधवा महिला के साथ पांच वर्षों से यौन शोषण के आरोप में इटकी प्रखंड अंतर्गत कुल्ली पंचायत के मुखिया विनय उरांव को बेड़ो पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बेड़ो थाना क्षेत्र के एक 36 वर्षीय विधवा महिला ने कुल्ली पंचायत के मुखिया विनय उरांव पर शादी का झांसा दे कर शारीरिक शोषण सहित कई गंभीर आरोप लगायी है। बेड़ो थाना कांड संख्या 14/24 में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार विधवा महिला ने मुखिया विनय उरांव पर 2018 से 2023 तक शारीरिक शोषण करने और शादी करने से इनकार की बातें कही है। इसके अलावा उक्त महिला ने मुखिया पर डायन बिसाही कह गाली गलौज कर गोली मार देने की धमकी देने का आरोप लगाई है।

### सीबीआई ने पुलिस सब-इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर विजय कुमार भाटिया को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपित एक मामले में जांच अधिकारी था और शिकायतकर्ता से उसके और अन्य लोगों के खिलाफ मामले को कमजोर करने और उसकी नौकरानी व गार्ड को गिरफ्तार न करने के लिए 50 हजार रुपये की मांग की गई थी।शिकायतकर्ता से रिश्वत मांगने के आरोप में दिल्ली पुलिस के इस उप-निरीक्षक के खिलाफ जामिया नगर पुलिस स्टेशन, दिल्ली में एक मामला दर्ज किया गया था। इसी क्रम में सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी को 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। सीबीआई प्रवक्ता के मुताबिक टीम आरोपित के ठिकानों की तलाशी ले रही है। सीबीआई की जांच भी जारी है।

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी में राजभवन की कोई भूमिका नहीं : राज्यपाल

**रांची :** राजभवन पर लग रहे आरोपों पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी में राजभवन की कोई भूमिका नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन ने 31 जनवरी को स्वयं राजभवन आकर इस्तीफा सौंपा था। राज्यपाल ने गुरुवार को राजभवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हेमंत सोरेन ने खुद इस्तीफा सौंपा। हेमंत की गिरफ्तारी में उनकी कोई भूमिका नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि ईडी ने हेमंत सोरेन को हिरासत में ले लिया था। इस बात का जिक्र खुद हेमंत सोरेन ने अपने इस्तीफे में किया है। इसमें बताया कि उन्हें ईडी ने हिरासत में ले लिया है, इसलिए मैं इस्तीफा देना चाहता हूं। मैंने कहा ये ठीक है। मैं मानने को तैयार हूं। इसके बाद मैंने इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

### उत्तर प्रदेश के किसानों का नोएडा एक्सप्रेसवे पर खत्म हुआ धरना

**नई दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के किसानों का नोएडा एक्सप्रेसवे पर धरना खत्म हो गया। दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर किसानों के प्रदर्शन के कारण महाजाम की स्थिति बन गई थी। दिल्ली नोएडा में लोग दिनभर जाम से परेशान रहे। नोएडा कमिश्नर के आश्वासन पर किसानों ने एक्सप्रेसवे छोड़ दिया है। नोएडा कमिश्नर की निगरानी में एक कमेटी बनाई जाएगी। एक सप्ताह में किसानों की प्राधिकरण के अफसरों से बातचीत कराई जाएगी। इस बातचीत में शासन स्तर से मंत्री भी शामिल होंगे। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरणों पर किसानों का धरना जारी रहेगा।

### पाकिस्तान में चुनाव के बीच हुआ आतंकी हमला, धमाके में 5 जवान शहीद

**नई दिल्ली :** पाकिस्तान में नई सरकार के लिए गुरुवार को मतदान हुआ। पाकिस्तान में जारी आम चुनाव के बीच गुरुवार दोपहर को बड़ा आतंकी हमला हुआ।आतंकवादियों ने खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले के कुलाची में एक पुलिस मोबाइल वैन को निशाना बनाया है। आतंकियों ने पहले आईईडी ब्लास्ट किया और उसके बाद अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, जिससे चारों ओर चीख-पुकार मच गई।दरअसल, पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुए आतंकी हमले में 5 पुलिस कर्मियों की जान चली गई और 2 अन्य घायल हो गए. हमलावरों ने 30 मिनट से अधिक समय तक लगातार गोलीबारी करने से पहले एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण तैनात किया था. इस विस्फोटक से गाड़ी के परखच्चे उड़ गए. बता दें कि चुनाव से ठीक एक दिन पहले यानी बुधवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत में दो धमाकों में कम से कम 30 लोग मारे गए.

### रांची का तापमान

अधिकतम 26°

न्यूनतम 12°

---

श्वेत पत्र पर लोकसभा में आज व राज्यसभा में कल होगी चर्चा

# लोकसभा में पेश हुआ श्वेत पत्र

## यूपीए के आर्थिक कुप्रबंधन पर चर्चा करेगी मोदी सरकार


एजेंसी

**नई दिल्ली :** मोदी सरकार की तरफ से लोकसभा में श्वेत पत्र पेश कर दिया गया है. एनडीए सरकार की तरफ से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने श्वेत पत्र पेश किया. सरकार ये श्वेत पत्र यूपीए सरकार के दौरान कथित आर्थिक कुप्रबंधन के खिलाफ लेकर आई है.

बता दें कि इसके विरोध में कांग्रेस ब्लेक पेपर लाने का मन बना चुकी है. श्वेत पत्र के जरिए सांसदों को बताया जाएगा कि साल 2014 से पहले (मोदी सरकार बनने से पहले) देश के सामने किस तरह के शासन, आर्थिक और राजकोषीय संकट थे. इसके अलावा सांसदों को जनता को ये बताया जाएगा कि आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए मोदी सरकार ने क्या कदम उठाए हैं. श्वेत पत्र पर लोकसभा में शुक्रवार को चर्चा होगी. जबकि संसद के उच्च सदन राज्यसभा में श्वेत पत्र पर शनिवार को चर्चा होनी है.

### श्वेत पत्र में क्या-क्या लिखा है ?

श्वेत पत्र में कहा गया है कि यूपीए सरकार ने देश की आर्थिक नींव कमजोर की. यूपीए काल में रुपये में भारी गिरावट हुई. बैंकिंग सेक्टर संकट में था. विदेशी मुद्रा भंडार में कमी हुई थी.भारी कर्ज लिया गया था. राजस्व का गलत इस्तेमाल हुआ.



### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की थी घोषणा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण के दौरान भी इस संबंध में घोषणा की थी. उन्होंने कहा था कि सरकार एक श्वेत पत्र पेश करेगी, जो यूपीए दशक और एनडीए दशक को कवर करेगा. इसमें यूपीए शासन के वित्तीय कुप्रबंधन और एनडीए शासन की वित्तीय समझदारी को दिखाने के लिए, एक तुलनात्मक विश्लेषण होगा.

### कांग्रेस के ब्लैक पेपर पर पीएम मोदी का तंज

श्वेत पत्र के खिलाफ कांग्रेस ने ब्लैक पेपर लाने की बात कही है. इसपर पीएम मोदी ने राज्यसभा में निशाना साधा. पीएम ने कहा, काले कपड़ों में सदन को फैशन शो देखने का भी मौका मिला. कभी कभी कुछ काम इतने अच्छे होते हैं जो लंबे समय तक उपयोगी होते हैं. हमारे यहां कुछ अच्छी चीज कर लेते हैं तो परिवार में एक स्वजन ऐसा भी आ जाता है जो कहता है कि अरे नजर लग जाएगी काला टीका लगा देता हूं. आज पिछले 10 वर्षों में जो काम हुए हैं उसको किसकी नजर ना लग जाए इसलिए, आज खड़गे जी काला टीका लगाकर आए हैं. आज हमारे कार्यों को नजर ना लग जाए इसलिए आप जैसे वरिष्ठ सांसद काला टीका लगाकर आए हैं तो ये अच्छी बात है.

---

सीएम ने अधिकारियों के साथ खनन एवं भूतत्व विभाग के कार्य प्रगति की समीक्षा की

# पूर्व से आवंटित खनिज ब्लॉकों में खनन कार्य जल्द शुरू कराएं : चंपई

## विभाग द्वारा चिन्हित 10 विभिन्न खनन ब्लॉक को जल्द चालू करें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में खनन एवं भूतत्व विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि खनन विभाग राजस्व का एक मुख्य स्रोत माना जाता है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसे खनन ब्लॉक जिनका पहले से नीलामी अथवा आवंटन हो चुका है उन खनन ब्लॉकों को जल्द से जल्द चालू किया जाए। खनन कार्य का जिम्मा जिस कंपनी या संस्थान को आवंटित किया गया है उनके साथ बैठक कर खनन कार्य शीघ्र प्रारंभ कराएं। खनन कार्य संचालित करने वाले वैसे कंपनी जो खनन कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे हैं उन्हें स्पष्टीकरण (शोकॉज) कर उनका आवंटन रद्द करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य के विभिन्न खनिज ब्लॉकों की नीलामी करने संबंधित कार्य प्रगति की जानकारी ली तथा फरवरी माह 2024 के अंत तक खनन विभाग द्वारा चिन्हित 10 विभिन्न खनन ब्लॉक के नीलामी अथवा आवंटन प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है।

### मेजर तथा माइनर खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मार्च माह 2024 तक मेजर तथा माइनर खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया से संबंधित सभी कार्यवाही पूरा कर ली जाए। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसे कोल ब्लॉक जिनका नीलामी हो चुका है और अबतक खनन कार्य शुरू नहीं हुआ है उन सभी कोल ब्लॉकों में खनन कार्य अविलंब चालू कराएं। खनन कार्य विलंब होने से राजस्व का नुकसान होता है, इस बात का ध्यान अवश्य रखें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसे कोल ब्लॉक जिनका फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं हो सका है, वैसे कॉल ब्लॉकों के फॉरेस्ट क्लीयरेंस हेतु प्रधान सचिव वन विभाग के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करते हुए सभी प्रक्रिया पूरा करें ताकि खनन कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खनिज ब्लॉक के ऑक्शन कार्य में फॉरेस्ट क्लीयरेंस बाधा न बने इसका पूरा ध्यान रखें। बैठक में मुख्यमंत्री ने बालू घाट ऑक्शन की भी जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को बालू आसानी से और उचित कीमत पर प्राप्त हो सके इसके लिए विभाग निरंतर मॉनिटरिंग करे ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बालूघाट के टेंडर प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो उसका निराकरण जल्द कर लें। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खनन विभाग में जियोलॉजिस्ट के स्वीकृत पद के आलोक में कार्यहित को देखते हुए वर्तमान में संविदा पर नियुक्त करें तथा नियमित नियुक्ति हेतु जेपीएससी को अधियाचना भेजें।



### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल.खियांग्ते, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, खनन विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी, उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, निदेशक खनन शशि रंजन सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**खनन कार्य संचालित करने वाले वैसे कंपनी जो खनन कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे हैं उन्हें स्पष्टीकरण (शोकॉज) कर उनका आवंटन रद्द करें : सीएम**

---

हल्द्वानी में बवाल, आगजनी, फायरिंग

# लगा कर्फ्यू, उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश



एजेंसी

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में गुरुवार को बवाल हो गया। मलिक के बगीचे में अवैध रूप से कब्जा कर बनाए गए नमाज स्थल और मस्जिद तोड़ने गई नगर निगम और पुलिस की टीम पर स्थानीय लोगों ने पथराव किया। इस दौरान 20 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस घटनाक्रम के बाद शहर भर में तनावपूर्ण माहौल हो गया। वहीं, लोगों ने कई वाहनों में आग भी लगा दी। उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाना फूंक दिया। स्थिति नियंत्रण में करने के लिए पुलिस को फायरिंग भी करना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून अपने सीएम आवास पर बैठक बुलाई।सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में अवैध निर्माण को हटाये जाने के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों व कार्मिकों पर हुए हमले और क्षेत्र में अशांति फैलाने की घटना को गंभीरता से लिया है। सीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के सख्त निर्देश भी दिये है।मुख्यमंत्री ने इस संबंध में गुरुवार की शाम मुख्यमंत्री आवास में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार और अन्य उच्चाधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से शांति बनाये रखने की अपील करते हुए असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये है। सीएम ने कहा कि इस घटना के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि प्रदेश में किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जानी चाहिए। प्रशासनिक अधिकारी निरंतर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रयासरत रहे।वहीं, कुमाऊं मंडल के तमाम अधिकारी वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने सीएम को अवगत कराया गया कि अशांति वाले क्षेत्र बनभूलपुरा में कर्फ्यू लगाया गया है। साथ ही स्थिति को सामान्य बनाये रखने के लिए दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए गये है।

---

# ट्रेन लूट की योजना बनाते 15 अपराधी गिरफ्तार

संजय प्रजापति @प्रभात मंत्र

**लातेहार :** पुलिस ने ट्रेन में लूटपाट की घटना को अंजाम देने की फिराक में एकत्रित हुए 15 अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सुचना प्राप्त हुई थी कि लातेहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं-3 के दक्षिण दिशा के आस-पास किसी खाली एवं निर्जन स्थान पर कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हरवे हथियार से लैस होकर एकत्रित हुए है, जो किसी बड़ी ट्रेन लूट डकैती की घटना को अंजाम देने कि योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक लातेहार के द्वारा परिक्ष्यमान भापुसे ललीत मीना एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लातेहार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें कुल चार टीमें शामिल थीं। छापामारी दल के द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर पुरी सावधानी एवं सतर्कता पूर्वक लातेहार रेलवे स्टेशन के दक्षिण दिशा में स्थित तुपु जाने वाली सड़क के पास स्थित झाड़ीनुमा खाली एवं निर्जन स्थान





की घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान छापेमारी दल को उक्त स्थान पर एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होकर किसी अपराध की योजना बनाते हुए दिखाई दिये जो पुलिस टीम को देखकर इधर उधर भागने लगे। छापामारी दल में शामिल सभी टीमों के द्वारा अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए भाग रहे अपराधकर्मियों में से दस अपराधकर्मियों को पकड़ लिया गया एवं पाँच अपराधकर्मी रात्रि एवं जंगल का लाभ उठाते हुए भागने में सफल रहे। इस संबंध में पूछताछ के क्रम में बताया गया कि देर रात्रि में गुजरने वाली पलामू एक्सप्रेस ट्रेन में एक बड़ी डकैती की घटना को अंजाम देने की तैयारी के साथ ये सभी हरवे हथियार से लैस होकर योजना बना रहे थे। पूछताछ के उपरांत इन अपराधकर्मियों के निशानदेही पर अन्य पाँच अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी लातेहार एवं लातेहार के सीमावर्ती जिले पलामू से की गई है। पूछताछ के क्रम में पकड़ाये अपराधकर्मियों द्वारा पूर्व में सम्बलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस डकैती काण्ड एवं लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अतिरिक्त पलामू जिले के कई थाना क्षेत्रों में अंजाम दिये गये काण्डों में अपनी-अपनी संलिप्तता की बात स्वीकार की हैं। जिनमें रेल थाना बरकाकाना, चदवा थाना, हेरहंज थाना, बरवाडीह थाना, लातेहार थाना एवं पलामू जिले के थाने में करीब 15 कांड दर्ज हैं।

---

# पीएम मोदी जन्म से नहीं हैं ओबीसी : राहुल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी की जाति को लेकर उनपर हमला बोला है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही पीएम मोदी ने कांग्रेस पर ओबीसी जातियों की अनदेखी का आरोप लगाया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी ओबीसी नहीं बल्कि एक सामान्य जाति से ताल्लुक रखते हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी अपनी जाति के नाम पर देश को गुमराह कर रहे हैं। ओडिशा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तीसरे और अंतिम दिन झारसुगुड़ा में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी एक ऐसे परिवार में पैदा हुए थे जो सामान्य जाति से संबंध रखता था।राहुल गांधी ने आगे दावा किया कि पीएम मोदी खुद को ओबीसी बताकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वो तेली समुदाय से आते हैं, जिसे गुजरात में बीजेपी सरकार के कार्यकाल के दौरान 2000 में ओबीसी सूची में शामिल किया गया था। इसलिए,जन्म से मोदी जी ओबीसी नहीं हैं। राहुल ने कहा कि जब भी कोई बीजेपी कार्यकर्ता आपके पास आए, तो उनसे जरूर कहें कि हमारे प्रधानमंत्री ने पूरे देश को ये कहकर गुमराह किया कि वो पिछड़े वर्ग से आते हैं। असल में वो पिछड़े वर्ग में पैदा नहीं हुए, बल्कि सामान्य जाति के हैं। ये बात आप हर बीजेपी कार्यकर्ता को बताएं। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने संसद में खुद को सबसे बड़ा ओबीसी कहा था। उन्होंने कांग्रेस पर पाखंड का आरोप लगाते हुए कहा कि वो पिछड़े वर्ग के नेताओं के साथ दोहरा मापदंड अपनाती है।इधर भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जाति को गुजरात का मुख्यमंत्री बनने से पूरे 2 साल पहले 27 अक्टूबर, 1999 को ओबीसी के रूप में अधिसूचित किया गया था।अमित मालवीय ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक पूरा नेहरू-गांधी परिवार ओबीसी के खिलाफ रहा है।





---

# ईडी ने पूछताछ के लिए 10 फरवरी को बुलाया धीरज साहू को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू को 10 फरवरी को रांची स्थित रिजनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। इस दिन उनका बयान दर्ज होगा. जानकारी के मुताबिक पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के नई दिल्ली स्थित आवास से बरामद बीएमडब्ल्यू कार के सिलसिले में ईडी उनसे पूछताछ करेगी. ईडी की टीम ने 29 जनवरी को नई दिल्ली के शांति निकेतन स्थित पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के आवास पर छापेमारी की थी. उनके घर से बीएमडब्ल्यू कार जब्त की गई थी. इसके बाद 7 फरवरी को ईडी ने दक्षिणी कोलकाता के नामचीन रियल एस्टेट और फाइनेंस कारोबारी योगेश अग्रवाल के ठिकानों पर छापेमारी की थी. बता दें कि पिछले साल 6 दिसंबर को इनकम टैक्स की टीम ने सांसद धीरज साहू के ओडिशा, पश्चिम बंगाल, लोहरदगा और रांची स्थित ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी. तब ओडिशा के ठिकानों से 350 करोड़ रुपए से ज्यादा नकद बरामद हुए थे. हालांकि धीरज साहू ने कहा था कि उनका ज्वाइंट परिवार है. परिवार के लोग शराब के कारोबार से जुड़े हैं. उन्होंने सफाई दी थी कि बरामद पैसे उनके नहीं हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# गांव चलो अभियान की सफलता के लिए हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आज दिनांक 08 फरवरी 2024 को गांव चलो अभियान हेतु एक कामकाजी बैठक टाटीसिलवे मंडल मे की गई । मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। इस बैठक के प्रभारी मनोज चौधरी उपाध्यक्ष भाजपा ग्रामीण जिला की उपस्थिति में किया गई। इस बैठक का मुख्य उदेश्य माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा किए हुए कार्य को गांव गांव, जन जन तक उनके द्वारा किए हुए कार्यो को आम जनता तक पहुंचाना एवं बुथ कमेटी को मजबूत करना।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुर्व विधायक राम कुमार पहान, श्री माधुरी देवी राजेश यादव, गाजु महतो, श्रीदाम सिह मुंडा, महामंत्री अमित कुमार मिश्रा ,रुद्रेश्वर राय , गिरधर मिश्र गोवर्धन महतो, विधान सभा विस्तारक धन्जय पान्डेय, रमेश लकडा, प्रशान्त किशोर, सतोष कुमार, सजु कच्छप, श्रीमति पाको देवी ,रथु नायक, विजय महली, विजय महतो, सुरेन्द्र महतो एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्रामीण समस्याओं को लेकर विधायक प्रखंड कार्यालय में हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सिल्ली प्रखण्ड सभागार में गुरुवार को प्रखण्ड के विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने समीक्षा बैठक किया गया! बैठक में सिल्ली बीडीओ रेणुबाला, समेत कई अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। विधायक सुदेश कुमार महतो ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रखण्ड में जो भी ग्रामीण समस्या लेकर आये तो समस्या का जल्द निपटारा किया जाए । साथ ही उन्होंने अधिकारियों से सिल्ली प्रखण्ड में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा किये । जिसमें अबुआ आवास, जमीन रसीद, नल - जल योजना, मनरेगा , चिकित्सा , स्कूली शिक्षा खाद्म आपूर्ति , सिंचाई एवं पेयजल , वन



विभाग आदि समेत कई योजनाओं की क्रमवार रूप से चर्चा किया गया। श्री महतो कहा कि अधिकारी अपनी जबावदेही तय कर क्षेत्र के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करे। उन्होंने चल रही योजनाओं को धरातल पर लाने और कार्यो को गति देने के लिए विभागीय अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। विधायक ने धान खरीद , अनाज वितरण व्यवस्था , ओर अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पर विशेष निगरानी करने का निर्देश दिये । समीक्षा बैठक के अंत में प्रखंड के ओर से सोल उड़ा कर सम्मानित किया गया! मौके पर प्रखंड विकास प्राधिकारी रेनू बाला, जिला परिषद विणा चौधरी, आरती देवी, जयपाल सिंह, सुनील सिंह, जितेंद्र बडाईक, गौतम कृष्णा साहू ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारी गण मौजूद थे ।

# शहादत दिवस पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शहीद सोमा उरांव के स्मृति पर पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** गुरुवार को मांडर प्रखंड के सकरपदा में शहिद सोमा उरांव का 14वीं शहादत दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक सह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की और मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने स्मृति में पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धांजलि दिये। पुर्व मंत्री ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस वीर सपुत का पुन्य तिथि मना रहे हैं और आज ये हम सबो के बिच नहीं है लेकिन ये हम सभी को प्रेरणा दे कर चले गए इन्हीं के अनुसार सभी को चलना है। माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने सम्बोधन में कहा की हम सभी भारतीयों के रखवाले हमारे साथ नहीं है लेकिन इनका प्रेरणा हमारे बीच है आज हमें



जरूरत है की इनके बताए हुए मार्ग पर चल कर देश व समाज का सेवा करें। इससे पहले पुर्व मंत्री व माननीय विधायक ने शहीद की धर्म पत्नी पुन्या उरांव को सोल ओढ़ाकर सम्मानित किये संचालन सुनील उरांव ने किया। मौके पर शहीद के सभी आश्रितों के साथ विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोजबुला अंसारी पंचायत अध्यक्ष पौलुस तिर्की लालू तिर्की कुंदन तिर्की कलिंदर तिर्की शैलेश तिर्की अफजल अंसारी कलीम अंसारी रसीद अंसारी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कैथोलिक चैरिटी ने जरूरतमंदो में कंबल वितरण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड़ के नेहालु पंचायत अंतर्गत रोगाडीह पतरा टोली गांव में गुरुवार को कैथोलिक चैरिटी,राँची द्वारा जरूरतमंदो में कम्बल वितरण किया गया। मौके पर मुखिया वीरेन्द्र भगत ने कहा कि इस ठंड के समय बड़े-बुढों को काफी कठिनाईयों का समना करना पड़ता है। ठंड के कारण काफी लोग बीमार पड़ जाते है। ऐसे मौसम में कंबल वितरण एक सराहनीय कदम है।



फादर विनय केरकेट्टा ने बताया कि चैरिटी आम जनो एंव किसानो के हित को देखते हुए कृषि तथा विकास का कार्य करने में भी प्रोत्साहित करती है। उप मुखिया जितीया उरांव ने सभी को धन्यवाद किया। मौके पर कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# दुर्घटना में घायलों के लिए मसीहा बने बीडीओ संग्राम मुर्मू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** अवसर भी उन ही महान हस्तियों का इंतजार करती है जिनके दिलों में मानवता की सेवा भाव कूट-कूट कर भरी होती है। यथार्थ का यही दृश्य गुरूवार को उस वक्त देखने को मिला जब प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू विकास योजनाओं की निरीक्षण के क्रम में घाघरा पंचायत जा रहे थे इसी बीच करंजी मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना देख कर न केवल वह रुके बल्कि एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल से



समन्वय स्थापित कर अस्पताल तक भिजवाने का काम करते हुए मानवता का शानदार परिचय दिया। इस अवसर पर उपस्थित भीड़ में प्रखंड विकास पदाधिकारी ऐसी भावना की जोरदार सराहना की। अस्पताल भेजने के उपरांत अपने तय कार्यक्रम के तहत वह घाघरा पंचायत विकास योजनाओं का निरीक्षण हेतु पहुंचे। जहां उन्होंने पंचायत में चलाए जा रहे हैं कई विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। जिसमें मनरेगा 15वें वित सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया । निरीक्षण के कर्म में उन्होंने कहा की गुणवत्ता विकास का आधार होता है इसलिए यह जरूरी है कि किसी भी योजना की गुणवत्ता से किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जा सकता है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के संबंध में मिली तृतीय का सुधार करने की हिदायत दी। इस अवसर पर सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, मुखिया रमेश उरांव, उप मुखिया मोहम्मद इरशाद, कई लाभुक ग्रामीण सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अब्दुल्ला अंसारी ने तीन परिवार को दिया खाद्य सामग्री

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने प्रखंड के तीन परिवार को खाद्य सामग्री दिया . खलारी के चुरी दक्षिणी पंचायत करंजतोरा गांव निवासी स्वर्गीय महाबीर मुंडा, महाबीर नगर खलारी निवासी स्वर्गीय विक्की उरांव तथा लपरा निवासी बैजनाथ महतो इन सभी लोगों का तीन दिन पहले मृत्यु हो गया था.तीनो परिवारों को मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने श्राद्ध के लिए खाद्य सामग्री दिया.अंसारी ने लपरा निवासी बैजनाथ महतो जिसका मृत्यु तीन दिन पूर्व नरेगा कुआँ का खुदाई के क्रम में चाल धंसने से हो गया था उस परिवार वालों से मिकलर उपायुक्त से लाभ दिलाने का बात कहा.अंसारी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सभी को आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वाशन दिया.

## सरना एकेडमी का वार्षिक महोत्सव कल

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरना एकेडमी कुसुम टोला का ग्यारहवीं वर्षगांठ 10 फरबरी शनिवार को मनायी जायेगी. कार्यक्रम की शुरुआत 10 बजे से होगी. उक्त संबंध की जानकारी सरना एकेडमी के निदेशक महेन्द्र उरांव ने दी.उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप झारखंड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की उपस्थित रहेंगे.

## एचएमएसआई ने खोला नया आउटलेट

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने बिहार के दरभंगा में एक नया प्रीमियम मोटरसाइकिल बिक्री और सेवा आउटलेट, होंडा बिगविंग खोला है। दरभंगा एकमी रोड, सैदनगर, दरभंगा - 846001 पर स्थित इस सुविधा का उद्देश्य मोटरसाइकिल उत्साही लोगों के लिए एक व्यापक अनुभव प्रदान करना है। स्टोर में एक ब्लैक एंड व्हाइट मोनोक्रोमैटिक थीम, विस्तृत जानकारी के लिए एक समर्पित वेबसाइट और एक ऑनलाइन बुकिंग विकल्प है। होंडा बिगविंग एक इमर्सिव डिजिटल अनुभव भी प्रदान करता है, जो ग्राहकों को अपने घरों से संपूर्ण मोटरसाइकिल लाइन-अप का विस्तार से अनुभव करने की अनुमति देता है।

## एम. टी. सुदेनी नायर और विनोद कुमार शुक्ला को आकाशदीप से सम्मानित किया गया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एम.टी. गैर-हिंदी भाषाओं में मलयालम के प्रसिद्ध लेखक-फिल्म निर्देशक वासुदेवन नायर और हिंदी में प्रतिष्ठित लेखक विनोद कुमार शुक्ला को साहित्य और जीवन में समग्र योगदान के लिए अमर उजाला का सर्वोच्च सम्मान आकाशदीप मिला।9 अगस्त, 1933 को केरल में जन्मे एमटी वासुदेवन नायर को मलयालम में आधुनिक कला और साहित्य में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए चुना गया है और 1 जनवरी, 1937 को राजनांदगांव में पैदा हुए विनोद कुमार शुक्ला को हिंदी लेखन में उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। जैसा कि एम.टी. ने उल्लेख किया है। वासुदेवन नायर ने कहा, मैं ऐसे अनुभव इकट्ठा करता हूं जैसे बच्चे अपनी जेबें भरने के लिए सुंदर पत्थर इकट्ठा करते हैं, और ये क्षण बाद में मेरे लेखन में अपना रास्ता खोज लेते हैं।

## 61 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 61 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधा के नाम से खानापूर्ति हो रहा है। इसके बावजूद 61 महिलाओं को बंध्याकरण किया गया। अस्पताल के तरफ से कोई सुविधा नहीं है। महिलाओं को जमीन में सोना पड़ा पेशेंट को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा । उनके परिजन ने अपने घर से कंबल तकिया लेकर हॉस्पिटल में आये। विभाग की ओर से रोगी के लिए जो भी सुविधा मिलती है और सुविधाएं यहां देखने नहीं मिलता है आलम यह है कि बंध्याकरण होने के उपरांत उनको बेड में रखा जाना चाहिए लेकिन खुले तौर पर जमीन में लेट कर रखा गया सोच व परे कि बात है ।

## अशोक परियोजना पिपरवार युनिट के तीन दर्जन कोयला मजदुरो को मिला प्रमोशन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना के पिपरवार युनिट मे कार्यरत करीब तीन दर्जन कोयला मजदुरो को प्रमोशन मिला है।जानकारी के मुताबिक पिपरवार युनिट मे कार्यरत कई विभागो के मजदुरो को प्रमोशन दिया गया है।कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग ने सभी मजदुरो को प्रमोशन लेटर देकर सम्मानित किया है।इस संबंध मे कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने बताया कि अशोक परियोजना के पिपरवार यूनिट से पम्प ऑपरेटर विभाग से मोहन गंझु,ईपी मजदुर एक्सावेशन केटेगरी दो विभाग से बिरेन्द्र गंझु,सिकेन्द्र गंझु,ईएण्डएम हेल्पर केटेगरी दो विभाग से जुठन गंझु,प्रकाश गंझु, बलराम नायक,टिकेश्वर गंझु,रतन गंझु,ईपी फीटर कैटेगरी सी विभाग से रवि कुमार सिंह,शमशेर आलम, अमर कुमार,शिव कुमार उरांव,राजनाथ मुंडा,महेश, मनोज कुमार महतो,परमेंद्र नाथ सिंह,पलटा गंझु,राज कुमार,अजय,रविंद्र सिंह, राजकुमार लोहार,देवेंद्र प्रसाद और यमुना प्रसाद का नाम शामिल है।

# प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में यूपीएस दरहाटांड़ प्रथम व एनपीएस गुलजारबाग द्वितीय

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) खलारी में प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.जिसमें सीआरसी राय दरहाटांड के यूपीएस, राय सीआरसी डुन्डू के प्राथमिक विद्यालय, डकरा सीआरसी महावीर नगर ऊपर टोला के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डकरा सीआरसी गुलजारबाग के एनपीएस, हेसालोंग सीआरसी बाघमरी के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय एवं राजकीय कृत मध्य विद्यालय खलारी के सभी रसोइयों ने भाग लिया.प्रतियोगिता में विद्यालय में निर्धारित मेन्यू के हिसाब से कई व्यंजन बनाए गए. राय, डकरा, हेसालोंग व खलारी सीआरसी के रसोईया द्वारा रागी आटा से कई तरह का व्यंजन बनाए गए. जिसमें रागी लड्डू, रागी छिलका, रागी चौक, रागी बर्फी एवं साग, जीरा पुलाव, पौकौड़ी, चटनी आदि व्यंजन बनाए गए. रसोईया द्वारा बनाए गए व्यंजन को निर्णायक मंडली से संकुल साधन के दीपक कुमार, प्रखंड साधन के राजेशकुमार वर्मा, बीपीओ सरवरीनाथ चौरसिया, रिसोर्स शिक्षक मनोज कुमार व सभी विद्यालयों के बाल संसद के प्रधानमंत्री द्वारा चखा गया. राय सीआरसी दहरा टांड़ की रसोईया दुर्गावती देवी व रतनी देवी द्वारा बनाए गए रागी के कई व्यंजनों को काफी सराहा गया. मोरिंगा पत्ता के साग व पकोड़े को काफी लजीज बताया गया. डकरा सीआरसी, एनपीएस गुलजारबाग के रसोईया शीतल देवी व नीतमा देवी द्वारा बनाए गए जीरा फ्राई पुलाव, पोई पत्ता का पकौड़ी व चावल की रोटी को बेहद लजीज बताया गया. प्रतियोगिता में यूपीएस दरहाटांड़ को प्रथम व एनपीएस गुलजारबाग को द्वितीय स्थान पर रखा गया. राजकीय कृत मध्य विद्यालय खलारी की शिक्षका सुमन सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई गई यह प्रतियोगिता प्रोत्साहित करने वाला है. बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य के लिए उपयोगी साबित होगा.प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले को 2000 रूपए व द्वितीय स्थान को 1000 रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी. सफल प्रतियोगियों को अपने व्यंजनों का प्रदर्शन करने के लिए जिला स्तर की प्रतियोगिता में भेजा जाएगा. इस मौके पर राजेश कुमार, शिक्षक मनोज कुमार, उतरा कुमार, गिरधर मिश्रा, सुमन सिंह, रंथू साहू, रूबी एक्का आदि उपस्थित थे.

# झारखंड कबड्डी टीम मे खूंटी का सौरभ कर रहा कप्तानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** राष्ट्रीय जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता हैदराबाद में आयोजित हुई ,जिसमें खूंटी जिला से कबड्डी खिलाड़ी सौरभ कुमार का चयन हुआ ।अच्छे खेल प्रदर्शन के कारण सौरभ कुमार को झारखंड कबड्डी टीम का कप्तान का दायित्व भी मिला । वहीं कबड्डी एसोसिएशन ऑफ खूंटी के कुणाल भगत ने बताया कि खूंटी के खिलाडियों मे हौसला और जज्बे की कमी नहीं है , खूंटी के बच्चे खेल के प्रति बहुत जागरुक हैं । खूँटी मे प्रति दिन कबड्डी अभ्यास कराया जा



रहा है इसके फल स्वरुप ही आज खूंटी के खिलाड़ी कप्तान के तौर पर झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे है । इधर जैसे ही सौरभ कुमार का खूंटी आगमन होने की सूचना मिली, जिले के जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों के द्वारा भव्य स्वागत की तयारी की गई और सौरभ कुमार को पुष्प माला पहना कर और मुह मीठा करा कर खूंटी के समाजसेवियों और खेल प्रेमियों के द्वारा स्वागत किया गया । मौके पर समाजसेवी नेता व मुख्य संरक्षक दिलीप मिश्रा, सुशील सांगा, नरेंद्र साहू, राजेश कुमार, कबड्डी एसोसिएशन ऑफ खूंटी के अध्यक्ष कुणाल भगत,कार्यकारी अध्यक्ष कुमार बृजकिशोर, सचिव (कोच) आशा कुमारी, कोषाध्यक्ष सचिन कश्यप, कबड्डी एसोसिएशन के संरक्षक संतोष त्रिपाठी, विनय कश्यप, संजय जायसवाल, अजय कुमार, जयंत जायसवाल, प्रदीप कुमार सहित भारी संख्या मे कबड्डी खिलाड़ी और बच्चे उपस्थित रहे ।

### महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला में बहुत जल्द मिनी लाईब्रेरी का होगा शुभारंभ

# धर्मशाला कैसे महत्वपूर्ण केंद्र साबित हो उस दिशा में क्रिएटिव सोच के साथ आगे बढ़ना है : एसडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** शहर के बीचों बीच स्थित महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला में बहुत जल्द मिनी लाईब्रेरी का शुभारंभ होगा। धर्मशाला के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने गुरूवार को धर्मशाला निरीक्षण के क्रम में उक्त बातें सदस्यों से कही। एसडीओ अनिकेत सचान ने कहा की अभी शौचालय निर्माण प्राथमिकता है। इसके बाद जनसाधारण के लिए धर्मशाला परिसर के एक कमरें को लाईब्रेरी के रूप में विकसित कर आम लोगो के लिए खोला जाएगा। एसडीओ ने धर्मशाला के विकास में सदस्यों के योगदान की सरहाना करते हुए कहा



की आश्रय गृह से उपर उठकर इस महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक स्थल कैसे लोगो का महत्वपूर्ण केंद्र साबित हो उस दिशा में क्रिएटिव सोच के साथ आगे बढ़ना है। इधर धर्मशाला के सदस्यों ने कहा की धर्मशाला परिसर और अधिक विकसित हो इस पर मंथन जारी है। सदस्यों ने बताया की धर्मशाला के विकास में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेकर इस परिसर को जन साधारण के लिए उपयोगी केंद्र बनाए,इस पर कार्य की जा रही है। उल्लेखनीय है की 1926 में ब्रिटिश काल में महात्मा गांधी धर्मशाला की स्थापना की गयी थी। सालों तक उपेक्षित रहने के बाद एक बार फिर धर्मशाला लोगो की सेवा में उपलब्ध होने जा रहा है। खूंटी के अनुमंडल पदाधिकारी इस धर्मशाला के प्रति गंभीर है। और लगातार इसके विकास को लेकर क्रिएटिव सोच के साथ आगे बढ़ रहे है। मौके पर बालमुकुंद कश्यप,शकील पाशा,रंजीत प्रसाद,लव चौधरी,राजकुमार गुप्ता,किशोर गौंझू,राजेश्वर बैठा,सुभाष मिश्रा,राजेश्वर गुप्ता,प्रशांत भगत,रविंद्र सिंह आदि सदस्य उपस्थित थे।

## पंचायती राज संस्थान के सदस्यों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण हुआ संपन्न

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 10 फरवरी 2024 से 25 फरवरी 2025 तक एमडीए कार्यक्रम (फाइलेरिया मुक्त अभियान) के तहत मांडर प्रखंड के प्रमुख फिलिप सहाय एक्का की अध्यक्षता में सभी पंचायती



राज संस्थान के सदस्य को एक दिवसीय उन्मुखीकरण किया गया। इस उन्मुखीकरण में फाइलेरिया रोग कुलेक्स मच्छर काटने से होता है, बीमारी के लक्षण हाथी पाव अंडकोष, स्तन का फूलनासे संबंधित जानकारी डी गई और मच्छरदानी का उपयोग, जल का जमाव नही होने देना और एमडीए कार्यक्रम के दौरान दवाई का सेवन का उपाय बताया। मांडर प्रखंड के सभी मुखिया इसका प्रचार करने के लिए लाउडस्पीकर के माध्यम से करेंगे और वार्ड मेम्बर से चर्चा करेंगे। साथ ही 10 फरवरी को एमडीए बूथ का उद्घाटन करके सर्वप्रथम दवाई खायेंगे ऐसा आश्वासन दिया। इस उन्मुखीकरण में चिकित्सा प्रभारी डॉ किशोर कुल्लू उप प्रमुखअमानत अंसारी, बी पी एम उपेंद्र सिंह सभी मुखिया एवं पंचायत समिति के आकांक्षी प्रखण्ड फेलो और पिरामल टीम उपस्थित थे।

## झारखंड युवा मंच के द्वारा कराया जाएगा शौचालय का सुंदरीकरण

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को पूर्व जिप सदस्य सह झारखंड युवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष मसूद आलम के पहल पर प्रखंड की प्रमुख किरण उरांव व उप प्रमुख परवेज राजा द्वारा बदहाल शौचालय का निरक्षण कर उत्पन समस्या का समाधान करने की घोषणा की गई.स्थानीय दुकानदारों एवं सब्जी



विक्रेताओं की तकलीफ को देखते हुए पूर्व जिप सदस्य ने प्रशासन को आगाह करते हुए कहा की अगर एक पखवारे के अंदर समस्या का समाधान नहीं किया जाता है. तो ऐसी परिस्थिति में झारखंड युवा मंच अपनी निजी कोष से उक्त शौचालय का जीर्णोधार और सुन्दरीकरण कर जनोपयोगी बनाया जाएगा. श्री आलम के घोषणा को उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा ताली बजा कर स्वागत किया गया. ज्ञात होगी करीब ढाई वर्ष पूर्व इटकी बाजार प्रांगण में निर्मित प्रखंड का पहला सामुदायिक शौचालय उचित देखरेख के अभाव में पिछले चार माह से बंद पड़ा हुआ है. शौचालय से बदबू फैल रही है और वातावरण को गंदा कर रहा है. जिससे आम जनों में आक्रोश है. और स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन को कोस रहे हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार शौचालय का केयरटेकर की मौत तीन माह पूर्व ही हो गई थी. तब से ही शौचालय बंद पड़ा है साथ ही शौचालय का टंकी भी पूरी तरह से भर गया है जिससे दुर्गंध पूरे क्षेत्र में फैल रही है. मौके पर अबरार इमाम, इरशाद हीरू, बिनोद सिन्हा, मुस्ताक अंसारी, सुलूम चाइना, विक्की खान, शाहिद मंटू, लाला खान आलम अंसारी सहित दर्जनों सब्जी विक्रेता उपस्थित थे।

## पिपरवार के बिलारी मे हुई ग्रामीणो की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी गांव में स्थानीय ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक सिमरिया के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जितेंद्र कुमार राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस बैठक मे पिपरवार क्षेत्र के बिलारी,किचटो और कारो के ग्रामीण शामिल हुए।इस बैठक मे स्थानीय ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक मे चट्टी बरियातु से पिपरवार के बचरा साईडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई कार्य का ग्रामीणों ने एक स्वर में पुरजोर तरीके से विरोध किया।बैठक को संबोधित करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व मे बिलारी से किचटो के रास्ते कोयला ढुलाई का कार्य नही होता था,लेकिन अब एक साजिश के तहत घनी आबादी वाले क्षेत्र से मनमानी तरीके से कोयला ढुलाई का काम करने का प्रयास किया जा रहा है।ग्रामीणों ने कहा कि कोल वाहनों के परिचालन से एक तरफ जहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है,वहीं दूसरी ओर धूल गर्द से भी ग्रामीण परेशान रहते हैं।ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी सभी नियमों को ताक पर रखकर कोयला ढुलाई करने का प्रयास कर रही है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।घनी आबादी वाले इलाके से कोल वाहनों के परिचालन होने से सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।ऐसे में ग्रामीणों में भी डर का माहौल देखा जा रहा है।घनी आबादी वाले इस मार्ग से कोल वाहनों का परिचालन का ग्रामीणों ने पुरजोर तरीकों से विरोध करते हुए कंपनी से इस मार्ग पर कोयला ढुलाई नहीं करने की अपील की है।बैठक मे मुख्य रूप से जितेंद्र कुमार, अनिल मुंडा,दिनेश महतो, दीपक महतो,अमर महतो, बीरेंद्र,उमेश राम,राजू राम, रमेश महतो,सोहर महतो,बाबू मुंडा,सोमर महतो,संतोष महतो,बाला महतो,श्याम महतो,कुलेश्वर महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने एसएचजी शिविर में 1.65 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता की



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा आज साहेबगंज में एक सामूहिक एसएचजी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर बैंक द्वारा स्वयं सहायता समूहों को एकत्रित रूप से कुल राशि रू. 1.65 करोड़ का संवितरण किया गया । बैंक ऑफ बड़ौदा ने झारखंड राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ ह्व साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूहों के वित्तपोषण के माध्यम से यह विशेष पहल की। इस अवसर पर 500 से भी अधिक एसएचजी सदस्यों की उपस्थिति रही । शिविर में प्रखण्ड विकास अधिकारी मेघनाद उराँव, डीएमएफआई एवं जेएसएलपीएस से, एच. एन मिश्रा, क्लस्टर कोऑर्डनैटर अजय एवं श्री प्रमोद, पूर्व जिला परिषद सुनीता टुडू, कौरिखुटाबारी की मुखिया अनीता हेंब्रोम, मदर टेरेसा स्कूल के एमडी बोनिफस किस्कु एवं प्रधानाध्यापिका रीना जयसवाल तथा अन्य अतिथिगण व प्रेस बंधु उपस्थित थें। बैंक की ओर से बैंक ऑफ बड़ौदा जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबन्धक मनीष प्रकाश सिन्हा, क्षेत्रीय कार्यालय वित्तीय समावेशन विभाग के अधिकारीगण, साहेबगंज जिला स्थित बैंक शाखाओं - साहेबगंज, कौरिखुटाबारी, जिरलीकरहरी और चासगामा शाखा के प्रबन्धक, व्यवसाय प्रतिनिधि एवं बैंक सखी, एसएचजी की दीदियाँ तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहें।

## सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में यज्ञशाला व श्रीराम कथा स्थल का हुआ भूमिपूजन, अनुष्ठान 20 से



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में राम मंदिर स्थापना के चतुर्थ वर्षगांठ एवं सूर्यधाम में विराजमान माँ दुर्गा, शिव दरबार और श्री राधा-कृष्ण प्रतिमा के पुनर्स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को यज्ञशाला एवं कथास्थल का भूमिपूजन कर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान 20 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित होने वाले 11 दिवसीय अनुष्ठान के निमित्त पुजारियों ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह एवं महासचिव अखिलेश चौधरी व अन्य मुख्यरूप से मौजूद रहे। अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 20 फरवरी को भव्य कलश यात्रा एवं पंचांग- पूजन से 11 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। जिसमें 21 फरवरी को वेदी पूजन एवं अधिवासन, 22 को श्री विग्रह का विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होगी। 22 फरवरी को भव्य शोभायात्रा सह नगर भ्रमण होगा। मौके पर अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, रूबी झा, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, प्रेम झा, चंद्रशेखर मिश्रा, बोलटू सरकार, कुमार अभिषेक, रमेश तिवारी समेत अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

## सीवीसीएस इंडिया ने महिला पॉलीटेक्निक के छात्रावास को दिए 20 सोलर स्ट्रीट लाइट



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** औद्योगिक क्षेत्र स्थित सीवीसीएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीएसआर के तहत राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, जमशेदपुर को छात्रावास के लिए 20 ऑटोमैटिक सोलर स्ट्रीट लाइट और 05 केवीए का सोलर पावर सिस्टम इन्वर्टर के साथ उपलब्ध कराया गया है। कंपनी के प्लांट हेड गुरुराज सी.एन. द्वारा गुरुवार को इसे पॉलीटेक्निक को सौंपा गया। इस मौके पर उपस्थित संस्थान के प्राचार्य डॉ संजीव कुमार ने इसके लिए कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह कंपनी अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन बेहतर ढंग से कर रही है। बताया कि इससे पूर्व भी कंपनी द्वारा इस संस्थान को 50 कुर्सी, 02 एक्सक्लुसिव कुर्सी और एक टेबल प्रदान कर सहायता की गई थी। इस मौके पर कंपनी के प्लांट हेड गुरुराज सी.एन., एचआर हेड राघव तिवारी, प्रोडक्शन हेड अमितेश इस्सर समेत संस्थान के कई अधिकारी उपस्थित थे।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने डीएसपी भोला प्रसाद का किया अभिनंदन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट एवं जमशेदपुर के समाजसेवी नागरिकों के द्वारा डीएसपी हेड क्वार्टर वन भोला प्रसाद के नियुक्त किए जाने पर उनके कार्यालय में पहुंचकर उन्हें पुष्प भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर



अभिनंदन किया गया। इस दौरान आजादनगर थाना शांति समिति के सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान,ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट शाहिद परवेज, मोइनुद्दीन अंसारी,मोहम्मद चांद और सरदार शैलेंद्र सिंह थे। वहीं गुलाम रब्बानी खान का स्वागत किया गया। डीएसपी भोला प्रसाद ने कहा, सबके साथ मिलकर शहर में अमन चैन बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी।

## कातिन चौक से चोरी करते रंगेहाथ पकड़ाया एक युवक, दो साथी फरार

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कातिन बाजार में बुधवार की देर रात एक दुकान से ताला तोड़कर चोरी करते एक आरोपी को खदेड़कर पकड़ लिया। जबकि उसके दो अन्य साथी भागने में सफल रहे। पुलिस ने घटना में शामिल एक पिकअप वैन को भी जब्त कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक जमशेदपुर के बागबेड़ा निवासी तीन युवक क्षेत्र में कई दिनों से घूम रहे थे और कई जगहों पर छिटपुट घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। तीनों पेशेवर चोर बताए जाते हैं जिसकी तलाश पुलिस को भी थी। इस संबंध में पुलिस ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया जबकि कमलपुर थाना पहुंचे पटमदा डीएसपी बचनदेव कुजूर आरोपी युवक से पूछताछ कर रहे हैं जिसे शुक्रवार को जेल भेजा जाएगा।

## सीएचसी पटमदा में मानसिक स्वास्थ्य पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माचा, पटमदा में स्वास्थ्य सहियाओं का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को संपन्न हो गई। प्रशिक्षण में पटमदा / बोड़ाम प्रखंड का 242, जुगसलाई सह गोलमुरी प्रखंड का 223 एवं डुमरिया प्रखंड का 105 सहियायों ने भाग लिया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान समुदाय को जागरूक करने के लिए सहियाओं को आठ ग्रुपों में बंट कर अलग अलग प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक के रूप में बिटीटी सरोज कुमार मंडल, भास्कर माहली, खोकन भकत, शिशिर महतो, शांति वाला पातर एवं मंगल मांडी थे। प्रशिक्षक बिटीटी सरोज कुमार मंडल ने बताया कि सहियाओं को सामान्य व गंभीर, स्नायुतंत्र, बच्चे एवं किशोरावस्था, नशा एवं आत्महत्या मानसिक विकार संबंधित जानकारी दी गई।

# गोपाल मैदान में आज सीएम चंपई सोरेन 25 हजार लाभुको को बांटेगे आबुआ आवास स्वीकृति पत्र

### कोल्हान प्रमंडल में 2,92,624 चिन्हित, पहला किस्त में मिलेगा 30 हजार रूपये

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच प्रमंडल स्तरीय स्वीकृति पत्र वितरण समारोह का आयोजन 9 फरवरी को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में होगा। समारोह में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसे लेकर तैयारी जोरों पर है। आज उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कियी। उन्होंने कार्यो का निरीक्षण करने के बाद आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। 9 फरवरी को होने वाले प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला के





लाभुक शामिल होंगे। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत कोल्हान प्रमंडल में 2,92,624 परिवारों को चिन्हित किया गया है जिसमें पूर्वी सिंहभूम के 1,05,810, पश्चिमी सिंहभूम के 1,03,319 तथा सरायकेला खरसांवा से 83495 परिवार शामिल हैं । प्रथम फेज में 24,827 जिनमें पूर्वी सिंहभूम के 8138, पश्चिमी सिंहभूम के 10,252 तथा सरायकेला खरसांवा के 6437 को अबुआ आवास योजना आवंटित करते हुए प्रथम किश्त जारी की जाएगी। लाभुकों को प्रथम किश्त में 30 हजार रू., दूसरे किश्त में 50 हजार रू., तीसरे किश्त में एक लाख रू. तथा चौथे किश्त के रूप में 20 हजार रूपए प्रदान की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से लाभुकों को लेकर आने वाले वाहनों की पार्किंग चिन्हित की गई है, ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। वहीं कार्यक्रम को लेकर नो एंट्री में भी परिवर्तन किया गया है। कार्यक्रम के दिन सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती रहेगी, ताकि कार्यक्रम शांति पूर्ण सम्पन्न हो सके।

## पटमदा-बोड़ाम प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा में 150 छात्र- छात्राओं ने दी कुड़माली भाषा की परीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा के तीसरे दिन गुरुवार को पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के सभी सेंटरों में 150 छात्र- छात्राओं ने कुड़माली भाषा की कदाचार मुक्त परीक्षा दी। जिसमें पटमदा इंटर कालेज जाल्ला में 68 ,प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा में 33 , उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोबरघुसी में 36, मध्य विद्यालय जाल्ला में 7, एसएस+2 उच्च विद्यालय पटमदा में 4 ,आदिवासी उच्च विद्यालय बोड़ाम में 2 विद्यार्थियों शामिल हैं। सभी छह केंद्र में शतप्रतिशत विद्यार्थी शामिल हुए।

## छोटानागपुर रेंज आईजी अखिलेश झा पहुंचे जमशेदपुर, अधिकारियों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** छोटानागपुर रेंज के आईजी बनने के बाद पहली बार अखिलेश झा जमशेदपुर पहुंचे. जहां एसएसपी कार्यालय परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इस दौरान कोल्हान डीआईजी अजय लिंडा, एसएसपी किशोर कौशल,सिटी एसपी मुकेश लुनायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने आईजी को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया. इसके उपरांत उन्होंने कानून, विधि व्यवस्था को



लेकर एसएसपी कार्यालय में बैठक की, जिसमे डीआईजी, एसएसपी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे. आईजी ने वर्तमान व्यवस्था को लेकर समीक्षा भी की. वही कानून व्यवस्था को कैसे और बेहतर बनाते हुए अपराध और उससे जुड़े अपराधियो पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए.

## कार से घूम-घूम कर मांग रहा था रंगदारी पुलिस ने पिस्टल के साथ किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सुंदरनगर थाना क्षेत्र से रंगदारी की मांग कर रहे एक अपराधी को जमशेदपुर पुलिस ने पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी विधाता तंतुबाई सुंदरनगर का रहने वाला है और वह डकैती सहित विभिन्न मामलों में अब तक छह बार जेल जा चुका है। पत्रकारों से बात करते हुए ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने जानकारी दी कि वह पिछले कई दिनों से एक महंगी कार से घूम-घूम कर क्षेत्र के दुकानदारों को पिस्टल का भय दिखा कर रंगदारी की मांग कर रहा था। इसकी सूचना पुलिस को मिलने पर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एक टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की गई। इसी बीच पोस्ट ऑफिस रोड के समीप अपराधी के होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। इसके बाद



विधाता ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस द्वारा तलाशी के क्रम में उसके पास से एक पिस्टल, गोल्फ स्टिक और मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस गिरफ्तार अपराधी के पिछले दिनों सीतारामडेरा क्षेत्र में हुई हत्याकांड के मामले में भी जांच कर रही है। फिलहाल आवश्यक पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## राजनगर में डीएसओ ने 80 राशन डीलरों को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजनगर :** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को पीडीएस डीलरों की बैठक में उपस्थित जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा ने राजनगर प्रखंड के कुल 80 डीलरों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर अंचलाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हरिश्चंद्र मुंडा भी उपस्थित थे। वहीं सम्मानित कार्यक्रम के पहले राशन डीलर के अध्यक्ष स्व. बासु राउत ले निधन पर शोक प्रकट करते हुए, दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान डीलरों ने पत्रकारों के साथ बातचीत में बताया कि ये पहला मौका है जब राशन डीलरों को सम्मानित किया गया। वहीं डीलरों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का धन्यवाद आभार प्रकट किया।

### पीएम आवास योजना फ्लैट निर्माण कॉन्ट्रैक्टर कंपनी के को-ऑर्डिनेटर पर मुकदमा दायर

## कंपनी को काली सूची में डालने की अनुशंसा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मिरुडीह के काशीडीह में शहरी क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन फ्लैट में कोताही बरतने एवं श्रम अधिनियम कानून का नजर अंदाज करने एवं उल्लंघन करने के मामले में सरायकेला के श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर ने कॉन्ट्रैक्टर अविनाश इन्फ्रास्ट्रक्चर एलएलपी कंपनी के को-ऑर्डिनेटर अमित त्रिपाठी से बार बार अभिलेखों के साथ उपस्थित होने के लिए नोटिस दिए जाने के बावजूद भी ना उपस्थित होने और ना ही कंपनी के अधिकारियों द्वारा कोई



श्री अविनाश ठाकुर
श्रम अधीक्षक - सरायकेला

अर्धनिर्मित पी एम आवास फ्लैट मिरुडीह गम्हरिया

अभिलेख प्रस्तुत किए जाने पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कंपनी को श्रम अधिनियम को नहीं मानने का हवाला देते हुए अमित त्रिपाठी के विरुद्ध न्यायालय में नियोजन एवं विनियम अधिनियम धारा 1948, 1970, 1975 व 1972 के अंतर्गत अनुपालन नहीं करने के तहत श्रम अधीक्षक द्वारा न्यायालय में अभियोजन मुकदमा दायर कर दिया है और अविनाश इन्फ्रास्ट्रक्चर एलएलपी कंपनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ को काली सूची में डालने के लिए श्रमायुक्त से अंनुसंसा भी की गई है। विदित है कि मिरुडीह में शहरी क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री आवासीय योजना के 741फ्लैट बनाने का काम अविनाश इन्फ्रास्ट्रक्चर एलएलपी कंपनी को दिया गया है जो पांच वर्ष बाद भी निर्माण कार्य को पूरा नहीं हुआ है। बताया गया है कि कंपनी के को-ऑर्डिनेटर अमित त्रिपाठी द्वारा उंक्त निर्माण कार्य को जब यहां के लोगों को पेटीदारी में दे दिया गया था। किंतु, पेटीदारों को अबतक राशि नहीं दी गई जिससे वह मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं कर पाया। बताया गया है कि पेटीदारों का करीब पांच लाख रुपए उंक्त निर्माण कार्य मे फंसा है।

## दिशोम मांझी पारगाना महल ने सीएम को दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** गुरुवार को चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के पातकोम दिशोम मांझी पारगाना महल के पदाधिकारी का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री आवास रांची में झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को पुष्प गुच्छ भेंट देकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्हें 2024 के पातकोम दिशोम मांझी पारगाना महल वार्षिक सम्मेलन का न्योता व आमंत्रित किया गया। इस मौके पर भादुडीह आतु मांझी बाबा बुद्धेश्वर मार्डी एवं मांझी पारगाना महल के महासचिव श्यामल मार्डी एवं नेपाल बेसरा, महेंद्र नाथ टुडू, समचांद मार्डी, परेश हांस्दा ,जगन्नाथ किस्कु आदि उपस्थित थे।

## मानगो में टाटा स्टील यूआईएसएल ने किया सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सड़क सुरक्षा पर जागरूकता जारी रखते हुए, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने आज गांधी मैदान, मानगो में एक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सड़क सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इंटरैक्टिव और आकर्षक प्रदर्शन का उद्देश्य सुरक्षित सड़क प्रथाओं के संबंध में महत्वपूर्ण संदेश देना था । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के



रूप में एसएसपी किशोर कौशल, उप. मानगो नगर निगम के आयुक्त सुरेश यादव, टाटा स्टील यूआईएसएल के वरिष्ठ महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में उल्लेखनीय उपस्थिति देखी गई, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक भाग लेने और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानने के लिए एकत्र हुए ।

### उपायुक्त द्वारा विविध योजनाओं के कार्यप्रगति की हुई समीक्षा

## धीमी कार्य प्रगति वाले विभागीय अधिकारियों से मांगी गई स्पष्टीकरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** उपायुक्त रविशंकर शुक्ला द्वारा वर्चुअल बैठक कर अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, वनाधिकार पट्टा तथा कृषि एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति का समीक्षा किया गया। अबुआ आवास योजना की समीक्षा के क्रम मे निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध आवेदन स्वीकृत कर सभी सुयोग्य लाभुकों को योजना के तहत लाभ प्रदान करने के उन्होंने निर्देश दिए। प्रखंडवार प्राप्त आवेदन एवं स्वीकृति की समीक्षा के क्रम मे



उपायुक्त ने लक्ष्य के विरुद्ध 75 प्रतिशत से कम आवेदन स्वीकृत करने वाले सम्बन्धित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को शोकॉज करने तथा 09 फ़रवरी 2024 तक सुधरात्मक प्रगति लाते हुए लक्ष्य के विरुद्ध 90 प्रतिशत स्वीकृत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिला पशुपालन पदाधिकारी को शोकॉज करने तथा विभाग को सूचित करने के निर्देश दिए। बैठक मे उप विकास आयुक्त सह परियोजना निदेशक आई. टी. डी. ए. प्रभात कुमार बारतियार, जिला परिवहन पदाधिकारी शंकरचर्या शमाद, जिला कल्याण पदाधिकारी लक्ष्मण हरिजन, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित रहे।

## आजसू छात्र संघ के प्रखंड सचिव बने सौभिक व पीयूष उपाध्यक्ष




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** अखिल झारखंड छात्र संघ ( आजसू ) चांडिल का सचिव सौभिक हालदार एवं पीयूष दत्त को प्रखंड उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो के निर्देशानुसार गुरुवार को दोनों को मनोनीत किया गया है। दोनो को अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू पार्टी में अपना पद पर योगदान देने के लिए आजसू छात्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष विजय मोदक एवं आजसू के कई नेताओ ने बधाई दी।

संपादकीया

## विभाजनकारी सोच

अब तक भारत के राष्ट्रभक्त लोग 1947 का विभाजन और उसकी त्रासदी को भूले नहीं है लेकिन हमारे देश में अब भी 'भारत विभाजन की मानसिकता' के लोग हैं। अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के सांसद डीके सुरेश ने ऐसा ही विचार प्रकट किया, जिससे विभाजनकारी सोच की बू आती है। कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने कहा है कि "दक्षिण भारत के साथ अन्याय हो रहा है। जो पैसा दक्षिण तक पहुंचना चाहिए था, उसे उत्तर भारत में बांटा जा रहा है। अगर इस अन्याय को दूर नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग देश बनाने की मांग करने के लिए मजबूर होंगे"। भारत के प्रति निष्ठा रखनेवाला कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की बात कहना तो दूर, मन में सोच भी नहीं सकता। ऐसा विचार ऐसे ही मन-मस्तिष्क में आ सकता है, जिसे भारत से प्रेम नहीं हो। अपने प्यारे देश को उत्तर भारत और दक्षिण भारत में बाँटने की यह सोच खतरनाक है। भारत का विचार यही कहता है कि यह देश उत्तर से दक्षिण तक और पूर्व से पश्चिम तक एक ही है। डीके सुरेश का यह आरोप मिथ्या है कि सरकार भारत के उत्तरी हिस्से पर अधिक ध्यान दे रही है। यदि भारत के दोनों ही हिस्सों को तुलनात्मक ढंग से देखें तो भारत का दक्षिणी हिस्सा अधिक विकसित और अग्रणी है। विकास के प्रतिमान भारत के दक्षिणी हिस्से में स्पष्ट दिखायी देते हैं। कांग्रेसी सांसद के इस विभाजनकारी बयान पर जितनी चर्चा होनी चाहिए थी, वह नहीं हुई। मामले को दबा दिया गया। इस तरह की सोच को दबाने की अपेक्षा इसकी निंदा की जानी चाहिए। दुर्भाग्यपूर्ण है कि डीके सुरेश का विरोध करने की जगह उसके बचाव में उतरे कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने केवल जनता की राय व्यक्त की है। अपनी राय को जनता की राय बताने से अधिक चालाकी क्या होगी? यदि राज्य के कुछ भी इस प्रकार का विचार रखते हैं, तो स्थानीय नेता होने के कारण उनका मानस बदलना डीके बंधुओं की जिम्मेदारी है। लेकिन कांग्रेसी नेता जनता का प्रबोधन करने की जगह विभाजनकारी सोच को और भड़काने एवं प्रश्रय देने का काम कर रहे हैं। याद हो कि अकसर कांग्रेसी एवं वामपंथी नेता शरजील इमाम को जेल से छोड़े जाने की माँग करते हैं। शरजील इमाम ने भी दिल्ली दंगों के दौरान भारत विभाजन की मानसिकता को प्रकट करते हुए असम और पूर्वोत्तर को भारत से काटने की बात कही थी। एक तरह से देखा जाए तो शरजील इमाम से लेकर डीके सुरेश तक के बयान एक ही प्रकार की मानसिकता का प्रतिनिधित्व करते हैं। भले ही कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने अपने भाई डीके सुरेश का बचाव करने का प्रयास किया हो लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि अलग देश की मांग नहीं की जा सकती। इसी तरह जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संसद में अपना भाषण दे रहे थे, तब भाजपा के सांसदों ने डीके सुरेश के बयान पर चर्चा की माँग की। बचाव में खड़गे ने कहा कि "अगर कोई देश को तोड़ने की बात करेगा, तो हम इसे कभी सहन नहीं करेंगे। चाहे वह किसी भी पार्टी का हो। मैं खुद कहूंगा कि कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक हम एक हैं और एक रहेंगे"। एक ओर कांग्रेस के अध्यक्ष कह रहे हैं कि भारत विभाजन की बात करनेवालों को सहन नहीं किया जाएगा लेकिन दूसरी ओर डीके सुरेश पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। यदि खड़गे और कांग्रेस का विचार यही है कि 'देश तोड़नेवालों को सहन नहीं किया जाएगा' तब डीके सुरेश अब तक कांग्रेस में क्या कर रहे हैं? सांसद सुरेश को बाहर का रास्ता दिखाकर कांग्रेस एक अच्छा संदेश दे सकती थी। लेकिन, ऐसा प्रतीत होता है कि मामले को दबाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष ने बयान देकर इतिश्री कर ली। कांग्रेस भूल जाती है कि आज के समय में देश की जनता इस प्रकार के बयानों को याद रखती है और अवसर आने पर अपना विरोध प्रकट कर देती है।

कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने कहा है कि "दक्षिण भारत के साथ अन्याय हो रहा है। जो पैसा दक्षिण तक पहुंचना चाहिए था, उसे उत्तर भारत में बांटा जा रहा है। अगर इस अन्याय को दूर नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग देश बनाने की मांग करने के लिए मजबूर होंगे"। भारत के प्रति निष्ठा रखनेवाला कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की बात कहना तो दूर, मन में सोच भी नहीं सकता। ऐसा विचार ऐसे ही मन-मस्तिष्क में आ सकता है, जिसे भारत से प्रेम नहीं हो। अपने प्यारे देश को उत्तर भारत और दक्षिण भारत में बाँटने की यह सोच खतरनाक है। भारत का विचार यही कहता है कि यह देश उत्तर से दक्षिण तक और पूर्व से पश्चिम तक एक ही है। डीके सुरेश का यह आरोप मिथ्या है कि सरकार भारत के उत्तरी हिस्से पर अधिक ध्यान दे रही है। यदि भारत के दोनों ही हिस्सों को तुलनात्मक ढंग से देखें तो भारत का दक्षिणी हिस्सा अधिक विकसित और अग्रणी है। विकास के प्रतिमान भारत के दक्षिणी हिस्से में स्पष्ट दिखायी देते हैं। कांग्रेसी सांसद के इस विभाजनकारी बयान पर जितनी चर्चा होनी चाहिए थी, वह नहीं हुई। मामले को दबा दिया गया। इस तरह की सोच को दबाने की अपेक्षा इसकी निंदा की जानी चाहिए। दुर्भाग्यपूर्ण है कि डीके सुरेश का विरोध करने की जगह उसके बचाव में उतरे कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने केवल जनता की राय व्यक्त की है।


### पहले बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग की गई और बाद में पक्की तरह से बंद कर दिया गया

## अब तो गलती सुधारने की पहल करे मुस्लिम समाज

आशीष वशिष्ठ

हिन्दू पक्ष कुछ समय से ज्ञानवापी परिसर में स्थित एक तलगृह में पूजा का अधिकार मांग रहा था। यह तलगृह मस्जिद परिसर में है। वर्ष 1992 तक व्यास जी तलगृह में पूजा नियमित तौर पर होती थी। 06 दिसंबर, 1992 को हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1993 से व्यास जी के तलगृह को बंद कर दिया गया और बैरिकेडिंग कर दी गई थी। उस समय समाजवादी पार्टी की सरकार थी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। अयोध्या में राम जन्मभूमि मामले को लेकर भी मुलायम सिंह यादव ने बैरिकेडिंग लगवा दी थी जिससे सांप्रदायिक माहौल न बिगड़े और लड़ाई-झगड़े न हों।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा वाराणसी के प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में हुए सर्वेक्षण से उस दावे की पुष्टि हो गई है कि वह हिन्दू मंदिर पर ही बनाई गई थी। इस सर्वेक्षण को रोकने के लिए मुस्लिम पक्ष द्वारा न्यायालय में चरम सीमा तक जाकर तर्क दिए गए। बीती 31 जनवरी को वाराणसी की एक न्यायालय ने हिन्दू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद के व्यास जी तलगृह में पूजा का अधिकार दे दिया है। पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना शुरू हो गई है। हिन्दू पक्ष कुछ समय से ज्ञानवापी परिसर में स्थित एक तलगृह में पूजा का अधिकार मांग रहा था। यह तलगृह मस्जिद परिसर में है। वर्ष 1992 तक व्यास जी तलगृह में पूजा नियमित तौर पर होती थी। 06 दिसंबर, 1992 को हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1993 से व्यास जी के तलगृह को बंद कर दिया गया और बैरिकेडिंग कर दी गई थी। उस समय समाजवादी पार्टी की सरकार थी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। अयोध्या में राम जन्मभूमि मामले को लेकर भी मुलायम सिंह यादव ने बैरिकेडिंग लगवा दी थी जिससे सांप्रदायिक माहौल न बिगड़े और लड़ाई-झगड़े न हों। पहले बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग की गई और बाद में पक्की तरह से बंद कर दिया गया। इसके बाद यहां पर वार्षिक माता श्रृंगार गौरी की पूजा हो रही थी। ज्ञानवापी में किए गए सर्वेक्षण की जो रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत हुई, उसके आधार पर कोई भी कह सकता है कि वह मंदिर ही है। मुस्लिम पक्ष को इसका ज्ञान काफी पहले से था। इसीलिए उन वस्तुओं को छिपा और ढक दिया गया था जो हिन्दू धर्म के प्रतीक और चिह्न हैं। सबसे बड़ी बात शिवलिंग का मिलना है। पौराणिक ग्रंथों से पता चलता है कि ज्ञानवापी कुआं का निर्माण स्वयं भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से किया था। पौराणिक काल से ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का इलाका अविमुक्त क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध रहा है। महाभारत में भी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के पूरे क्षेत्र को अविमुक्त क्षेत्र के नाम से पुकारा गया है। वर्तमान में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद भी अविमुक्त क्षेत्र का ही भाग रहा है। इस क्षेत्र में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद को मुक्त कराने के लिए सैकड़ों वर्षों से विश्व भर के हिंदू संघर्ष कर रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि स्वतंत्रता के बाद केंद्र सरकार मुगल काल में



हिन्दू धर्मस्थलों को तोड़कर या उन्हीं ढांचों पर खड़ी की गई मस्जिदों को हिन्दुओं को सौंपने की नीति बनाती। लेकिन कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां मुसलमानों की नाराजगी से बचने के लिए हिन्दुओं के वैध दावों को ठुकराती रहीं। मथुरा और वाराणसी में हिन्दुओं के सर्वोच्च आराध्यों के पवित्र मंदिर के बगल में बनी मस्जिद के हिन्दू मंदिर होने की बात पंडित नेहरू से लेकर तमाम नेताओं को ज्ञात थी। लेकिन उन्होंने इस दिशा में सोचने का कष्ट इसलिए नहीं उठाया क्योंकि वे हिन्दुओं की सहनशक्ति को जानते थे। वरना क्या कारण था कि हिन्दुओं की विवाह व्यवस्था संबंधी रीति-रिवाजों को तो उलट-पलट दिया गया किंतु मुस्लिम पर्सनल लॉ को छेड़ने की हिम्मत नहीं हुई। देश का बंटवारा धर्म के नाम पर हमारे नेताओं ने स्वीकार किया था। सर्व धर्म समभाव के भारतीय संस्कारों के कारण भले ही मुस्लिमों की बड़ी आबादी भारत में रह गई और पाकिस्तान के उलट भारत ने अपने को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाया किंतु ये भी उतना ही सही है कि तत्कालीन शासकों ने मुस्लिम तुष्टीकरण के फेर में बहुसंख्यकों की धार्मिक भावनाओं को धक्का पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यदि सरदार पटेल न होते तब बड़ी बात नहीं सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी न हो पाता। अयोध्या का विवाद तो स्वाधीनता के पहले से चला आ रहा था। वास्तव में, देश में एक ऐसी जमात है जो भय और लोभ से भरी हुई है। उसमें कायरता का कीचड़ है। वह ऐतिहासिक यथार्थ और सांस्कृतिक सत्य का सामना करने से कतराती है। समस्या का समाधान सौदेबाजी में तलाशती है और समस्या को टालते जाने को अपनी कुशलता और चतुराई मानती है। इस जमात के भगीरथ हैं राजनेता। ऐसा राजनेता जिनकी सोच और दृष्टि का क्षितिज केवल एक चुनाव से दूसरे चुनाव तक का है। भावी पीढ़ियों, दशाब्दियों और शताब्दियों की बात सोचने का सामर्थ्य उनमें नहीं है। वे हम मर गए तो किसने दुनिया देखी की मानसिकता से पीड़ति हैं। सत्ता लोभ और चुनाव में पराजय के भय से पीड़ति इन लोगों को राष्ट्रीय अस्मिता की अवमानना करने और उसे नकारने में लाज ही नहीं आती। लोभ, भय ओर मौन हो जाने का परिणाम भारत का राष्ट्रीय समाज 75 वर्ष पूर्व भुगत चुका है। राजनीतिक नेतृत्व में भय एवं राष्ट्रीय समाज के मौन से तुष्टिकरण और खुशामद कर जन्म हुआ था। यह इतिहास सिद्ध अनुभव है कि हिन्दुओं का मौन राष्ट्र के विभाजन को जन्म देता है। अल्पसंख्यकों की मुखरता और उनका तुष्टिकरण राष्ट्र के भूगोल को बिगाड़ता और इतिहास का मान भंग करता है। 1991 में केंद्र की नरसिम्हा राव सरकार ने जो कानून बनाया उसके अनुसार 15 अगस्त, 1947 को किसी भी धर्मस्थल की जो स्थिति थी उसे परिवर्तित नहीं किया जाएगा। लेकिन अयोध्या विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने अपना निर्णय इस आधार पर दिया कि बाबरी ढांचा हिन्दुओं के मंदिर को मस्जिद का रूप देकर खड़ा किया गया था। ठीक वही बात ज्ञानवापी के बारे में भी सामने आ रही है। अयोध्या विवाद को सुलझाकर सर्वोच्च न्यायालय ने जो रास्ता खोल दिया वह उन सभी धर्मस्थलों को मुक्त करवाने में सहायक होगा जिनको मुस्लिम शासकों ने बलपूर्वक मस्जिद का रूप दे दिया। मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के बारे में भी ऐसा ही दावा है। ये सब देखते हुए मुस्लिम धर्मगुरुओं को अपने समुदाय के लोगों को समझाना चाहिए कि वे हठधर्मिता के बजाय समझदारी और व्यवहारिकता से काम लें। इसमें दोराय नहीं है कि मुगलों द्वारा पूरे देश में हिन्दुओं के धर्मस्थलों को नष्ट करने का काम बड़े पैमाने पर हुआ। प्राचीन धर्मस्थलों के बारे में जो तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं वे चौंकाने वाले हैं। ज्ञानवापी में हिन्दू पक्ष को पूजा का अधिकार प्रदान करने के न्यायालय के निर्णय के बाद मुस्लिम पक्ष ने इस पर नाराजगी जताई है। मुस्लिम पक्ष ने कहा है कि फैसले के बाद हाई कोर्ट में इस आदेश के खिलाफ अपील की जाएगी। मुस्लिम पक्ष ने इस फैसले को नकार दिया है। इससे पहले मुस्लिम पक्ष ने एएसआई के सर्वे को भी नकार दिया था।

दृष्टि कोण

## पूर्वोत्तर की ओर देखें, राजनीतिक अस्थिरता और भौगोलिक चुनौतियां विकास की राह में रोड़ा

पूर्वोत्तर के राज्य आम जन के मुद्दों में ज्यादा सम्मिलित नहीं रहते हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, परंतु इन्हें आर्थिक विकास में लगातार दूसरे राज्यों के समान प्रोत्साहन मिलना जरूरी है, जो इनका लोकतांत्रिक अधिकार है तथा यह देश के तेजी से आर्थिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। हालांकि पिछले दिनों मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया अंतरिम बजट आने वाले चुनावों की छत्रछाया में बनाया गया बजट नहीं था, कुछ दूरगामी सोच रखे हुए था। फिर भी यह अब अत्यंत अपेक्षित हो गया है कि आने वाली नई सरकार जब अपना पूर्ण वित्तीय बजट पेश करे, तो उसमें इन आठ पूर्वोत्तर राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा पर एक विशेष आर्थिक नीति शामिल हो। ये राज्य भारत की सामरिक संरचना के मद्देनजर बहुत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उनकी वर्तमान वित्तीय स्थिति को देखते हुए आशंका है कि पूर्वी एशिया महाद्वीप के पड़ोसी मुल्क, जिनमें चीन



भी शामिल है, इन राज्यों में परोक्ष रूप से अपनी भागीदारी न बढ़ा लें। इससे भारत के लिए बहुत विपरीत स्थिति पैदा हो सकती है। पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुसार, अन्य दूसरे राज्यों की तुलना में भारत के ये आठ पूर्वोत्तर राज्य अपने आर्थिक विकास के लिए केंद्र सरकार के द्वारा दिए गए वित्तीय कर्ज अथवा केंद्र सरकार से मिलने वाले वित्तीय करों में हिस्सेदारी पर अधिक निर्भर रहते हैं। मिजोरम की अर्थव्यवस्था में 87 फीसदी वित्तीय आय केंद्र सरकार के वित्तीय करों में हिस्सेदारी तथा केंद्र सरकार से प्राप्त विशेष अनुदान से हो रही है। गौरतलब है कि 15वें वित्त आयोग के मुताबिक, पिछले वर्ष में पूर्वोत्तर के इन आठ राज्यों की वित्तीय कर्ज में देनदारी 33 फीसदी से ज्यादा है। असम हालांकि बेहतर स्थिति में है, जहां पर वित्तीय कर्ज जीडीपी का मात्र 25 फीसदी है। मुख्य समस्या इस बात की है कि इन राज्यों में अर्थव्यवस्था की विकास दर तथा उसका जीडीपी बहुत अधिक अस्थिर रहता है। इस कारण राज्यों के वित्तीय करों के स्रोत बहुत कम रह जाते हैं, जिसके चलते इन्हें वित्तीय सहायता हेतु केंद्र सरकार पर बहुत अधिक निर्भर रहना पड़ता है। यहां पर यह समझना भी अत्यंत आवश्यक है कि इन राज्यों में आर्थिक विकास का मुख्य आधार कृषि तथा सेवा क्षेत्र ही है। सेवा क्षेत्र में पर्यटन मुख्य आधार है, लेकिन बुनियादी ढांचों का अच्छी तरह विकसित न होना इस संबंध में एक मुख्य समस्या बन जाता है। मोदी सरकार ने पिछले समय से इन राज्यों के लिए चली आ रही नॉर्थ ईस्ट की नीति को बदलकर एक्ट ईस्ट नीति बनाई, जिसके अंतर्गत वाणिज्य, संस्कृति और संपर्क को मुख्यधारा में रखा गया है। लेकिन इन राज्यों में लंबे समय से राजनीतिक अस्थिरता और भौगोलिक चुनौतियों के कारण आधुनिक औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप पर्याप्त संरचना का विकास नहीं हो पाया है। इन राज्यों के विकास में एक अवरोध निजी निवेश का न होना भी है। एक मुख्य समस्या यह भी है कि इन राज्यों की वित्तीय आय तथा केंद्र से मिले अनुदानों का बहुत बड़ा हिस्सा वेतन, पेंशन तथा वित्तीय कर्जों के ब्याज के भुगतान में चला जाता है, जिसके चलते राज्यों के पास बुनियादी ढांचे को खड़ा करने के लिए वित्तीय उपलब्धता कम रहती है। अब समय आ गया है कि केंद्र में आने वाली नई सरकार आर्थिक नीतियों के तहत इन राज्यों के लिए तीन बातों पर फोकस करे। पहली, इन राज्यों के नागरिकों तथा श्रमिकों में विभिन्न प्रकार के कौशलों का विकास किया जाए, ताकि उन्हें अच्छा रोजगार उपलब्ध हो। दूसरी, इन राज्यों की भौगोलिक संरचना के अनुसार जिन उद्योगों को यहां पर अधिक सफलता मिल सकती है, उनके लिए एक पूर्ण समर्पित आर्थिक नीति बनाई जाए। तीसरी सबसे महत्वपूर्ण बात, कि भारत के युवाओं को अपने स्टार्टअप्स को पूर्वोत्तर के इन राज्यों पर केंद्रित करने चाहिए तथा उच्चतर शिक्षण संस्थाओं (आईआईटी और आईएमएम) में इन राज्यों के विकास के संबंध में विशेष तौर पर उद्यमिता से संबंधित विशेष पाठ्यक्रम संचालित किए जाएं, ताकि युवा अपनी उद्यमिता के सफर के लिए इन राज्यों के प्रति अग्रसर हों।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

### सड़क सुरक्षा माह के तहत वृहद रूप से हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

## जीवन बेहद अनमोल, सावधानी से करें वाहन का उपयोग, ट्रैफिक नियमों का करें पालन : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** संयुक्त परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग झारखंड रांची द्वारा 15 जनवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा मनाए जाने हेतु प्राप्त निर्देश के आलोक में गुरुवार को जिले में वृहद रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रामगढ़ शहर अंतर्गत सुभाष चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसके उपरांत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रभात फेरी निकाली गई। मौके पर उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार के द्वारा सड़क सुरक्षा के तहत सुभाष चौक से गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ तक आयोजित मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वही उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी शीलवन्त कुमार भट्ट सहित जिले के अन्य वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों, बच्चों सहित बड़ी संख्या में जिलेवासियों ने मैराथन में भाग लिया।मैराथन के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन का उपयोग करने वाले लोगों को पुष्प देकर उनसे हेलमेट लगाने एवं अन्य ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की।मैराथन की समाप्ति के उपरांत गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के



सभागार में सड़क सुरक्षा के तहत आयोजित कार्यक्रम का उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि देश में प्रत्येक वर्ष लगभग 3 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवा देते हैं और अगर इसमें घायल होने वालों को जोड़ा जाए तो यह संख्या बेहद बड़ी हो जाएगी। मौके पर उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों से अपने घरों में अपने अभिभावकों के साथ-साथ अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक में हिस्सा लेने वाले युवाओं को पुरस्कृत किया गया वहीं 15 जनवरी से अब तक सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में पेंटिंग प्रतियोगिता में गुरु नानक पब्लिक स्कूल को प्रथम, गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ को द्वितीय, श्री कृष्ण विद्या मंदिर रामगढ़ को तृतीय तथा क्विज प्रतियोगिता में गुरु नानक पब्लिक स्कूल को प्रथम, डीएवी बरकाकाना को द्वितीय एवं राधा गोविंद पब्लिक स्कूल रामगढ़ को तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान कुशल मंच संचालन के लिए समाजसेवी श्री कमल किशोर बागड़िया को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान धन्यवाद ज्ञापन करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, बच्चों, अभिवावकों सहित अन्य सभी का कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान देने के लिए धन्यवाद दिया। वही उन्होंने सभी से सड़क सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की।

## अल्पसंख्यकों को मज़बूत करना हमारी प्राथमिकता : ज़ोया परवीन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग की जिला अध्यक्ष ज़ोया परवीन के निर्देश पर रामगढ़ नगर कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष रितेस दास की अध्यक्षता में गुरुवार को रामगढ़ न्यू बस स्टैंड के समीप बैठक रखी गई। उक्त बैठक में मुख्यतिथि के रूप में ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में कांग्रेस अल्पसंखयक वरीय उपाध्यक्ष बन्नी गांधी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक अख़्तर आजाद, उपाध्यक्ष इजराइल अराफी, वाहिद अली, महासचिव मिकाइल अंसारी, जिला सचिव रुकसाना परवीन, उपस्थित हुई। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन वरिष्ट कांग्रेसी नेता अख्तर आजाद ने किया वही समापन नगर अध्यक्ष रीतेश दास ने किया। मौके पर रामगढ़ कांग्रेस नगर कमिटी अल्पसंख्यक का गठन किया गया। साथ ही नगर कमिटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। मौके पर मौजूद मुख्यतिथि ज़ोया परवीन ने कहा की आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए अपने अपने प्रखण्डों में पंचायत कमिटी और बूथ कमिटी का गठन कर जल्द तैयारियों में जुट जाएँ ताकि हमारे कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और कांग्रेस की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुँचाएँ हमारे नेता राहुल गांधी आज न्याय यात्रा कर रहे हैं अपने देश वंशियों के लिए अपने लोगों के लिये न्याय के लिए तो फिर हम भी आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पूरी मज़बूती के साथ अल्पसंख्यक ज़िला कमिटी कांग्रेस पार्टी को निश्चित रूप से जीत दिलाने और कांग्रेस का परचम लहराने का काम करेंगे आगे उन्होंने कहा अल्पसंख्यकों को मज़बूत करना हमारी प्राथमिकता है इसके साथ ही पार्टी कि मज़बूती के लिये पूरे ज़िले में बैठक कर अल्पसंखूयकों को मज़बूत करने का काम किया जाएगा। मौके पर अल्पसंख्यक रामगढ़ महासचिव रहमान ख़ान, मो आशिक़, उपाध्यक्ष इसराइल असराफ़ी, कोषाध्यक्ष मो अली अंसारी, सचिव मो इलियास, अजमल हुसैन, कार्यकारिणी सदस्य,अमीन उद्दीन,प्रखंड अध्यक्ष रियाज़ उद्दीन, तौफ़ीक़, रब्बानी, शफ़ीक़, माशूक़ अली, अमीनुद्दीन, रियाजुद्दीन, शमीम शैख़, क़ूदूस अंसारी, अभिषेख दास मौजूद थे।



## न्याय यात्रा के दौरान प्रकाश करमाली ने राहुल गांधी से की बात

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली ने भारत छोड़ो नया यात्रा के दौरान राहुल गाँधी को एक आवेदन लिख कर दिया एवं कहा की आप बहुत ही बेहतरीन कार्य कर रहे हैं पूरे हिंदुस्तान के लिए अपितु झारखंड के लिए कुछ मांग भी हैं जो केन्द्र में आपकी सत्ता आने के बाद आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड एवं आदिवासियों हरिजनों व किसानों के बीच हो रहे अत्याचार के ऊपर कड़ी से कड़ी कानून बनाने की मांग किया।



### कोलियरी खदान के निजीकरण व श्रम कानून को खत्म करने के विरोध में

## कोल इंडिया 16 फरवरी को देश व्यापी हड़ताल करेगी : संयुक्त मोर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के सिद्धों-कान्हो चौक स्थित युसीडब्लूयू के क्षेत्रीय कार्यालय में गुरुवार को संयुक्त मोर्चा की बैठक हुई। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता राम नरेश सिंह व संचालन संजय मिश्रा ने किया। वहीं श्रम संगठन के सभी नेताओं ने एक स्वर? में कहा कि भारत सरकार के द्वारा कोल इंडिया में माइन डेवलपर एवं ऑपरेटर (एमडीओ) और रेवेन्यू शेयरिंग के माध्यम से केन्द्र की मोदी सरकार व कोल इंडिया प्रबंधक कोलियरी खदान का निजीकरण और 44श्रम कानून को खत्म करना चाहती है। इसके विरोध में सभी संयुक्त ट्रेड यूनियन 16 फरवरी को देश व्यापी व कोल इंडिया में जोरदार आंदोलन करेगी। वहीं केन्द्र की मोदी सरकार व कोल इंडिया प्रबंधक के द्वारा हमेशा षड्यंत्र कर कोयला मजदूरो पर हमला करती आ रही है। जिसमे संयुक्त श्रम संगठन आंदोलन करते रहेंगे। वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 9 फरवरी को बिरसा परियोजना,10फरवरी को उरीमारी पोंटगा परियोजना एवं 12 फरवरी को भुरकुंडा परियोजना में पीट मीटिंग किया जाएगा और 16 फरवरी को संयुक्त श्रम संगठन के द्वारा बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से बिन्धाचल बेदिया, बासदेव साव, देवेन्द्र सिंह, अशोक गुप्ता, संजय शर्मा, संजय वर्मा,डा जीआर भगत,चमन मुंडा, जेपीएन सिन्हा, सुरेश प्रसाद, जगरनाथ पासवान, इंद्रदेव राम,उदय मालाकार, महादेव मांझी, रामाकांत दूबे, सुशील सिंह, भोला प्रसाद, आजाद भुइयां, लखेन्द्र राय, अशोक राम, गोविंद करमाली, गुरूदयाल ठाकुर, अशीम, शहनवाज, प्रमोद राय आदि लोग मौजूद थे।

### शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने चतरा पहुंचे डीजीपी, आईजी व सीआरपीएफ कमांडेंट

## पुलिस लाईन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहीद दोनों जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो जवानों के शहीद होने के बाद शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी संजय राव लाटकर, आईजी माईकल राज, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, डीआईजी सुनील भास्कर, सीआरपीएफ बोकारो जोन के डीआईजी बृजेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी चतरा के पुलिस लाईन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे। इस मौके पर चतरा एसपी राकेश रंजन व डीसी अबु इमरान के अलावे जिले के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान एक-एक करके सभी पदाधिकारी ने शहीद सिकेन्द्र सिंह व सुकन राम को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर दोनों शहीद जवानों के परिजन मौजूद थे। जहां पर डीजीपी ने शहीदों के परिजनों से मुलाकात किया और परिजनों को सहायता राशि सौंपने के साथ परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान डीजीपी अजय कुमार सिंह ने नक्सलियों को चेताते हुए कहा कि नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में हमारे दो जाबांज जवान शहीद हुए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों जवानों की शहादत को बेकार नहीं जाने दिया जाएगा। पुलिस की टीम के द्वारा इलाके की घेराबंदी कर लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक-एक करके नक्शलियों से बदला लिया जाएगा। गौरतलब है कि अफीम विनिष्टीकरण अभियान में निकली सदर थाना पुलिस की टीम पर सदर थाना और जोरी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके वनभूमि मे लगे अफीम की खेती को नष्ट कर लौटने के क्रम में बैरियों-गम्हारतरी जंगल में पहले घात लगाए बैठे टीएसपीसी के सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझु के दस्ते के साथ मुठभेड़ हूई थी। घटना में दो जवानों के मौके पर शहीद होने के साथ तीन अन्य जवान घायल हो गए थे। दिल में एक जवान की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए एयरलिफ्ट कर रांची जाया गया है?। वहीं दो अन्य जवानो का सदर अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है।


## सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रतिनिधि राकेश झा सहित अन्य नेताओं ने नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रतिनिधि राकेश झा सहित अन्य भाजपा नेताओं ने चतरा में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में शहीद दोनों जवानों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया है और भगवान से आत्मा को शांति प्रदान करने और उनके परिजनों को ईश्वर से इस दुख की घड़ी में दुख सहने की शक्ति प्रदान करने का कामना किया है।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राकेश झा ने कहा कि नक्सलियों का कायराना मंसूबा कभी पूरा नहीं होगा। उन्होंने कहा है कि नक्सली छुपकर पुलिस के जवानों पर वार किया जिससे दो जवान शहीद हुए हैं जबकि तीन अन्य घायल हो गए। उन्होंने नक्सली मुठभेड़ में सभी घायल जवानों का अत्याधुनिक अस्पताल में इलाज कराने का राज्य सरकार से मांग किया है। झारखंड सरकार से शहीदों के परिजनों को अविलंब सरकारी नौकरी एवं सभी प्रकार के मेडिकल और आर्थिक सहायता देने का भी मांग किया है। सांसद सुनील कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है और नक्सलियों के खिलाफ चतरा जिला सहित पूरे प्रदेश में अभियान चलाने की मांग की है।शहीद पुलिस जवानों को सांसद प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, शिव बालक सिंह, जितेंद्र यादव, जितेंद्र पांडे सहित अन्य लोगों ने भी श्रद्धांजलि दी है।

## सांसद ने लोकसभा के शीतकालीन सत्र में झारखंड के चतरा में हुई नक्सली घटना का मामला उठाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सांसद सुनील कुमार सिंह ने झारखंड के चतरा जिले में हुई नक्सली घटना का मामला लोकसभा के शीतकालीन सत्र में उठाया है। उन्होंने लोकसभा के सदन के माध्यम से भारत सरकार से मांग किया है कि चतरा सहित पूरे आसपास के क्षेत्र में हो रहे अफीम की खेती को उन्मूलन करने के लिए बड़े और वृहद स्तर पर अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने सदन के माध्यम से भारत सरकार के गृह मंत्रालय के नारकोटिक विभाग से अफीम खेती उन्मूलन को लेकर बड़े कार्रवाई करने की मांग की है। गौरतलब है कि चतरा जिला के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस के दो जवान शहीद हो गए थे और तीन गंभीर घायल हुए जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सांसद सुनील कुमार सिंह ने पुलिस जवानों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### ट्रांसजेंडर (उभयलिंगी) होना कलंक नहीं पर कार्यशाला का आयोजन

## ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति सहानुभूति व सहयोग की भावना रखें : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीआरडीए प्रशिक्षण भवन हॉल में जिला समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में ''ट्रांसजेंडर (उभयलिंगी) होना कलंक नहीं'' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चतरा ने किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान एवं विशिष्ट अतिथि ट्रांसजेंडर सपना कुमारी, अमरजीत, पीयूष देवगन, आनंदी उपस्थित थे। कार्यशाल का उद्घाटन विधिवत रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि समाज में ट्रांसजेंडर समुदाय को अभी भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है। जो चिंतनीय है। समाज में अभी भी उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने में मशक्कत करनी पड़ रही है। ट्रांसजेंडर समुदाय आम लोगों की भांति ही है। लोगों से ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति सहानुभुति एवं सहयोग की भावना रखने की अपील की। साथ ही उक्त समुदाय के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चतरा ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि आज भी उक्त समुदाय के लिए समाज में भ्रांतिया है। जिसे हम सभी का दायित्व है कि आम जनों के प्रति जागरूकता फैलाते हुए ट्रांसजेंडरों के प्रति समाज में फैले कु-प्रथाओं को दूर करें एवं समाज में उनके प्रति भेदभाव, भय, दुर्भावना को दूर करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं, उनके कौशल विकास कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा समाज के मुख्यधारा पर लाने पर बल दिए जाने की बात कही गई। चतरा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने कहा कि समाज में फैले भ्रांतियों के बीच इनका जन्म लेना और विषम परिस्थिति में अपने आप को पहचान स्थापित करना एक कठिन चुनौती है। उक्त समुदाय के लोग जागरूकता व अशिक्षा के अभाव में अपना बेहतर जीवन यापन नहीं कर पाते है परिणाम स्वरूप गलत रास्ते अपना लेते है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेवारी बनती है कि इन्हें समानता की दृष्टिकोण से आगे बढ़ने में सहयोग करे। कार्यशाला में उपस्थित ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को मोमेंटो व शॉल देकर सम्मानित किया गया।

## राजद का बैठक किसान भवन में सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के किसान भवन में राजद कार्यकर्ताओं का बैठक किया गया। यह बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष गुड्डु आलम के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में क्षेत्र के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोक सभा चुनाव पर चर्चा किया गया साथ हीं पंचायत स्तर के गांव गांव में जाकर कार्यकर्ताओं को राजद में अधिक से अधिक संख्या जोड़ने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर सरजू राणा, बीरेंद्र यादव, जवाहर यादव, मो अख्तर,आनन्द पाठक, मो रफीक, नरेश यादव, मो फारूक, नरेश साहू के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## सैकड़ों बच्चे, धात्री व गर्भवती महिलाएं टीकाकरण से हैं वंचित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के आठ टीकाकरण केंद्र अम्बाखाड़, बानालात,बनवार,बरवाडिह, सिमरा टोला,करबला इटके, इटके-2 व पिपराडिह में पिछले पांच माह से एएनएम नहीं आने के कारण गर्भवती,धात्री महिलाओं व 0 से 5 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण नहीं किया जा रहा है।जिसके कारण केन्द्र में टीका लगवाने वाली गर्भवती महिलाएं व बच्चे बिना टीका लगवाए बीते पांच माह से लगातार वापस लौट रहे हैं। बताते चलें कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा महत्वाकांक्षी योजना चला कर गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को कई गंभीर व लाइलाज बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाता है। ताकि जच्चा बच्चा स्वस्थ्य रहे. आश्चर्य जनक की बात तो यह है की आठ केन्द्रों में विभाग व एएनएम की लापरवाही के कारण सैकड़ों बच्चे और महिलाएं टिकाकरण से वंचित है. उक्त संबंध में बीते 14 जनवरी को अखबार के माध्यम से विभाग को अवगत कराया गया था। जिसके पश्चात संज्ञान में लेते हुए बालुमाथ प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश बडाइक ने उक्त सभी टीकाकरण सत्र में 5 फरवरी को विशेष अभियान का आयोजन कर टीकाकरण करने के लिए केन्द्र वार कर्मी अम्बाखाड़ में एएनएम स्नेहालता सिन्हा, रमेश पांडे, बानालात में कलावती कुमारी, अरूण शर्मा, बनवार में रिंकु कुमारी, रंजीत कुमार बरवाडिह में बसंती कुमारी (जोगियाडिह) गुलान कुरैशी, सिमरा टोला में सोनी कुमारी, करबला इटके रजंती कुमारी अशोक कुमार, इटके-2 में सरिता कुमारी, संदीप कुमार, पीपराडिह में बसंती कुमारी (बारिखाप) विपिन कुमार, एवं संबंधित पोषक क्षेत्र के सहिया साथी को नियुक्त किया गया था।

## गोदावरी कंपनी द्वारा जालसाजी कर भूमि हड़पने के विरुद्ध होन्हे गांव के दर्जनों भू-रैयतों ने उपायुक्त को सौंपा आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा कोयलांचल क्षेत्रों में फर्जीवाड़ा कर रैयती व गैर मजरुआ भूमि हड़पने व भूमि कब्जा करने के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व में फर्जी पेपर पर जालसाजी कर भूमि हड़पने मामले ने कई कंपनियां एजेंसी के सलाखों के पीछे है। कई सीओ सीईओ कर्मचारी भी निलंबित भी हो चुके है। लेकिन भू माफियाओं और सफेदपोश को एजेंसी का कार्रवाई का डर नहीं है। ताज़ा सनसनीखेज मामला प्रखंड क्षेत्र स्थित होन्हे गांव के दर्जनों भू-रैयतों द्वारा गुरुवार को उपायुक्त समेत अन्य अधिकारियों को दिये गये लिखित आवेदन में सामने आया जिसमें प्राइवेट रेलवे साइडिंग के लिए गोदावरी नामक कंपनी द्वारा गुपचुप व फर्जी तरीके से जमीनों का अधिग्रहण करने के आरोप लगाये गये हैं, जिसपर विभागीय कार्रवाई की मांग की है। दिलचस्प तो यह है कि भू-माफियाओं व राजस्व कर्मियों के गठजोड़ से भूमि क़ब्जे होने के कई मामले अबतक सामने आ चुके हैं। वहीं मामले में बताया गया कि न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बावजूद भी कई तथ्यों को छिपाकर जमीन की बिक्री व म्यूटेशन तक कराये गये हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब मंगलवार को गोदावरी नामक कंपनी के कुछ कर्मी अपने मातहतों का सहारा लेकर बगैर रैयतों को जानकारी दिये भूमि मापी करवाने का प्रयास करने लगे। जिसकी भनक रैयतों के लगते हीं पुरजोर विरोध करते हुए भू-रैयतों ने माफियाओं को खदेड़ दिया। हालांकि, फर्जीवाड़ा होने से हतप्रभ व परेशान भू-रैयत अब प्रशासन से न्याय व माफियाओं पर कार्रवाई की गुहार लगा रहे हैं। जानकारी देते हुवे होन्हे निवासी भुक्तभोगी लालकिशुन यादव ने बताया कि खाता 12,19 एवं 32 की भूमि पर न्यायालय में टाइटल सूट केस संख्या 108/2019 विचाराधीन है। फरियादियों में अन्दू गंझू, प्रकाश यादव, सुरेंद्र यादव, त्रिवेणी यादव, विनोद यादव, चुरामन गंझू, प्रभु यादव, मुकेश यादव समेत दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।सूत्रों की मानें तो अंचल में भू-माफियाओं का सिंडिकेट हावी है जिसकी जड़ें काफ़ी गहरी है।

## बारियातू में इंटर व मैट्रिक की परीक्षा कदाचार मुक्त व शान्तिपुर्ण वातावरण में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड में बनाये गए परिक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में मैट्रिक व इंटरमीडिएट के परीक्षा बुधवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू में प्रथम पाली में मैट्रिक के नागपुरी बिषय की परिक्षा में कुल 261 परिक्षार्थीयों में सभी उपस्थित रहे। वहीं दुसरी पाली मे इंटरमिडिएट के बिषय विज्ञान व अंग्रेजी की परिक्षा में कुल 29 मे से सभी 29 परिक्षार्थी उपस्थित रहे। केन्द्राधिक्षक अनिल कुमार कुजुर व दंडाधिकारी आशिस कुमार गुप्ता तथा राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय मे केन्द्राधिक्षक अनिता देवी ने परिक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाए। मौके पर विक्षक अजय बैठा, मिथलेश कुमार मेहता, लालचंद पासवान, सत्येन्द्र राम, इमरेंसिया कुजुर, द्वारिका राम, रामाधार राम, संजीत कुमार, महेंद्र प्रसाद जमुनाधर मिश्र, बाबूलाल कुजुर सहित कई विक्षक का परिक्षा संपन्न कराने में अहम भुमिका रहा।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा से देश में नई उर्जा का संचार हुआ है : राजेश ठाकुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित परिसदन भवन में गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरुआत कि गई है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा से देश में नयी उर्जा का संचार हुआ है जिसका आने वाले लोकसभा में इसका असर दिखेगा। तथा उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी 14 फरवरी को पलामू में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 14 जनवरी को मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत कि थी। जो कई प्रदेश में किया गया। झारखंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा धनबाद से शुरू हुई थी जो गढ़वा पलामू होते हुए 15 फरवरी को बिहार राज्य में प्रवेश करेगी। आगे उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से भाजपा घबरा गयी है।केंद्र सरकार सरकारी संस्थाओं का दुरूपयोग कर रही है। एवं झारखंड के आदिवासी बेटा को जेल भेज कर राज्य की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। जमीन के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है जबकि वह जमीन उनके नाम पर नहीं है यह स्पष्ट हो चुका है जिसका समय आने पर पर्दाफाश किया जायेगा। और ईडी द्वारा वाट्सप चैट को लीक किया जा रहा है जिसकी जांच होनी चाहिए। कि ईडी ने वाट्सप चैट को सार्वजनिक कर सरकार की गोपनीयता भंग की है। मौके पर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, पलामू जिला प्रभारी दीपू सिन्हा, प्रदेश महासचिव सह अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य तौसिक अंसारी, युवा प्रदेश सचिव वेद प्रकाश तिवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, सलाम अंसारी, अमित यादव, मनोज पासवान, साजन कुमार, सुरेंद्र कुमार, रविंद्र प्रसाद, लाडले हसन समेत कई लोग मौजूद थे।

## फाइब्रोस स्विच एंड लाईट लिमिटेड कंपनी के द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला के महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत पोस्ट ऑफिस के समीप शिवान्या समर्थ इंटरप्राइजेज व फाइब्रोस स्वीच इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी के द्वारा दिन बुधवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें स्वीच लाईट से संबंधित जानकारी विक्रेता व ग्राहकों को इससे संबंधित इलेक्ट्रिशियन मिस्त्री को दिया गया। विक्रेताओं को स्विच एंड लाईट के बिक्री को लेकर कई दिशा-निर्देश भी दी गई। मौके पर सुपर स्टॉकिस्ट संजय खंडेलवाल, ए एस एम सोनू केशरी, ने कहा कि आप सभी जो अन्य कम्पनी का प्रोडक्ट इस्तेमाल कर रहे हैं यह अन्य कम्पनी के अपेक्षा अच्छी प्रोडक्ट बनाती है और सभी के घरों में 61 साल से लगाते आ रहे हैं। लोग इससे काफी खुश हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फाइब्रोस विक्रेता, डीलर सतीश कुमार गुप्ता, उपस्थित इरसाद, अमन, विवेक, समीम, मुन्ना, सविर, पवन, अंजर, समेत दर्जनों मिस्त्री गण मौजूद थे।

## मगध परियोजना के चमातू में जल मीनार खराब पेयजल समस्या से जूझ रहे ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध कोल परियोजना के चमातू ग्राम में सीएसआर फंड के 10 लाख 4 हजार 23 रुपये की लागत से बने सोलर जल मीनार का निर्माण कराया गया था निर्माण के दो महीना बाद ही सोलर सिस्टम खराब हो गया तथा लंबे समय से खराब पड़ा हुआ है उसके बाद जल मीनार की और ना तो कोई ठेकेदार देखने के लिए आया ना ही सीसीएल के कोई अधिकारी का ध्यान है जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है । बता दे की चमातू ग्राम में जितने भी जल मीनार लगाया गया है उसमें आधे से अधिक खराब पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि सीसीएल द्वारा लगाया गया जलमीनार एक साल से खराब पड़ा हुआ है लेकिन न कोई जनप्रतिनिधि, न अधिकारी सुध लेने आया। जलमिनार खराब होने की शिकायत हम लोगों ने सीसीएल से कई बार किया लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पीने का पानी एकमात्र साधन जल मीनार ही हैं इसके खराब हो जाने से ग्रामीणों के साथ-साथ रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों के लिए भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुएं का पानी कोयले की धूल से इतना दूषित है की वह कपड़े धोने लायक भी नहीं है मजबूरी में हमलोगों को कुवें का पानी छान कर पीना पड़ता है, जो गर्मी के दिनों में वो भी सुख जाता है जिससे हमलोगों को पानी पीने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने परियोजना पदाधिकारी को आवेदन देकर खराब पड़े जल मीनार को जल्द बनवाने की मांग की है। वही इस सम्बंध में परियोजना पदाधिकारी एस सत्यनारायना से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसको संज्ञान में लेकर जल्द ही ग्रामीणों की समस्या दूर की जाएगी।

## मोटरसाइकिल सवार ने पेड़ में मारी टक्कर, दो घायल, रिम्स रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार पथ पर ओलहे पाट ग्राम के समीप गुरुवार को मोटरसाइकिल सवार राहुल उरांव 18 वर्ष पिता हीरा लाल उरांव एवं अमित उरांव 18 वर्ष पिता विश्वनाथ उरांव दोनों ग्राम कलकालिया थाना बालूमाथ ने एक पेड़ में जाकर टक्कर मार दिया जिससे दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु राँची रिम्स रेफर कर दिया। वही परीजनों ने बताया कि दोनों बालूमाथ से टमाटर बेचकर अपने घर जा रहा था।जहाँ तीखे मोड में असंतुलित होकर एक पेड़ से जा टकराई।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को दुबियाखाड़ मोड़ स्थित राजा मेदिनी राय चौक के समीप बरवाडीह कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को फूलमला और अंगवस्त्र देकर भव्य तरीके से स्वागत किया। जहां इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि कांग्रेस के न्याय यात्रा कार्यक्रम को लेकर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का जिला गढ़वा का दौरा है। इस दौरान गढ़वा जाने के क्रम में दुबियाखाड़ मोड़ पर उनके स्वागत कार्यक्रम के मद्देनजर कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी यूथ कांग्रेस स्टेट कोर्डिनेटर सह पलामू प्रभारी विजय बहादुर सिंह प्रदेश प्रतिनिधि रविन्द्र राम,संतोष कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने दुबियाखाड़ पहुंच कर कांग्रेस जिंदाबाद राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे के साथ गर्मजोशी से प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। वहीं मौके पर अध्यक्ष ठाकुर ने राजा मेदिनी राय के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## युवा समाजसेवी की मौत, शोक की लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ के युवा समाजसेवी सह उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्षिपुर के पारा शिक्षक अमरनाथ लाल 40 वर्ष पिता वसावन लाल की आकस्मिक निधन होने के बाद बालूमाथ में शोक की लहर दौड़ गई। अमरनाथ लाल पिछले कई महीनो से बीमार था। और उनका ईलाज मुंबई के अस्पताल में चल रहा था ।जहाँ इलाज के दौरान उनकी आकस्मिक मौत हो गई।चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह के सहयोग से उनका शव को हवाई जहाज के माध्यम से लाया गया ।जहां गुरुवार को चेताग मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्री व एक पुत्र को छोड़ गए।उनके निधन पर जावेद अख्तर, शैलेश सिंह, रवि सिंह, पप्पू सिन्हा, मोहम्मद याहिया, रघु लाल ,विजय ठाकुर, रंजीत लाल, पवन कुमार, सुबोध कुमार चंदेल, अखिलेश भोगता, लाल देव गंझु, राजू साहू ,गुड्डु साहू, राम दर्शन तिवारी ,जितेंद्र कुमार साहू, समेत कई लोगों ने शोक प्रकट किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### संकुल स्तरीय रसोईया प्रतियोगिता में प्रथम आई फूलवंती देवी

**दारु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय तिऊज पुनाई में संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संकुल क्षेत्र के मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय के रसोईयों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में रसोईयों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस प्रतियोगिता में मोटा अनाज, रागी/ रावा/कोदो आदि के व्यंजन, भोजन का स्वाद, भोजन की तैयारी में किये गए नवाचार, तैयार भोजन की गुणवता, भोजन निर्माण की प्रक्रिया में स्वच्छता एवं सफाई का पालन मानको के आधार पर विजेताओ का चयन किया गया। इस प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय तिउज पुनाई, मध्य विद्यालय देवरिया, प्राथमिक विद्यालय शिलाडीह एवं प्राथमिक विद्यालय कबलाशी ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के जज संकुल साधन सेवी सहदेव प्रसाद प्रसाद ने सभी तय मानको के आधार पर प्रथम मध्य विद्यालय तिउज पुनाई की रसोईआ फूलवंती देवी एवं द्वितीय प्राथमिक विद्यालय कबलासी की राशिदा खातून को चुना गया। मध्य विद्यालय तिउज पुनाई के प्रधानाध्यापक नितिन सिन्हा ने कहा की इस तरह के प्रतियोगिता से रसोईया का हुनर बाहर आता है व इनका मनोबल बढ़ता है। इस मौके पर मध्य विद्यालय तिउज पुनाई के प्रधानाध्यापक नितिन सिन्हा, राकेश आनन्द, रमेश सिंह, वृजनंदन राम, कृपाल राम, रंजना कुमारी, सोनी सिंह आदि मौजूद थे।

### झुमरा साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत झुमरा सप्ताहिक बाजार में दो बाइक की हुवी चोरी जो इस प्रकार से है। 1.मनोज महतो, ग्राम- गाडिसाडम, पंचायत- कबिलासी, ब्लेक मैरून रंग स्प्लेंडर प्लस जिसका गाड़ी नंबर JH02DD5624 है। 2 संदीप प्रसाद, ग्राम- बेदमका, पंचायत- खेरा, प्रखंड-टाटीझरिया जिसका गाड़ी नंबर JH02AY5051है। यह बाजार सप्ताह में एक बार दिन गुरुवार को लगता है। जो कि बहुत ही काफी मात्रा में भीड़ भाड़ रहती है। यह बाजार हरी सब्जियों के लिए जाना माना बाजार है। इस बाजार में अनेकों प्रकार के घरेलू सामान जैसे चम्मच , थाली,गिलास , कुल्हाड़ी यानी बहुत प्रकार के समान उपलब्ध रहती है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के बच्चों ने उठाया पिकनिक का आनंद



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के बच्चों का वनभोज कार्यक्रम किरीगढ़ा दामोदर नदी में संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में स्कूल के कई बच्चे और शिक्षक शामिल हुए।जानकारी के अनुसार यह पिकनिक का कार्यक्रम दो चरणो मे किया गया।पहले चरण मे कक्षा एलकेजी से कक्षा तृतीय तक के कुल 140 बच्चे शामिल हुए।वही दुसरे चरण मे कक्षा चार से बारहवीं तक के 170 बच्चो ने भाग लिया।पिकनिक मे स्कूल के बच्चो बच्चों ने जमकर मस्ती की और एक साथ बैठकर सामूहिक भोज का आनंद उठाया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि इस प्रकार के वनभोज का आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों का एक साथ मिल बैठकर प्राकृतिक की सुंदरता का आनंद लेते हुए खाना पीना और मौज मस्ती करना है।बच्चो को पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन पर भी ध्यान देने की जरूरत है।इस कार्यक्रम मे स्कूल के बच्चो के साथ प्राचार्य राजीव रंजन झा सहित कई शिक्षक भी शामिल हुए।

### सिद्धु-कान्हु युवा खेल क्लब के तहत कार्यकारिणी सदस्यों का हुआ गठन

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिद्धू-कान्हु युवा खेल क्लब के गठन एवं सिद्धु-कान्हू युवा खेल योजना के संचालक हेतु माण्डर प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामों से आम सभा के माध्यम से चयनित सिद्धू-



कान्हु युवा खेल क्लब के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा प्रखण्ड स्तरीय सिद्धू-कान्हु युवा खेल क्लब का चयन गुरुवार को मांडर प्रखंड सभागार में आम सभा के माध्यम से चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुकरा उरांव सचिव उमर उरांव व कोषाध्यक्ष निर्मल एक्का सहित 15 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य का चयन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, प्रखंड कोच हसन अंसारी, शरीफ अंसारी सहित पंचायत से आये हुए कई लोग मौजूद थे।

## प्रांत स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में विजयी बहनों को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर के वन्दना में प्रान्त स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में विजयी बहनों को सम्मानित किया गया। पुरुस्कार वितरण समारोह में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के पदेन सदस्य सह साहू समाज मुखिया सुरेश साहू उपस्थित हुए। प्रतिभा चयन परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली बहन मीठी कुमारी (दशम ब)को चार हजार की नगद राशि प्रदान किया गया। वहीं बहन श्रद्धा कुमारी(सप्तम ब), भूमि निषाद(अष्टम ब), छाया कुमारी(सप्तम ब) को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रत्येक बहन को एक हजार की राशि प्रदान किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रान्त स्तर पर बहन तेजस्वी वात्सल्य(षष्ठ ब) को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया



गया। विद्या विकास समिति द्वारा संचालित झारखंड प्रान्त के विद्यालयों में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही को कक्षा दशम में शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उतीर्णता की प्राप्ती के लिए सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आज अपने उत्थान के पथ पर अग्रसर है, प्रत्येक

## बरही में भागीरथ उतारने की तैयारी में जुटे विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरहीवासियों की जनता को चिर परिचित पेयजल आपूर्ति की मांग वर्षो से रहा है। बरही में पेय जलापूर्ति करीब दस वर्षो से बंद पड़ा है। विधायक उमाशंकर अकेला यादव के अथक प्रयास से बरही में पेय जलापूर्ति पुनरुद्धार का प्रगतिशील कार्यो का गति देने के लिए शुक्रवार को शिलान्यास बरही पीएचडी विभाग परिसर में किया जाएगा। इस बात की जानकारी अपने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के बीच दिया। उन्होंने बताया कि बरही में पेयजल आपूर्ति कार्य वर्षो से कई



कारणों से धीमी गति से चला है। मैं जानता हूं की इस कार्य का शुरुआत मैंने ही किया और सफल मुझे ही करना है। बीच में तथाकथित लोग इस कार्य में बाधा बनने की कोशिश की, लेकिन मेरा हमेशा प्रयास रहा है कि बरही की जनता को मेरे ही कार्यकाल में सप्लाई पानी मुहैया हो जाए। जिसे जलापूर्ति पुनरुद्धार का शिलान्यास कराकर शीघ्र ही बरही की जनता को सप्लाई पानी घर तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

## आर्मी क्लर्क के दशकर्म में शामिल हुए नव झारखंड फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विष्णुगढ़ प्रखंड के सिरय पंचायत के होनहार ,अपने देश के लिए सदैव समर्पित रहने वाले, व्यक्तित्व के धनी आर्मी क्लर्क सुनील कुमार महतो के दस कर्म में नव झारखंड फाउंडेशन संस्था के जिला अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर ने सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। साथ में नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा के सौजन्य से



असहाय गरीब परिवारों के बीच कंबल वितरण किया गया। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे होनहार के असमय चले जाने से पूरे समाज को क्षति हुई है।इस दुःखद समय में पूरे परिवार को ईश्वर हिम्मत प्रदान करे।

## जुगरा गांव में एनटीपीसी द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** जुगरा सामुदायिक भवन अंबेडकर आश्रम में एनटीपीसी के द्वारा स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 156 रोगियों को जांच के उपरांत इलाज किया गया। डॉक्टर के प्रमर्श के आधार पर दवा दी गई। मौसम और स्थिति को देखते हुए पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम के अनुरोध पर सुरक्षा विभाग के एजीएम राजेंद्र प्रसाद के द्वारा चिकित्सा शिविर का कैंप लगाया गया। जिसमें मुख्य रूप से हजारीबाग के डॉ सागर, डॉ



विदुषी, पारा मेडिकल स्टाफ बिरेंद्र कुमार, माला कुमारी, फुलाशो कुमारी, बजरंगी कुमार की उपस्थिति में मरीज का ईलाज किया गया। मौके पर रंजीत कुमार वार्ड सदस्य, तिसवा देवी, प्रदीप राम, अमरजीत रविदास, जानकी रविदास, बिनोद साव, दशरथ रविदास, आनंद कुमार, करण शेखर, प्रेम नाथ, उमेश साव, राजन तुरी, विजय भूईया, भारती देवी, सोनी देवी, सरिता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने पीबीसीएमपी के मुख्य महाप्रबंधक नीरज जलोटा से औपचारिक मुलाकात की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव के नवनियुक्त एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक नीरज जलोटा से औपचारिक मुलाकात की। सीकरी स्थित कार्यालय परिसर में परियोजना प्रमुख ने उनका पौधा देकर स्वागत किया। एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने हाल ही में जिले की सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक माने जाने वाली बड़कागांव के नए एसडीपीओ के रूप में पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद एनटीपीसी के कार्यालय में वे पहली बार पहुंचे जहां एनटीपीसी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बेहतर समन्वय और परस्पर सहयोग के लिए उनसे बातचीत की। एनटीपीसी के द्वारा इस बात कि उम्मीद जतायी गई कि पूर्व की भांति आगे भी परस्पर सहयोग हमें आपके नेतृत्व में पुलिस प्रशासन से मिलता रहे। आपको बता दें कि कुलदीप कुमार बड़कागांव के एसडीपीओ नियुक्त होने से पहले बोकारो नगर के पुलिस उपाधीक्षक, सीडीपीओ खूंटी, सीडीपीओ चैनपुर जैसी जगहों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा से मुलाकात के दौरान एसडीपीओ कुलदीप कुमार के साथ बड़कागांव क्षेत्र के इंस्पेक्टर अनिल कुमार एवं मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना मौजूद थे।

## वन विभाग ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त किया, मामला दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बीती रात बुधवार 8:00 बजे बड़कागांव प्रभारी वनपाल संतु कुमार के नेतृत्व में वन विभाग के द्वारा अवैध कोयला कारोबार के रोकथाम को लेकर छापेमारी की गई। जिसमें अधिसूचित वन क्षेत्र सेहदा तिलैया जंगल में छापामारी के दौरान 3 टन अवैध कोयला लदा एक ट्रैक्टर पकड़ा गया। जप्त ट्रैक्टर को वन विभाग कार्यालय लाया गया है। ट्रैक्टर चालक अवैध कोयला खदान संचालक एवं कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।मामले को लेकर वन विभाग ने बताया कि वन विभाग द्वारा अधिसूचित वन क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार को लेकर निरंतर छापामारी की जा रही है। जो भी व्यक्ति अवैध कोयला उत्खनन कार्य एवं कारोबार में शामिल रहेंगे चिन्हित कर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी।

## जेएसएसएससी सीजीएल प्रश्न पत्र लीक मामले की सीबीआई जाँच हो : संजय मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अब एक महाघोटाला का रूप ले चुका है। इस मामले में जेएसएससी प्रबंधन से लेकर परीक्षा आयोजित कराने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसी की भूमिका संदिग्ध है।28 जनवरी 2024 की आयोजित परीक्षा को पेपर लीक के बाद रद्द किया जाना, आयोग द्वारा यह अधिकारिक तौर पर स्वीकार करना है कि गड़बड़ी हुई है। पेपर लीक के इस मामले में आयोग द्वारा नामकुम थाना में कांड संख्या 45/24 के तहत मामला भी दर्ज कराया गया है। साथ ही छात्रों पर भी नामकुम थाना में कांड संख्या 46/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जो पुरी तरीके से फर्जी




प्राथमिकी है। छात्रों को सुनियोजित तरीके से परेशान करने की साजिश रची गई है।उक्त बातें जेबीकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं बरही विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता ने प्रेस वार्ता कर कही।उन्होंने जेएसएससी के कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कहा कि बार - बार परीक्षा को रद्द किया जाना। पेपर लीक। सीटों की खरीद फरोख्त। सेटिंग, सांठगांठ की खबरों से आयोग की विश्वसनीयता पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा होता है। ऐसे में इस मामले की सीबीआई जाँच अतिआवश्यक है। बिना सीबीआई जाँच के इस मामले में शिक्षा माफियाओं, दोषी पदाधिकारियों के ऊपर कारवाई मुश्किल प्रतीत होती है।

संजय ने आगे कहा कि वर्तमान में जो झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हैं वे पूर्व में झारखंड पुलिस में डीजीपी रह चुके हैं। 12 फरवरी 2023 को ही वे झारखंड डीजीपी के पद से सेवानिवृत हुए हैं।फिलहाल झारखंड पुलिस एसआईटी गठित करके पेपर लीक के इस मामले की जाँच कर रही है। लेकिन छात्रों एवं आम जनों का मानना है कि एक पूर्व के पुलिस व्यवस्था के सबसे उच्च अधिकारी के खिलाफ जाँच करने में एक डीएसपी स्तर के पदाधिकारी को समस्या आ सकती है। ऐसे में

अनुसंधान में निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़ा होगा।

मीडिया के खबरों के अनुसार इस मामले में बड़े शिक्षा माफियाओं, पदाधिकारियों की भूमिका एवं संलिप्तता है। जो जाँच को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।जिस आउट सोर्सिंग एजेंसी को परीक्षा आयोजित कराने की निविदा प्राप्त है। वे कंपनी वाले ताकतवर लोग हैं। वे जाँच की दिशा को मोड़ने की क्षमता रखते हैं।साथ ही कई अन्य ऐसे गोपनीय तथ्य एवं आधार हैं जिसके बुनियाद पर इस मामले की सीबीआई जाँच अत्यंत जरूरी प्रतीत होती है। इस पहलू को लेकर संजय मेहता ने मुख्य सचिव को पत्र भी लिखा है।

## मध्य विद्यालय झरपो में जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के झरपो पंचायत में एक ही परिसर में चल रहे मध्य विद्यालय झरपो और उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 8 फरवरी गुरुवार को हजारीबाग जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता ने निरीक्षण किया। मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र इंदीवर ने कहा कि डीएसई सर सर्व प्रथम मध्याह्न भोजन व्यंजन सूची को देखा भोजन सामग्री की मात्रा की जांच किया बारी बारी से आठवीं कक्षा के दो वर्ग, तथा क्र मे छात्र छात्राओं से मुलाकात किया। छात्र छात्राओं से उच्च शिक्षा ग्रहण कर लक्ष्य जिज्ञासाओ के बारे में पूछ ताछ किया तो बच्चो ने कोई गायक ,डॉक्टर,पत्रकार,इंजीनियर,वैज्ञानिक ,शिक्षक, नेता, मंत्री , वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी,देश सिपाही जैसे कई पद से पदासीन होने की जिज्ञासा प्रकट किया। कक्षा अष्टम के एक छात्रा ने गायक बनने को कहा तो जिला शिक्षा अधीक्षक ने उस छात्रा से कई लोक प्रिय हिंदी गीत गानों को संक्षिप्त बहुत कम समयानुसार सुना तो उन्होंने छात्र की गाने सुन प्रसन्न हो गए। और उस छात्र को आश्वासन देते हुए कहा की आप अपना नाम पता प्रभारी प्रधानाध्यापक को दे । मैं आपको एक बड़ी मंच दूंगा। पुनः विद्यालय कार्यालय में आए तो उन्होंने विद्यालय संबंधी समस्याओं की पूछ ताछ किया उन्हे विद्यालय से सबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया।

## मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह श्रीनिवास अस्पताल व डेंटल कॉलेज ने गुरहेत में लगाया निशुल्क दंत परीक्षण शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के अवसर पर श्रीनिवास अस्पताल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के द्वारा सदर प्रखण्ड स्थित गुरहेत पंचायत भवन में गुरूवार को निशुल्क दंत परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें 68 जरूरतमंदों के मुफ्त दंत परीक्षण के। साथ हीं उन्हे चिकित्सकों द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। जरूरतमंदों को निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ दवाईयां भी दी गई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर के आयोजन एवं संचालन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर में निष्कर्षण एवं स्केलिंग का उपचार भी निःशुल्क किया गया। हज़ारीबाग़ डेंटल कॉलेज के सचिव



डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की देखभाल प्रदान करना है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच रहा है। बुनियादी उपचार से जरूरतमंद लाभान्वित हो रहें हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ निशाद गवली और डॉ मेधा कृष्णन ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। शिविर का आयोजन राम कृष्ण मिशन हजारीबाग द्वारा किया गया था। मौके पर डॉ बिनय, डॉ सौम्या, डॉ सादिया, डॉ मनीषा, डॉ अंजलि, डॉ सौरबी, विभागीय कर्मचारी राजकुमार दास एवं पुष्पा कुमारी ने उपस्थित होकर अपना सरहानीय योगदान दिया।

## मंडेर में कोयले की खोज को लेकर ड्रिलिंग कार्य कर रहे कंपनी का ग्रामीणों ने किया विरोध

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के मंडेर गांव मे ग्रामसभा का आयोजन कर मंडेर कोयला ब्लाक में कोयले की खोज को लेकर साउथ वेस्ट पिनेकल एक्सप्लोरेशन लिमिटेड द्वारा किए जा रहे ड्रिलिंग कार्य का पुरजोर विरोध किया गया।इस ग्राम सभा का नेतृत्व सुष्मिता उरांव ने किया।ग्रामसभा को संबोधित करते हुए सुष्मिता उरांव ने कहा कि कोयले की खोज को लेकर ड्रिलिंग का काम जिस एजेंसी से करवाई जा रही है उक्त एजेंसी द्वारा बिना ग्राम सभा की सहमति लिए मंडेर में किया जा रहा है।इसे लेकर कंपनी के संबंधित अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को प्रलोभन देकर इस कार्य को संपन्न करने का असफल प्रयास किया जा रहा है,जबकि किसी भी ग्राम क्षेत्र में कोयले की खोज को लेकर ड्रिलिंग कर शुरू किए जाने से पूर्व उक्त गांव के ग्राम सभा की सहमति लेना आवश्यक है,लेकिन कंपनी के अधिकारियों द्वारा ग्राम सभा के नियमों को उल्लंघन कर कोयले की खोज को लेकर ड्रिलिंग का कार्य किए जाने का उपस्थित ग्रामीणो द्वारा विरोध प्रदर्शन कर ड्रिलिंग का काम बाधित कर दिया गया है,साथ ही ग्रामीणों द्वारा रैली निकाल कर उक्त कंपनी के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की गई।इस रैली में उक्त गांव के सैकड़ो महिला पुरूष ने कम्पनी के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया।इस मौके पर बालेश्वर



उरांव,अनिल उरांव, कंचन देवी,मंगरू भगत,पन्नू गंझू,अनिता देवी,जगनी देवी, सरिता देवी,सरमनी देवी, तिलक गंझू सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरूष शामिल थे। इधर कोयले की खोज को लेकर मंडेर में डिलिंग कार्य कर रहे संबंधित विभाग के अधिकारी सर्वेयर भागीरथ महतो ने कहा कि मंडेर कोयला ब्लॉक को लेकर ड्रिलिंग कार्य का प्रारंभ किए जाने से संबंधित आदेश की कॉपी हम लोगों के पास उपलब्ध है।ग्रामीण ग्रामसभा में आमंत्रित करते हैं तो हम उनके समक्ष आदेश की कॉपी उपलब्ध करा देंगे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## जियारत हरमैन शरीफ मक्का मदीना के लिए रामगढ़ से 50 लोगों का जत्था हुआ रवाना

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जियारत हरमैन शरीफ मक्का मदीना के लिए जिला रामगढ़ से 50 लोगों का जत्था हुआ रवाना बरकाकाना रेलवे जंक्शन में हजारों हजार की संख्या में लोगों ने जाइरीन का पुरजोर इस्तकबाल किया इस मौके पर मुल्क के अमन के लिए हजरत मौलाना हबीब आलम साहब कारी मुशताक महशर हाफिज वसीम ने दुआएं की इस मुबारक सफर में जनाब हाजी शाहिद साहब अब्दुल हलीम रुस्तम अली मोहम्मद समून हाफिज वसीम मौलाना हबीब साहब कारी मुश्ताक साहब नुर मोहम्मद मुबारक हुसैन हाजी जलालुद्दीन यासीन अब्दुल रऊफ अब्दुल कयूम मजहर आलम इत्यादि 50 लोग रवाना हुए।



## स्वदेशी मेला को लेकर छावनी मैदान में हुआ भूमि पूजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ में स्वदेश जागरण मंच द्वारा गुरुवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत स्वदेशी मेला प्रारंभ होने से पहले छावनी फुटबॉल ग्राउंड में भूमि पूजन किया गया।महामाया मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश पाठक ने जिला संयोजक पंचम चौधरी और संरक्षक प्रोफेसर आलोक कुमार के जजमानी में विधिसम्मत पूजन कराया। मौके पर पूर्णकालिक विकास झा, जिला सहसंयोजक मिथिलेश मंडल विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री गौतम महतो भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## पत्रकारों के साथ हुए भेदभाव के खिलाफ लड़ेगा ऑल इंडिया एससी- एसटी/ काउंसिल

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका पत्रकारों के साथ भेदभाव खबरों के सामने आने के बाद ऑल इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी इंप्लाइज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल ने भी पत्रकारों के साथ कदम से कदम मिलाकर लड़ने की घोषणा कर दी हैं। इसे प्रेस बयान जारी कर काउंसिल के सिरका शाखा सचिव शांता कुमार ने कही हैं। बताया कि अरगड्डा- सिरका के पत्रकार बंधुओ के साथ प्रबंधन द्वारा दोहरा आचरण हमेशा नजर में आता रहता हैं, जिससे भारत के चौथे स्तंभ को लगातार ठेस पहुंच रहा हैं, क्योंकि मीडिया निष्पक्ष रूप से हम सबों के बीच बातें रखने का कार्य करती हैं, इसे पूरे देश की जनता, कामगार जागरूक हो पाते हैं, यदि प्रबंधन पत्रकारों के मांग सीएसआर, वेलफेयर व अन्य योजनाओं के तहत सकारात्मक कदम नहीं बढ़ता हैं, तो काउंसिल आवश्यकता पड़ने पर भारत सरकार के आयोग से मिलकर इन बातों को उठाने का कार्य करेगा। साथ ही आंदोलन को भी मजबूर होगा।



## नव जीएम अरगड्डा निरीक्षण व सफाई निर्देश देने पर दिया साधुवाद

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पर्यावरण मंच (बीएमएस) के झारखंड प्रदेश संयोजक प्रशांत बेलथरिया ने गुरुवार को प्रेस बयान जारी कर अरगड्डा के नव पदस्थापित जीएम एसके झा को साधुवाद और शुभकामनाएं दी हैं। इस संदर्भ में पर्यावरण मंच के प्रतिनिधि प्रशांत बेलथरिया ने बताया कि अरगड्डा डब्ल्यूटीपी में पेयजल से दुर्गंध के बारे में जीएम अरगड्डा और त्रिपक्षीय डीजीएमएस बैठक में पानी समस्याएं रखी गई थी। जिसे जानने के बाद बीते दिन अरगड्डा जीएम एसके झा के द्वारा डब्ल्यूटीपी का निरीक्षण करते हुए पानी टंकी के पानी को हटाकर सफाई करने का निर्देश दिया। साथ ही इसे लेकर आगामी 9 और 10 फरवरी को जल आपूर्ति बंद कर पूर्णता टैंकों को सफाई करने का आदेश जारी किया हैं। इससे क्षेत्र के कॉलोनी वासियों को दुर्गंध युक्त पानी से मुक्ति मिल पाएगी। बताया कि इसके लिए जीएम धन्यवाद और साधुवाद के पात्र हैं।



## लगभग 12000 अयोग्य राशन लाभुकों की हुई पहचान राशन कार्ड से हटेगा नाम

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले में सभी योग्य एवं जरूरतमंद लोगों को राशन कार्ड के लाभ से आच्छादित करने के मद्देनजर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अयोग्य राशन कार्डधारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से लगभग 12000 अयोग्य/मृत/पलायित/विवाहितों की पहचान की गई है जो की अहर्ता ना रखने के बावजूद राशन कार्ड का लाभ ले रहे थे। अयोग्य राशन लाभुकों की सूची रामगढ़ जिला के आधिकारिक वेबसाइट ramgarh.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। वहीं अगर किसी भी व्यक्ति को ऐसा प्रतीत होकि उसकी पहचान गलत तरीके से अयोग्य राशन कार्ड धारी की सूची में प्रकाशित की गयी है अथवा कोई आपत्ति हो तो वे 7 दिनों के अंदर अपने नजदीकी प्रखंड आपूर्ति कार्यालय अथवा जिला स्तर पर जिला आपूर्ति कार्यालय में संपर्क कर अपना आवेदन दे सकते हैं। मामले में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए सभी अयोग्य राशन धारियों से स्वेच्छा से अपना राशन कार्ड सरेंडर करने की अपील की है वहीं उन्होंने कहा है कि जिन व्यक्तियों के द्वारा अयोग्य होने के बावजूद राशन कार्ड सेरेंडर नहीं किया जाता है तो जांच में सामने आने पर उनसे ब्याज समेत अब तक लिए गए लाभ की राशि की वसूली के साथ-साथ प्राथमिक दर्ज कराने सहित अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।



## सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम में कुशल मंच संचालक के लिए कमल बगड़िया को पुरस्कृत किया गया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ में सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत जितने कार्यक्रम संचालित हुए, सुभाष चौक से लेकर गुरु नानक स्कूल की स्टेज तक, इस अवसर पर उपायुक्त चंदन कुमार,जिले के कप्तान एसपी पीयूष पांडे, रामगढ़ एसडीओ एवं अनेक प्रशासन के पदाधिकारियों ने कमल बागड़िया को कुशल मंच संचालक का पुरस्कार दिया गया।


**पूर्व मध्य रेल**

**विद्युत (परिचालन) विभाग, धनबाद से सम्बंधित कार्य हेतु जैम बोली (बिड) की सूचना प्रति**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से जेम के माध्यम से बोली (बिड) आमंत्रित की जाती हैं। **जेम GeM बोली संख्या: GEM/2024/B/4588427, दिनांक 06/02/2024**

**1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि:** धनबाद मंडल के गढ़वा रोड रनिंग रूम की सम्पूर्ण प्रबंधन के साथ क्रू के लिए भोजन बनाना, केयरटेकिंग, साफसफाई और बागवानी, न्यूज पेपर और मैगजीन आपूर्ति, कपड़ो की धुलाई एवं रहने वाले क्रू को सब्सीडाईज्ड भोजन उपलब्ध कराना शामिल है की 03 वर्षों (1095 दिनों) के लिए आउटसोर्सिंग, **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रु. 1,93,81,500.00 **3. अग्रधन राशि:** रु. 2,46,900.00 **4. ई-निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय:** ई-निविदा का बंद होना : 27/02/2024 को 17:00 बजे, ई-निविदा का खुलना: 27/02/2024 को 17:30 बजे **5. वेबसाईट का विवरण:** वेबसाईट **https://gem.gov.in** विशेष: जेम बोली के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

**कृते मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि.)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/02252/डीएचएन/ईओपीएन/टी/23-24/36


*संयुक्त मोर्चा ने सिरका में कोल इंडिया कानून को रद्द कर आचार संहिता लगाने समेत 6 सूत्री मांगों को लेकर किया बैठक*

# सार्वजनिक कंपनी के निजीकरण का होगा विरोध : संयुक्त ट्रेड यूनियन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** संयुक्त मोर्चा के द्वारा गुरुवार को सिरका हाजिरी घर के समीप बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता नागेश्वर महतो व संचालन मुस्तफा खान ने किया। बैठक में 6 सूत्री मांगों को लेकर आगामी 16 फरवरी के भारत बंद हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान कामगारों से किया गया। अवसर पर श्रमिक प्रतिनिधि सुशील कुमार सिन्हा, धनेश्वर तुरी, कमरुद्दीन खान, संतोष सिंह, बिजेंद्र प्रसाद, लक्ष्मी चरण महतो आदि ने अपनी बातें रखी। वक्ताओं ने कहां कि केंद्र सरकार कोयला कामगारों के मजदूर विरोधी नीति बना रही हैं, जिसके खिलाफ गुलबंद होना आवश्यक हैं, आचार संहिता के नाम पर कोल इंडिया कानून को रद्द किया जा रहा है। जिसे वापस लेना चाहिए। मांग किया कि कमर्शियल माईनिंग को वापस लिया जाए, हाई पावर कमेटी के फैसला लागू हो, निजीकरण को बंद किया जाये, श्रम कानून को यथावत लागू करना होगा, सीएमपीएफ का ब्याज दर बढ़ाना जरुरी आदि शामिल हैं । मौके पर मोहम्मद सत्तार, नेपाल महतो, अशोक बेदिया, जगतार सिंह, कृष्णा महतो, भुट्टो मांझी, शाहबाज आलम, विजय कौशिक, दिलीप, घनश्याम महतो, विश्वनाथ मांझी, मनोज कुमार, संतोष कुमार, गोपाल, साधु, राजेश, रामचंद्र ठाकुर, कैलाश गोप, राजेश कुमार, समेत कई कामगार उपस्थित थे।



## उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चक्रवाली के सीआरसी में एम डी एम प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चक्रवाली के सी.आर.सी में गुरूवार को एम.डी.एम प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सी.आर.सी चक्रवाली के अंतर्गत दस विद्यालय आते हैं जिसमे आठ विद्यालय की रसोईयां भाग ली। सभी आठ विद्यालय के रसोइयों ने अपने अपने विद्यालय की रसोई से दाल, चावल, भुंजिया,अंडा करी,पापड़,मडुवा लड्डू,सलाद सब्जी पक्का के प्रदर्शनी के लिए आई थी।सी.आर.सी चक्रवाली के संकुल साधन सेवी विश्वजीत पांडे, देवकुमार महतो ने एम.डी.एम का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया की खाना पोषक युक्त संतुलित भोजन बनाया गया था।संकुल साधन सेवी देवकुमार ने कहा कि इसी प्रकार सभी विद्यालय में पोषण युक्त खाना बना के छात्र छात्राओं को खिलाएं। वहीं उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय के बाल सांसद प्रधानमंत्री अर्पणा कुमारी, स्वस्थ मंत्री अंजली कुमारी, खेल मंत्री सहित कई छात्रों ने भी स्वाद टेस्ट की। बाल सांसद प्रधानमंत्री अर्पणा कुमारी ने कहा कि सी आर सी चक्रावली के आठ विद्यालय के सभी रसोई का भोजन पोषण युक्त संतुलित है। सी आर सी चक्रवाली के अंतर्गत प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यालय के रसोई उत्कर्मित+2 उच्च विद्यालय चक्रवाली,उत्कर्मि उच्च विद्यालय बेटूलकलां,उत्कर्मि मध्य विद्यालय महलीडीह, यू एम एस मगनपुर उर्दू ,पी एस पतरातु, पी एस तारवाटांडिल, पी एस बेटुल खुर्द, यू पी एस बंदरचूवा के रसोई आपने अपने विद्यालय से भोजन पक्का के प्रदर्शनी में भाग ली। मौके पर सभी आठ विद्यालय के प्रतिनिधि शिक्षक शामिल हुए।



## लोकल सेल सिरका में मजदूरों का हाईवे लोडिंग का पैसा हड़प्पा जा रहा : समसूद खान

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के लोकल सेल सिरका के सवालों को लेकर बुधबाजार सिरका में बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता कांग्रेस जिला महासचिव समसूद खान ने किया। बैठक में घोषणा की गई की बीते पांच सूत्री मांगों पर प्रशासन द्वारा चुप्पी साध लेने के बाद कभी भी सिरका लोकल सेल में चक्का जाम आंदोलन आरंभ कर दिया जाएगा। इसके लिए तैयारी जोरों पर जारी हैं। अवसर पर कांग्रेस नेता समसूद खान ने कहां कि लोकल सेल सिरका में हाईवे लोडिंग के लिए लगाई जा रही हैं, जिसके एवज में प्रतिटन 100 रुपये के हिसाब से लिया जा रहा हैं, जिसे सिरका सेल संचालन समिति के धांधली के अनुसार हड़प्पा जा रहा हैं। इस प्रकार के गड़बड़ी, घोटाले को चलने नहीं दिया जाएगा। इसके विरुद्ध आंदोलन पुनः जारी होगा। मौके पर दर्जनों युवा व कांग्रेस सदस्य उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय, लोहरदगा**

**INDIAN AIR FORCE : (INTAKE 01/2025)**

**सूचना**

भारतीय वायुसेना ने अग्निवीरवायु 01/2025 में भर्त्ती की तारीख की घोषणा कर दी है। भर्त्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 06 फरवरी 2024 से बढ़ाकर 11 फरवरी 2024 को रात 11 बजे तक कर दी गई है।

भर्त्ती से संबंधित नोटिफिकेशन आधिकारिक वेबसाइट **https://agnipathvayu.cdac.in** पर रिलीज़ किया गया है।

2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 तक (दोनों तिथि को लेकर) जन्मे उम्मीदवार भारतीय वायु सेना के अग्निवीरवायु भर्त्ती 01/2025 के लिए आवेदन कर सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 318288 (Lohardaga)23-24*D



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (4th Call)**

**PR No. -309843** **dated 25.10.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- **302/2023-24** दिनांक :- 07.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-KHU-05 /2023-24 | मुरहू | 1 | L041 घनसांरा से टेंगरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –3.870 कि०मी०) | 1313.847 | तेरह करोड़ तेरह लाख चौरासी हजार सात सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | मुरहू | 2 | L043 दुदरी से तुम्बुकेल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –1.117 कि०मी०) | | | |
| | | मुरहू | 3 | ओएबुरा से ईटकेडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –5.800 कि०मी०) | | | |
| | | मुरहू | 4 | एटकेडीह तजना नदी से जेउरी भाया कुदा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –2.800 कि०मी०) | | | |
| | | मुरहू | 5 | L046 बाला से घघारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –3.430 कि०मी०) | | | |
| | | मुरहू | 6 | L047 ओस्केया से गनगीरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –3.559 कि०मी०) | | | |
| | | मुरहू | 7 | सिरका सिमाना मुख्य सड़क से कोजरंग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –2.770 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–**09.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **15.02.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**16.02.2024** .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 318237 Rural Work Department(23-24)#D


# राधा गोविंद विश्वविद्यालय द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक वनभोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक वनभोज कार्यकम का आयोजन किया गया। शैक्षणिक वनभोज गेतलसूत डैम रांची में सम्पन्न हुआ।इस वनभोज कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सभी प्रशिक्षुओं ने भाग लियाद्यइस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं ने गेतलसूट डैम का प्राकृतिक सुंदरता का दर्शन किएद्य इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट भोजन का भी लुफ्त उठाए।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विधार्थियो के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल भी उपस्थित हुए और उन्होंने बताया की शैक्षणिक वनभोज कार्यक्रम से विद्यार्थी को स्वयं कार्य करने हेतु प्रेरित किया जाता हैंद्य ताकि वे परिश्रम एवं अनुशासन के महत्व को समझ सके। राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव सुश्री प्रियंका कुमारी ने कहा की इस प्रकार के आयोजन से विधार्थियो में आत्मविश्वास ,अनुशासन एवं उत्साह की भावना विकसित होती है।शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अंजूद्व तिवारी ने सभी शिक्षकों के सहयोग की सराहना की तथा कार्यक्रम सफलता की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग के व्याख्याता डॉ राकेश रंजन एवं डॉ अरविंद कुमार के नेतृत्व में किया गया साथ ही शिक्षा विभाग व्याख्यातगणडॉ.रंजना पांडे, डॉ. आशा प्रकाश, डॉ करलूस टोप्पो, डॉ. अमरेश पांडे, डॉ. उमेश चंद्र महतो , डॉ.अनामिका कुमारी ,डॉ. अनुराधा लकड़ा,उषा किरण श्रीवास्तव, अर्चना राणा ,राहुल चंद्र मंडल ,अनिल कुमार केशरी एवं बुद्धदेव महतो के देख-रेख में सम्पन्न हुआ।सफल कार्यक्रम पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि एवं प्रबंध समिति के कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार ने कार्यक्रम की सराहना की और हार्दिक बधाई दी।




# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा माह मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा माह को मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि डीसी चंदन कुमार, डीटीओ मनीषा वत्स, डीएफओ नीतीश कुमार, एसपी पीयूष पांडे, चीफ गेस्ट चंदन कुमार डीसी रामगढ़ से सम्मिलित रहे। सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर विद्यालय में चित्रांकन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि को सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा और सरदार परमिंदर सिंह जस्सल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया । सर्वप्रथम विद्यालय के ऑडिटोरियम में नुक्कड़ नाटक स्थानीय कलाकारों के द्वारा हुआ हुआ। बच्चों ने स्वागत गान के साथ प्रेरित नृत्य भी किया तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया कि लोगों को सड़क सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। प्रतियोगिता परीक्षा में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल,डी.ए.वी पब्लिक स्कूल बरकाकाना, डी.ए.वी पब्लिक स्कूल पतरातु, राधा गोविंद पब्लिक स्कूल, श्री कृष्ण विद्या मंदिर तथा गांधी स्मारक +2 उच्च विद्यालय सम्मिलित हुए जिसमें चित्रांकन प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल ने प्रथम पुरस्कार जीता। नृत्य, संगीत तथा बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के लिए उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थें।




**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय**
**नगर पंचायत कोडरमा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 09/2023–24**
**दिनांक – 08.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कोडरमा |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 12.02.2024 से 17.02.2024 तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 20.02.2024, 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | निविदा खोलन का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा, दिनांक 21.02.2024 को अपराह्न 01:00 बजे से |

5. कार्य का विवरणी निम्न प्रकार है –
सडक परिवहन मद

| क0सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09 | दारूका एवं भावानन्द (सहारा इंडिया) के घर से NH-31 रोड तक पेबर ब्लॉक पथ निर्माण कार्य। | 294410.00 | 6000.00 | 1000.00 | 02 माह |
| 2 | 15 | दिलीप सिंह के घर से प्रमोद सिंह के घर तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 705500.00 | 14150.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 3 | 12 | मरियमपुर तालाब के पास सडक पर पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण कार्य। | 331000.00 | 6650.00 | 1000.00 | 02 माह |
| 4 | 12 | एन0एच0–31 सडक से फरेन्दा चर्च होते हुए हृदय सिंह के घर तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 953000.00 | 19100.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 5 | 11 | बडकीबागी चौक से राजु यादव के घर तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 629600.00 | 12600.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 6 | 06 | सरफराज के घर के पिछे से रविदास टोला आंगनबाडी केन्द्र तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 888800.00 | 17800.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 7 | 12 | जॉन सोरेन के घर से नगर पंचायत कोडरमा के सिमांकन तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 649800.00 | 13000.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 8 | 02 | अर्जुन बाबु के घर से मथुरा यादव के घर तक पी0सी0सी0 सडक तथा महेश यादव के घर से लेकर रामप्रसाद यादव के घर तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण। | 517500.00 | 10400.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 9 | 13 | राजेन्द्र पंडित के घ से धनुक पंडित के घर तक पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 99397.00 | 2000.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 10 | 01 | Vertical-III Block-A के सामने गार्डवाल का निर्माण कार्य। | 743100.00 | 14900.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 11 | 14 | अरविन्द सिंह के बाउन्ड्री से सुदामा चन्द्रवंशी के तथा राम सेवक के घर होते हुए पप्पु पंडित के जमीन तक पी0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 547500.00 | 11000.00 | 5000.00 | 02 माह |
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | |
| 12 | 10 | गणेश वर्णवाल के घर से दुधीमाटी मेन रोड के नाली तक ढक्कन सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 570600.00 | 11500.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 13 | 08 | NH-31 बुलू पान दुकान चौक के पास सौंदर्यीकरण कार्य। | 187800.00 | 3800.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 14 | 01 | बहुउदेशिय भवन के सामने निर्मित दुकान के आगे पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 525066.00 | 10600.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 15 | 14 | सुधा स्वीट के सामने निर्मित मार्केट कॉम्प्लेक्स के सामने पेबर ब्लॉक बिछाने एवं गेट लगाने का कार्य। | 274678.00 | 5500.00 | 1000.00 | 02 माह |
| 16 | 07 | राजेन्द्र गुप्ता के घर के सामने आर0सी0सी0 नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य। | 442300.00 | 9000.00 | 1000.00 | 02 माह |
| 17 | 12 | सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के सामने पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 311453.00 | 6300.00 | 1000.00 | 02 माह |
| 18 | 01 | D.T.O ऑफिस के सामने पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य । | 927348.00 | 18600.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 19 | 14 | अम्बेडकर चौक में निर्मित मुर्ति एवं गॉधी चौक में निर्मित मुर्ति के उपर शेड निर्माण कार्य। | 343200.00 | 6900.00 | 1000.00 | 02 माह |
| 20 | 01 | अनुमण्डल पदाधिकारी कार्यालय के सामने गड्ढे की भराई एवं आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 425200.00 | 8600.00 | 1000.00 | 02 माह |
| 21 | 01 | (A) चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगन में पेबर ब्लॉक बिछाने के कार्य (B) छोटे लाल के घर के सामने आर0सी0सी0 कल्भट निर्माण कार्य। | 700200.00 | 14100.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 22 | 01 | D.C आवास के पीछे खाली पड़ी जमीन की साफ–सफाई कार्य। | 200100.00 | 4100.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 23 | 01 | दुर्गा मण्डप फोरेस्ट कॉलोनी के प्रागण में पेबर ब्लॉक का निर्माण कार्य। | 504050.00 | 10100.00 | 5000.00 | 02 माह |

नोट :– नियम व शर्त कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 318252 Urban Development(23-24).D

# शादी के लिए लड़की देखने जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमुआ थाना क्षेत्र के परमाणिडीह के रहने वाले सनीचर पंडित के 27 वर्षीय बेटे पिंकु कुमार पंडित की सड़क दुर्घटना मे मौत हो गया, बताया जा रहा है कि पिंकु पंडित और इनके रिस्तेदार इंदर्देव पंडित दोनों मिलकर कल क़रीब 2 बजे दोपहर मे मोटरसाइकिल से रिश्ता देखने के लिए विराजपुर जा रहे थे, रास्ते मे जा कर वापस आने के कर्म मे भरकट्टा ओपी क्षेत्र के चौंगाखार मे तेज रफ़्तार से आ रही हाइवा वाहन की चपेट मे आ जाने से ये दोनों लोग बुरी तरह से घायल हो गए जिसके बाद परिजनों तथा पुलिस को घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्र की पुलिस और बीडीओ दोनों पहुँचा, जिसके बाद दोनों को उठा पुठा कर वहाँ के निजी स्वस्थ केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफेर कर दिया लेकिन पिंकु कुमार पंडित की रास्ते मे ही मौत हो गई जिसके बाद उनके शव को थाना ले गया जिसके बाद गुरूवार उनके सव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया गया। इधर पुलिस ने हायवा गाड़ी को पकड़ लिया है,और आगे की कार्यवाही में जुट गई है, परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

# गावां के नदियों से बालू की हो रही अवैध तस्करी, प्रशासन बना मुकदर्शक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के गावां प्रखंड़ में एक भी बालू घाटों की नीलामी नहीं हुई है। लेकिन गावां सकरी नदी, पछ्यारीडीह नदी, पथलडिहा नदी, धनैता नदी से बालू तस्करी बदस्तूर जारी है।अवैध बालू की तस्करी के खिलाफ पुलिस प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से बालू माफियाओं का मनोबल काफी बढ़ गया है। लिहाजा धंधेबाज अब दिनदहाड़े बालू तस्करी करने लगे हैं। युक्त नदियों से सुबह पांच बजे से ही बालू तस्करी का खेल शुरू हो जाता है। जहां धंधेबाज दिन भर मजदूरों से नदी में ट्रैक्टरों में बालू लोड कर उसकी तस्करी करते हैं।

गावां सकरी नदी की स्थिति ये है कि यहां पांच बजे सुबह से बालू कारोबारियों के ट्रैक्टर गड़गड़ाने लगता है।

सकरी नदी में बालू कारोबारियों के दर्जनों ट्रैक्टर सुबह से ही बालू उठाव करना शुरु करता है, जो पूरे दिन बालू उठाव की सिलसिला जारी रहता है.बालू माफियाओं की करतूत के कारण गावां सकरी नदी में कई जगह बड़े-बड़े गढ़े हो गए, जो बरसात के दिनों में जानमाल की नुकसान पहुंचा सकता है।

बालू कारोबारी दिन में अपने मजदूरों से नदी में बालू ट्रैक्टर से उठाव करके ऊंची कीमत पर गावां, गुमगी, तिसरी, धनवार, ढाब समेत कई अन्य क्षेत्रों में सप्लाई करते हैं। सकरी नदी से बालू कारोबारियों के द्वारा लगातार बालू उठाव किए जाने से नदी का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

**धंधेबाजों पर कार्रवाई के लिए गठित होगी टीम : सीओ**

गावां सीओ अविनाश रंजन ने कहा कि धंधेबाज बालू उठाव करना छोड़ दें, नहीं तो कठोर कानूनी कार्रवाई कि जाएगी। कहा कि जल्द ही टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया जायेगा।

छेड़खानी का केस उठाने को लेकर युवती के साथ मारपीट

# पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह माझी बस्ती के रहने वाली क्रिस्चन युवती मौसमी एलायंस ने पड़ोस के रहने वाले लॉटरी बेचने वाले मुन्ना सिंह एवं उसके परिजनों पर मारपीट कर घर में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप लगते हुए थाना में शिकायत दर्ज किया है। पुलिस पर करवाई नही करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से मिल कर जोड़ापोखर पुलिस के खिलाफ शिकायत किया है। युवती एलयन्स ने कहा है कि पूर्व में मुन्ना के खिलाफ वर्ष 2021 में छेड़खानी का केस दर्ज की है। केस उठाने के लिए 31 जनवरी को घर में घुसकर मारपीट किया है। उसके सहयोगी मुराद अंसारी, निखत परवीन मिल कर मेरी बहन प्रियंका को भी पिटाई कर दी गई। जब बीच बचाव करने पहुंची तो मुराद द्वारा अपने परिवार के सदस्यों के उकसाने पर छेड़छाड़ कर घर से उठा लेने की धमकी दी गई है। घटना की शिकायत थाना में करने पर कोई करवाई नही किया गया है। मुन्ना लॉटरी बेचता है। जिसके बदले में पुलिस को मोटी रकम देता है। पुलिस द्वारा करवाई नही करने पर पड़ एसएसपी को लिखित शिकायत दर्ज किया गया है।

# डीएवी में बारहवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयला नगर स्थित डीएवी सीनियर सेकेण्डरी पब्लिक स्कूल के बहुद्देश्यीय सभागार में सत्र 2023-24 के बारहवीं के विद्यार्थियों के लिये विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि बीसीसीएल के महाप्रबंधक विद्युत साहा, विशिष्ट अतिथि इंद्राणी साहा तथा करुणा श्रीवास्तव थीं। इस अवसर पर वैदिक मन्त्रोंच्चारण के साथ हवन का आयोजन भी किया गया। तत्पश्चात 11वीं के छात्रों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। विदा हो रहे विद्यार्थियों ने अपने-अपने अनुभवों को साझा कर वातावरण को भावुक बना दिया। विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एन एन श्रीवास्तव ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से चयन कर मिस डीएवी का खिताब कशिश श्रीवास्तव तथा मिस डीएवी उपविजेता श्रावणी को तो मिस्टर डीएवी का ख़िताब साकेत को दिया तो मिस्टर डीएवी उपविजेता सार्थक को दिया दिया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक शरद श्रीवास्तव, अनिल कुमार एस के दिन बंधु एसके घोष अरूप चक्रवर्ती आशीष चौबे डीके सिंहां पवन पांडे विश्वजीत मंडल, आरके श्रीवास्तव, मनीष कुमार, सुदीप चक्रवर्ती, रश्मि गांगुली, रोजी झा, देवाशीष दत्ता, आर आर प्रसाद, पपिया चटर्जी, मौसमी दास, नमिता पांडा, बीके सिंह, सुनीता ठाकरे, अनिकेश कुमार, संजय कुमार आदि उपस्थित थे। विद्यालय के छात्र श्रेष्ठ श्रुति मित्र, मानसी कुमारी, प्रियम कुमारी तथा हर्षिता ने मंच का संचालन किया।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन का 'दस्तक' अभियान के तहत सेनिटरी पैड का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**हाजीपुर :** केन्द्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नई दिल्ली की 'दस्तक' योजना के तहत पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने अध्यक्षा रेखा खंडेलवाल के नेतृत्व में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज दिनांक 08.02.2024 को सब्जीबाग एवं यादव कॉलोनी/दीघा, पटना में रहने वाली कमजोर वर्ग की महिलाओं एवं लड़कियों के बीच सेनिटरी पैड का वितरण किया गया।

पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा रेखा खंडेलवाल द्वारा महिलाओं को सेनिटरी पैड के उपयोग एवं स्वच्छता की महत्ता के बारे में जरूरी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर संगठन की सचिव एवं कार्यकारिणी की सदस्याएं उपस्थित थीं। ज्ञातव्य हो कि केन्द्रीय महिला कल्याण संगठन, रेलवे बोर्ड द्वारा कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए पर्यावरण के अनुकूल कम मूल्य के सैनेटरी पैड के वितरण हेतु लाभ-हानि रहित मूल्य पर सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने के उदेष्य से 'दस्तक' योजना बनायी गयी है, जो कि काफी लोकप्रिय है।

# गिरिडीह बाईपास रोड को मिली स्वीकृति, 24 किमी लंबा होगा सड़क

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह में बायपास रोड बनने का रास्ता साफ हो गया है।वही गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बायपास रोड की स्वीकृति की जानकारी बुधवार को केन्द्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मिलने के बाद दी। कहा कि स्वीकृति के बाद बायपास बनने का



हर तरह के अड़चने समाप्त हो गई है।इस सड़क पर 440 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बायपास रोड के निर्माण से गिरिडीह शहर पर ट्रैफिक का बोझ कम हो जाएगा। बताया जा रहा है कि गिरिडीह-धनबाद रोड स्थित चतरो से बेंगाबाद तक 26 से 30 गांव होकर यह बायपास रोड गुजरने वाला है। 440 करोड़ की लागत से यह सड़क 24 किलोमीटर लंबी बनेगी। अभी बायपास रोड नहीं रहने से बाहर से आनेवाली सभी गाड़ियों को शहर से होकर गुजरना पड़ता है।

# फाइलेरिया उन्मूलन के तहत चिल्ड्रेन गार्डन पब्लिक स्कूल ने चलाया जागरुकता अभियान



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड क्षेत्र के पलौंजिया में स्थित चिल्ड्रेन गार्डेन पब्लिक स्कूल परिसर में गुरुवार को फाइलेरिया जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य प्रशिक्षक लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, निदेशक प्रकाश कुमार वर्मा, प्राचार्य नीरज कुमार, बबलू कुमार,सुनील कुमार,मंटू कुमार,गंगा तिवारी,वर्षा कुमारी,सीमा कुमारी,मोहन कुमार,रंजन कुमार रविकांत कुमार,रोशन खातून समेत दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। इस बीच जागरूकता अभियान में श्री मौर्य ने बच्चों को डीईसी और अल्बेंडाजोल दवाई खाने तथा फाइलेरिया भगाने का आग्रह किया । वहीं निदेशक रंजन कुमार ने बच्चों को जन-जन तक यह संदेश पहुंचाकर लोगों जागरूक करने को कहा । प्राचार्य नीरज कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि फाइलेरिया को जड़ से मिटाना है स्वच्छता को अपनाना है इस दौरान सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

# विवादित जमीन पर निर्माण कार्य को लेकर हुई मारपीट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखंड अंतर्गत मोतिलेदा पंचायत के केन्दुआगढा गांव की घटना है जहा जमीन विवाद को लेकर देवर ने भाभी को बुरी तरह पिटा जिसका वीडियो वायरल भी हो चुका है। पीड़ित महिला का पति प्रवासी मजदूर है और वर्तमान मे दूसरे राज्य मे है। जानकारी अनुसार महिला का देवर रामदेव वर्मा विवादित जमीन पर निर्माण कार्य कर रहा था इसी बीच पीड़ित महिला मना करने गई थी। महिला के मना करते ही उसके देवर ने लाठी से हमला कर दिया। महिला को अंदाजा भी नहीं था कि इस तरह की घटना हो सकती हैं और वो खुद का बचाव तक नहीं पाई इसी का फायदा उठा कर रामदेव ने पीड़िता को काफी पीट दिया इस दौरान बीच बचाव में आई पीड़िता की बेटी को भी मारा गया वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि यह मार पीट एक तरफ से हो रही है और पीड़ित के बच्चे चिल्ला रहे हैं इस हमले मे महिला बुरी तरह से ज़ख्मी हो गई है । आज हमारे क्षेत्र के काफी लोग प्रवासी मजदूर है जो अपने घर परिवार को छोड़ दूसरे राज्यों में रहते हैं ऐसे में एक बड़ा सवाल है कि क्या महिलाए अपने घर में भी सुरक्षित नहीं है।

वही इस मामले को लेकर महिला बेंगाबाद थाना गई और अपनी व्यथा बताते हुए इन्साफ की गुहार लगाई प्रशासन जांच कर रही है।

वही मामले को लेकर बेंगाबाद प्रखंड कुशवाहा संघ अध्यक्ष पवन वर्मा ने घटना को लेकर दुःख व्यक्त किया और इसे शर्मनाक बताया। वही पंचायत के उप मुखिया कृष्णा वर्मा ने कहा कि किसी भी महिला पर हाथ उठाना गलत है इस तरह की घटना का हम निंदा करते हैं। महिला द्वारा थाना में दिए आवेदन मे क्या कहा गया इसकी जानकारी नहीं मिल पाया लेकिन सवाल है कि इस पर आज के समाज और सामाजिक संगठन खामोश क्यों है।


## कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

**फ्राई कैचिंग नेट आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 219 दिनांक 05.02.2024 के आलोक में फ्राई कैचिंग नेट आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य योजना के अन्तर्गत निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट की आपूर्ति किया जाना है। इस प्रयोजनार्थ जाल आपूर्तिकर्त्ताओं से जिला के वेबसाइट में दी गई आवश्यक शर्त्तों के अधीन अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक जाल आपूर्तिकर्त्ताओं से जाल आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 16.02.2024 को अपराहन् 02:00 बजे दिन तक जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में स्वीकार किया जायेगा। निविदा हेतु परिमाण विपत्र कार्यालय से क्रय कर उसी परिमाण विपत्र में निविदा/दर स्वीकार किया जाएगा। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्त्ते जिला कोडरमा के NIC Website- https://koderma.nic.in/ एवं जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा निष्पादन की तिथि एवं स्थान बाद में सूचित की जायेगी।

1. फ्राई कैचिंग नेट का अधिकतम स्वीकृत राशि मो0– 2,000/– रूपये मात्र प्रति निबंधित मत्स्य बीज उत्पादक के अंतर्गत होगा।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य :– मो0 1,500.00 (एक हजार पाँच सौ रूपये) मात्र
3. परिमाण विपत्र क्रय करने की तिथि :– दिनांक 12.02.2024 से 15.02.2024 (कार्यालय कार्य अवधि में)

PR.NO.318343 Fish(23-24):D

जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा।



## Office of Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag

**Very Short Tender e- Procurement Notice**

(1st Call)

Tender reference:- DWSD/HZB/DMFT_C_TOILET/17/2023-24 (1st Call) Date :- 08.02.2024

| Sl. No | Particulars | Details | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Construction of Solar Motor based water supply arrangement in Community toilet including construction of DT (125mm x 115 mm dia x 60 Mtr. deep) with 125 mm blue casing pipe including installation of India Mark-II Hand Pump with PCC (1:2:4) circular platform and drain at Community toilet at different block i.e. Churchu, Barkagaon, Tatijhariya, Bishnugarh, Padma, Katkamdag, Keredari & Dari in the District of Hazaribagh under D.W.& S. Division, Hazaribagh for the year 2023-24 on "TURN KEY BASIS". [HEAD-DMFT] | | | | | | |
| | | Block | Group | No. of Sch. | Estimated Cost (in Rs.) | E. M. Required (in Rs.) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
| | | (a) Churchu | Toilet_01 | 05 Nos. | 13,48,531/- | 28,000/- | 2,500/- | 60 Days |
| | | (a) Barkagaon (b) Tatijhariya (c) Bishnugarh | Toilet_02 | 04 Nos. | 10,78,825/- | 22,000/- | 2,500/- | 60 Days |
| | | (a) Padma (b) Katkamdag | Toilet_03 | 04 Nos. | 10,78,825/- | 22,000/- | 2,500/- | 60 Days |
| | | (a) Keredari | Toilet_04 | 04 Nos. | 10,78,825/- | 22,000/- | 2,500/- | 60 Days |
| | | (a) Dari | Toilet_05 | 04 Nos. | 10,78,825/- | 22,000/- | 2,500/- | 60 Days |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि:– | 12.02.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक | | | | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय:– | 19.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिं0–03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:– | 19.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | | | | |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय:– | 20.02.2024 समय 02.00 बजे अपराहन् | | | | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान:– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग। | | | | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम:– | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग। | | | | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0:– | 06546-262291 | | | | | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0:– | 0651-2480345 | | | | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग।

PR 318354 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)



## कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, रॉची।

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 88/23–24.**

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि :– दिनांक 16/02/2024 तक (2.00 बजे अपराहन तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 17/02/2024 को 2.00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 17/02/2024 को 3.00 बजे अपराहन में।
6. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल राँची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चक्रधरपुर, एस0 डी0 ओ0 कार्यालया परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 9,16,743=00 | 1250=00 | 19,000=00 | 14 दिन |
| 2. | चकहरी रोड, रॉची स्थित डिस्ट्रीक्ट एजूकेशन कार्यालय परिसर में सुरक्षा लाईट एवं गेट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 7,38,603=00 | 1250=00 | 15,000=00 | 14 दिन |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।

PR 318293 (Energy) 23-24 (D)



## कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार,रांची

**|| आम सूचना ||**

पत्रांक.............................. राँची/दिनांक–..............................

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है कि अंकेक्षण दल द्वारा आपके राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराए जाने पर आपत्ति की गई है, जिसकी सूची निम्नवत है–

नेशनल परमिट की सूची:–

| S. No. | VEHICLE NO. | DUE AMOUNT | S. No. | VEHICLE NO. | VALIDITY PERIOD |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01AA5501 | 16-07-2021 | 51 | JH01AR6461 | 29-05-2019 |
| 2 | JH01AB0712 | 28-08-2021 | 52 | JH01AS6542 | 26-06-2018 |
| 3 | JH01AB0924 | 06-01-2019 | 53 | JH01AT2910 | 01-12-2018 |
| 4 | JH01AB2275 | 25-09-2020 | 54 | JH01AT4919 | 16-07-2021 |
| 5 | JH01AB2655 | 05-11-2018 | 55 | JH01AT6559 | 26-07-2019 |
| 6 | JH01AB3368 | 12-11-2018 | 56 | JH01AT7121 | 28-01-2022 |
| 7 | JH01AB4692 | 07-12-2018 | 57 | JH01AU1441 | 23-08-2020 |
| 8 | JH01AB6472 | 10-11-2020 | 58 | JH01AU5330 | 15-07-2020 |
| 9 | JH01AC3161 | 17-12-2020 | 59 | JH01AU7129 | 31-07-2019 |
| 10 | JH01AD0915 | 12-01-2022 | 60 | JH01AU8972 | 04-03-2022 |
| 11 | JH01AD1124 | 07-03-2019 | 61 | JH01AV0339 | 23-02-2019 |
| 12 | JH01AD1313 | 27-02-2019 | 62 | JH01AV0661 | 16-01-2019 |
| 13 | JH01AD4317 | 29-03-2018 | 63 | JH01AV1862 | 23-06-2020 |
| 14 | JH01AD6392 | 13-02-2022 | 64 | JH01AV2273 | 25-01-2019 |
| 15 | JH01AE1232 | 11-08-2020 | 65 | JH01AV5402 | 03-12-2018 |
| 16 | JH01AE2249 | 10-05-2021 | 66 | JH01AV6774 | 03-04-2018 |
| 17 | JH01AE3749 | 10-08-2021 | 67 | JH01AV7129 | 16-10-2019 |
| 18 | JH01AE5052 | 29-01-2022 | 68 | JH01AV8790 | 11-12-2018 |
| 19 | JH01AE7040 | 21-04-2020 | 69 | JH01AW3011 | 31-12-2021 |
| 20 | JH01AF4032 | 19-12-2021 | 70 | JH01AW3746 | 21-01-2020 |
| 21 | JH01AF5715 | 04-10-2019 | 71 | JH01AX1039 | 21-02-2019 |
| 22 | JH01AG2288 | 08-12-2020 | 72 | JH01AX1811 | 31-01-2021 |
| 23 | JH01AG3524 | 11-01-2019 | 73 | JH01AX5133 | 01-01-2019 |
| 24 | JH01AG3724 | 11-01-2019 | 74 | JH01AX5396 | 22-06-2020 |
| 25 | JH01AH4940 | 25-07-2019 | 75 | JH01AY8225 | 16-07-2021 |
| 26 | JH01AH6886 | 01-05-2020 | 76 | JH01AY8812 | 06-05-2019 |
| 27 | JH01AJ6917 | 26-01-2020 | 77 | JH01AZ6559 | 02-07-2019 |
| 28 | JH01AJ9447 | 21-03-2020 | 78 | JH01AZ7327 | 23-02-2020 |
| 29 | JH01AK0288 | 21-02-2019 | 79 | JH01BA8386 | 26-10-2018 |
| 30 | JH01AK0289 | 21-02-2019 | 80 | JH01BA9482 | 15-08-2019 |
| 31 | JH01AL2115 | 31-01-2018 | 81 | JH01BB6257 | 01-02-2020 |
| 32 | JH01AL2315 | 27-01-2021 | 82 | JH01BB8500 | 30-10-2020 |
| 33 | JH01AL6781 | 21-05-2020 | 83 | JH01BC1206 | 15-05-2021 |
| 34 | JH01AL9021 | 16-01-2019 | 84 | JH01BC2394 | 21-11-2019 |
| 35 | JH01AL9163 | 19-06-2021 | 85 | JH01BC5047 | 06-11-2019 |
| 36 | JH01AM2555 | 21-05-2020 | 86 | JH01BC9396 | 13-12-2019 |
| 37 | JH01AM5206 | 08-02-2022 | 87 | JH01BC9441 | 22-02-2022 |
| 38 | JH01AM7661 | 11-05-2018 | 88 | JH01BE2272 | 14-10-2021 |
| 39 | JH01AN0912 | 31-08-2020 | 89 | JH01BE2315 | 02-03-2020 |
| 40 | JH01AN1119 | 11-10-2021 | 90 | JH01BE6100 | 22-02-2018 |
| 41 | JH01AN4038 | 16-03-2018 | 91 | JH01BE8942 | 15-02-2018 |
| 42 | JH01AN7821 | 04-10-2019 | 92 | JH01BF5905 | 11-04-2020 |
| 43 | JH01AP3229 | 29-11-2018 | 93 | JH01BF7119 | 11-04-2020 |
| 44 | JH01AP3230 | 24-12-2018 | 94 | JH01BG4540 | 12-12-2021 |
| 45 | JH01AP3793 | 28-12-2018 | 95 | JH01BG5206 | 15-12-2021 |
| 46 | JH01AQ1065 | 22-10-2021 | 96 | JH01BG9783 | 01-07-2020 |
| 47 | JH01AQ7057 | 20-12-2018 | 97 | JH01BJ0191 | 19-08-2021 |
| 48 | JH01AR0794 | 17-04-2021 | 98 | JH01BK4966 | 09-11-2021 |
| 49 | JH01AR1957 | 22-03-2018 | 99 | JH01BK7542 | 17-01-2021 |
| 50 | JH01AR5036 | 26-06-2018 | 100 | JH01BL8104 | 24-01-2018 |


अतः उपरोक्त सभी वाहन स्वामियों को अपने वाहनों का परमिट अवधि समाप्ति के उपरांत परिचालित कर रहे है, वो अपना राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट का नवीकरण सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर करा लेंगे। अन्यथा बिना परमिट वाहन परिचालित होते हुए पाए जाने पर उनके विरूद्ध मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द0छो0प्रा0परि0प्राधिकार,रांची

PR 318359 Transport(23-24).D

## संक्षिप्त खबरें

### श्री सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर परिसर में कलश यात्रा आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहर के पुराना शुक्र बाजार अजय पार्क श्री सिद्धि विनायक हनुमान मंदिर के परिसर से 9 फरवरी को सिठियो कोयल तट से कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। आयोजकों ने बताया कि प्रातः 6:00 बजे से भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया है, जो भी कलश यात्रा में भाग लेना चाहते हैं कलश की व्यवस्था मंदिर समिति की ओर से की गई है कलश यात्रा के समापन के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। इस कार्य के उपरांत द्वार पूजन, मंडप प्रवेश,ब्राह्मण वरण, बेदी स्थापना, सर्वदेव पूजन हवन, आरती पुष्पांजलि एवं संध्या आरती 10 फरवरी को वेदी पूजन, सर्व देव पूजन, सभी देवी विग्रहो का जलाधिवास फलाधिवास, अन्नाधिवस, औषधियेवास, पुष्पाधिवास, हवन आरती पुष्पांजलि एवं संध्या आरती 11 फरवरी को बेदी पूजन आरती उपरांत सभी विग्रहों के साथ शोभायात्रा, नगर भ्रमण प्राण प्रतिष्ठा पूजन हवन आरती एवं संध्या में महा आरती 12 फरवरी को बेदी विसर्जन पुष्पांजलि शांति जल ग्रहण तथा 13 फरवरी को जागरण संध्या 7:00 बजे से रात्रि तक का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति आयोजनकर्ताओं ने कहा की मंदिर के बगल में निर्मित यज्ञ मंडप बनाया गया है।

# उपायुक्त ने की कल्याण विभाग, शिक्षा स्थापन सर्व शिक्षा कार्यकारिणी समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज गुरूवार को शिक्षा, कल्याण विभाग, शिक्षा स्थापना, पीएम पोषण, सर्व शिक्षा कार्यकारिणी समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम शिक्षकों की प्रोन्नति हेतु वरीयता सूची तैयार किये जाने का निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। मासिक समीक्षा में उपायुक्त द्वारा यू-डायस में इंट्री, ई-विद्यावाहिनी कार्यक्रम, शिक्षकों की उपस्थिति, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, विद्यालयों में विभिन्न पदों की रिक्तियां, पोशाक वितरण, बजट आदि की समीक्षा की गई। अभियंता, शिक्षा विभाग को विद्यालयों में शौचालयों की मरम्मति, शौचालयों में पानी की उपलब्धता, नल की व्यवस्था आदि के लिए प्राक्कलन तैयार कर विभाग को भेजे जाने का निदेश दिया गया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही में विभिन्न रिक्तयों की भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत लिखित परीक्षा का आयोजन हेतु एडमिट कार्ड का वितरण एवं परीक्षा का आयोजन एक सप्ताह में किये जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता-सह-जिला कल्याण पदाधिकारी जीतेंद्र मुण्डा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## देसी कट्टे व कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि विगत 07/02/2024 दिन बुधवार को देसी कट्टे और कारतूस के साथ एक युवक को हिरासत में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा द्वारा बताया गया की गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि कुडू थाना अन्तर्गत ग्राम तान में कोई व्यक्ति अवैध हथियार ले कर घूम रहा है। इस सूचना पर आदेशानुसार पु0अ0नि0 सह थाना प्रभारी कुडू थाना के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमे पु0अ नि0 सह थाना प्रभारी कूडू थाना के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल के द्वारा कुडू थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम तान में विधिवत छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में अभियुक्त सोहदन मिंज उम्र करीब 23 वर्ष, पिता सिलवेस्टर मिंज ग्राम तान थाना- कुडू, जिला- लोहरदगा पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे खदेड़ कर छापामारी दल के द्वारा पकड़ा गया तथा शरीर की की तलाशी क्रम में अभियुक्त सोहदन मिंज के कमर में रखा देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतुस पाया गया, जिस सबंध में अभियुक्त द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात अभियुक्त सोहदन मिंज उम्र करीब 23 वर्ष, पिता- सिलवेस्टर मिंज पता तान से विधिवत गिरफ्तार कर अवैध देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था, गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध भूतपूर्व में लोहरदगा थाना काण्ड संख्याः- 15/2021, दिनांकः- 14/01/2021, धाराः-302/34 भा0 द0 वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामले भी दर्ज है,जिसके बाद पुलिस ने आगे की कार्यवाही करते हुए युवक को जेल भेज दिया, इस छापेमारी दल में शामिल पु0अ0नि0 विश्वजीत कुमार सिंह थाना प्रभारी कुडू, स0अ0नि लवकुश सिंह कुडू, स0अ0नि0 सुकु सोरेन कुडू, आ 0/538 राकेश कुमार कुडू थाना रिजर्व गार्ड, आ 0/151 विजय राणा कुडू थाना रिजर्व गार्ड, चालक आ 0/ 274 महादेव उरांव कुडू थाना रिजर्व गार्ड के साथ अन्य पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# ग्राम विकास योजना के तहत विद्यालय में बाल सभा का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय तोड़ार में तथा उगरा पंचायत में ग्राम विकास योजना के तहत बाल सभा का आयोजन किया गया। आयोजित बाल सभा मे उपस्थित पंचायत सचिव डॉली तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल सभा का मुख्य उद्देश्य है की ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत विद्यालय में बच्चों का सुविधा के लिये विद्यालय में चारदीवारी, हैंडवास, यूनिट, बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य सामूहिक आवश्यकता सम्बन्धित योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही कहा कि झारखण्ड सरकार के मानव संसाधन विकास विभाग के निर्देशानुसार सभी विद्यालयों में छात्र छात्राओं का सुविधा के लिये चयनित कर योजना को लागू किया जाना है। मौके पर प्रधानध्यापक अरुण उराँव, शिक्षक राजबीर चौधरी, अमित नायक, रोजगार सेवक अमूल पन्ना के अलावे अनिता कुमारी, करीना कुमारी, बाल कुमार यादव, निकिता कुजूर, तनवीर अंसारी, विजय उराँव, मोनिका कुमारी, उमेश उराँव, सागर यादव, रितिका कुमारी,दीपक यादव सहित सैकड़ों छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

# बारह पड़हा बेल सरना समाज की बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के लिप्टस बगान के समीप चैतु मुंडा की अध्यक्षता में 12 पड़हा सेन्हा राजा का बैठक किया गया। आयोजित बैठक में समाज मे फैले कुरीति व बुराइयों पर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित जिप सदस्य राधा तिर्की ने समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शादी विवाह या अन्य पर्व त्यौहार के अवसर पर आधुनिक वाद्य यंत्र के जगह में पारपरिक वाद्य यंत्र का इसतेमाल करने और शराब हड़िया जैसे नशापान चीज का सेवन नही करने के लिये कहा साथ ही बाल विवाह पर रोक लगाने व बच्चे बच्चियों के पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कही गई। जिसे उपस्थित सरना समाज के लोगों ने सहर्ष स्वीकार करते हुए निर्णय का पालन करने के लिये संकल्प लिया। वही चैतु मुंडा ने सभी लोगो से अपील करते हुए कहा कि बच्चे बच्चियां पढ़ेंगे तो निश्चित ही समाज से अंधविश्वास और बुराइयां मिटेगी। मौके पर पड़हा बेल शिवचरण उराँव, दीवान भीम उरांव, मुर्की ग्राम ओहदार गंगा उराँव के अलावे राममोहन टाना भगत, सीता उराँव, दुखिया उराँव, सोमा उराँव, बालेश्वर उराँव सहित सरना समाज व 12 पड़हा बेल के सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

## मां छिन्नमस्तीके मंदिर रजरप्पा के लिए बस से भक्तगण हुए रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति के तत्वाधान में मां छिन्नमस्तीके मंदिर रजरप्पा के लिए बस से भक्तगण हुए रवाना जिसे पूर्व विधायक व मुख्य संरक्षक रमेश उरांव के द्वारा भगवा झंडा दिखला कर विदा किए करीबन 200 की संख्या में बड़े, बच्चे, महिलाएं मां की पूजा अर्चना किये। पूजा के पश्चात समिति के द्वारा भव्य भंडारे की व्यवस्था की गई थी जिसमें सभी लोग प्रसाद ग्रहण कर पुणः लोहरदगा वापस लौट अपने अपने घर पहुंचे मुख्य संरक्षक रमेश उरांव जी ने कहा मां छिन्नमस्तीके मंदिर में पूजा अर्चना कर समिति के लोग पूरे झारखंड वासियों के लिए सुख शांति की कामना की, जिस तरह का लोगों का प्यार और समिति के प्रति विश्वास मिला है आगे भी इस तरह की समय समय पर धार्मिक यात्राएं होती रहेगी। आगे कहा सभी लोगों के सहयोग से यह यात्रा पूर्ण रूप से सफल हुई इसके लिए समिति के सभी संरक्षक, पदाधिकारी एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं। मौके पर मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, ओम महतो, प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, संगीता देवी, पूर्णिमा वर्मा, गौरी देवी, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, सुनीता देवी, धीरज कुमार, अमित कुमार समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हुआ मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा के तीसरे दिन गुरुवार को प्रखण्ड क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई। प्रखंड क्षेत्र स्थित नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में नागपुरी की परीक्षा ली गई। जिसमें सभी 42 छात्र छात्राओं ने नागपुरी का परीक्षा दिया। वही केंद्राधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा ने कहा कि राज्य सरकार के मानव संसाधन विभाग निर्देशानुसार परीक्षा आयोजित हो रहा है। जिस निमित कदाचारमुक्त तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। साथ ही कहा कि वरीय पदाधिकारीयों के निर्देशानुसार परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी किया जा रहा है। तथा परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो जिस के लिये प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह,ए एस आई राजेश राम लोहरा दल बल के साथ उपस्थित थे।

# जिला आयुष समिति द्वारा कैरो में नि-शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 08 फरवरी गुरुवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयूष मंत्रालय भारत सरकार राष्ट्रीय आयूष मिशन के तहत जिला आयूष समिति लोहरदगा के द्वारा कैरो प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केंद्र के समीप नि;शुल्क प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन। शिविर मे चिकित्सक डा0 श्वेता कुमारी, डा0 हरेन्द्र कुमार साहू, डा0 एस0 आलम के द्वारा बीमारी जैसे जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, कमजोरी, मूत्र विकार, धात, अम्ल पीत, इनडाईजेशन, बीपी, सुगर, एसिडिटी, स्नायुपेन, नसो से संबंधित बिमारियों का जाँच कर चिकित्सकीय परामर्श दी गई, एवं शिविर में मरीजो को आवश्यक औषधियाँ भी दी गई। उक्त आयोजित शिविर मे कूल 112 मरीजों की स्वास्थय की उपस्थित चिकित्सको के द्वारा जाँच करते हुए उन्हे आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के उपरांत आवश्यक औषधियाँ भी दी गई।

## सरकार के एडीएफ योजना के माध्यम से दो दिव्यांगजनो को मिला बैशाखी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में एडीएफ योजना के अन्तर्गत दो दिव्यांगजनो को बैशाखी दिया गया। बाल विकास महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने बताया सरकार द्वारा एडीएफ योजना के अंतर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर 60 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों को दिव्यांग यंत्र दिया जाता है। उसी क्रम में कल्हेपाट निवासी गांगी कुमारी और पारही भंगाडी निवासी मंगरा उराँव को बैशाखी दिया गया। साथ ही बताया कि आगामी 22 फरवरी को लोहरदगा प्रखंड मुख्यालय स्थित नगर भवन में शिविर आयोजित कर प्रखंड क्षेत्र के सभी निबंधित दिव्यांगजनों को झारखण्ड सरकार की एडीएफ योजना के तहत सहायक यंत्र उपकरण वितरण किया जायेगा। वही सहायक उपकरण बैशाखी मिलने पर गांगी कुमारी और मंगरा उराँव हर्षित हो गये। मौके पर विराज तिर्की, फ्रांसिस्का गिद्ध सहित अन्य मौजूद थे।

# कैरो उप-प्रमुख के खिलाफ अविश्वास मत पक्ष में पड़े 01, विपक्ष में पड़े 06 मत

### प्रखंड को नए उप-प्रमुख चयन को लेकर शीघ्र की जायेगी तिथि की घोषणा : एसडीएम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 08 फरवरी गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, प्रविपदा0 पवन कुमार महतो, प्रमुख राम उराँव एवं पंचायत समिति सदस्यों के उपस्थिति मे कैरो प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी के खिलाफ किया गया अविश्वास मत। विदित हो कि कैरो प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों ने विगत दिनों जिले के उपायुक्त को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर अविश्वास प्रस्ताव लाया था। उसी के निमित आज पुर्व निर्धारित तिथि व समय के तहत कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार में उपरोक्त पदाधिकारी की उपस्थिति मे अविश्वास मतदान किया गया जिसमे उप प्रमुख मधुलिका रानी के पक्ष मे मात्र 01 मत मिले एवं विपक्ष मे 06 मत मिले। इस अवसर पर उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि शीघ्र ही नई तिथि अनुमंडल कार्यालय लोहरदगा के और से निर्धारित कर समिति सदस्यो को सुचित करते हुए कैरो प्रखंड उप-प्रमुख पद की चयन प्रक्रिया को पूरी कर ली जायेगी। मौके पर सभी पंचायत समिति सद्स्य अनुमंडल कार्यालय एवं कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# अधिकार के लिए एक जुट हों : मुमताज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सरकार और विभाग की उदासीनता के कारण प्राथमिक शिक्षकों को एम ए सी पी का लाभ नहीं मिल पाया है। शिक्षक एक ही पद सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्त होकर सेवानिवृत्त हो जाता है, जबकि झारखंड सरकार के अन्य विभाग में समयानुसार लाभ सबों को कमोबेश मिल रहा है। प्राथमिक शिक्षक भी राज्य कर्मी होने के चलते अन्य कर्मचारियों के ही भांति एमएसीपी व अन्य लाभ की मांग झारखंड सरकार से लम्बे समय से कर रहे हैं। यह विचार मध्य विद्यालय पावरगंज में आयोजित शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी के उपरांत झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुमताज अहमद ने रखा। अहमद ने कहा कि कोल्हू की बेल की तरह आज ज्यादा काम लिया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में तमाम जरूरी मुद्दों के लिए शिक्षक, पारा शिक्षक सबों को एकजुट होना होगा। हक अधिकार की मांग को तेज करना होगा। इस दौरान शिक्षक नेता शैलेंद्र सुमन, अरुण राम, रेखा सोनी, सुबोध लाल साहू, विनोद सिंह, मुश्ताक अहमद, बुधराम उरांव, वीरेंद्र यादव, मंजू कुमारी, रीता कुजूर, जयधर कुमार, सुबोध सेन गुप्ता, गणेश प्रसाद, नव कुमार, अकबर अंसारी, शहादत हुसैन, रामकिशोर भगत, इंद्रावती देवी, सबीहा खातून आदि मौजूद थे।

# मुखिया राजधन भगत ने बी किपिंग प्रशिक्षण योजना के चयन हेतु की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कुडू ग्राम कुंडगड़ा में बी किपिंग प्रशिक्षण योजना के चयन हेतु मुखिया राजधन भगत के अध्यक्षता में आज बैठक की गई। आज दिनांक 7 फरवरी 2024 समय 10:00 बजे कुंदगड़ा ग्राम में झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लिमिटेड रांची के द्वारा बी किपिंग प्रशिक्षण योजना के चयन हेतु मुखिया राजधन भगत की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से बड़की चापि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी,बंदुआ गांव की वार्ड सदस्य गीता भगत, प्रदान संस्था के देवेंद्र कुमार उपस्थित थे। इस मौके पर स्टार लाइट इंटरनेशनल चैरिटेबल सोसायटी के सचिव रिजोइस एरिक एवं कोषाध्यक्ष बेर्था टोप्पो के द्वारा बी कीपिंग प्रशिक्षण योजना के चयन हेतु विशेष रूप से विस्तार पूर्वक बताया गया।इस मौके पर एक समिति बनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से कीस्टो नायक, प्रकाश नायक, कृष्णा राम, कुलदीप नायक, मुकेश नायक, गौतम नायक, शिवकांत नायक, राजकुमार सिंह, लखन राम, संदीप नायक, नितेश नायक, संजीव नायक, शिवम नायक, राजन नायक, मुकेश नायक, अमनदीप नायक, अनिल नायक, सूरज राम, फेकू नायक, सुशीला देवी, सरस्वती देवी, नीलम देवी, द्रोपदी देवी, फुलमनी देवी, लक्ष्मी कुमारी, लीलावती देवी, हेमंती नायक, सुजाता देवी, रीता देवी, घूर्णी देवी, कलावती देवी, शोभा कुमारी, शोभा कुमारी,काजल कुमारी, बॉबी देवी, तारा देवी, आशा देवी, कलावती देवी, पुष्पा देवी, उपेंद्र नायक, तारा देवी, देवनति देवी, प्रमोद नायक, कालीचरण नायक, मीना देवी, कनय राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एम0डी0ए0 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा : सिविल सर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** डॉ राजमोहन खलखो, सिविल सर्जन सह जिला भी0बी0डी0 पदाधिकारी,लोहरदगा द्वारा बताया गया कि लोहरदगा जिले में दिनांक 10.02.2024 से तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (स्ड्ड) कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके अंतर्गत दिनांक 10.02.2024 को बूथ स्तर पर एवं दिनांक 11.02.2024 से 25.02.2024 तक घर-घर भ्रमण कर लक्षित जनसंख्या को उम्र के अनुसार डी0ई0सी0 एवं अल्बेन्डाजोल की एक-एक खुराक खिलाई जायेगी। इस वर्ष लोहरदगा जिला में लगभग 2,59,286 (पांच लाख उनसठ हजार दो सौ छियासी) लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में कुल 717 बूथ बनाये गये हैं। दवा खिलाने हेतु सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगभग 1500 कार्यकर्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है। कार्यक्रम की सफलता हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।सिविल सर्जन, लोहरदगा द्वारा लोहरदगा जिला के वासियों से अपील की गयी कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं खिलाई जाएगी। 1-2 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली पानी मे मिलाकर देना है और डीईसी की गोली नहीं देना है। 2-5 वर्ष के बच्चों को 01 डीईसी एवं 01 एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। 6-14 वर्ष के बच्चों-किशोर/किशोरियों को 02 डीईसी एवं 01 एल्बेंडाजोल की दवा खिलायी जाएगी। 15 वर्ष या इससे अधिक उम्र के युवाओं/वयस्कों को 03 डीईसी एवं 01 एल्बेंडाजोल की गोली खिलायी जाएगी। दवा का कोई भी साइडइफेक्ट नहीं है। गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नहीं देना है। दवा खाली पेट नहीं देना है। फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसकी वजह से प्रभावित अंगों जैसे हाथ पाँव (हाथी पाँव) का फूलना और हाइड्रोसिल होता है। फाइलेरिया एक वूचेरिया बेनकापटी (Wucheria bancrofti) रोगाणु की वजह से होता है जो क्यूलेक्स मच्छर के द्वारा फैलता है। क्यूलेक्स मच्छर जमे हुए गंदे पानी में पैदा होते हैं। फाइलेरिया का उपचार की डीईसी गोली के द्वारा किया जाता है जो एक बहुत ही कारगर एवं सटीक दवा है। यदि सभी व्यक्तियों को डी.ई.सी. एवं अलबेण्डाजोल गोली की एक खुराक उम्र के अनुसार वर्ष में एक बार खिलायी जाये तो 80 से 90 प्रतिशत तक इस बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है।फाइलेरिया की दवा किसी भी स्थिति में खाली पेट नहीं ली जानी चाहिए। फाइलेरिया प्रभावित क्षेत्र में 2 से 5 वर्षो तक वर्ष में एक बार अभियान के तौर पर लक्षित व्यक्तियों को डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा खिलाकर फाइलेरिया पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

चलते चलते एक नजर

## सीआईडी ने दो साइबर अपराधियों को लखनऊ से किया गिरफ्तार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम थाना ने दो साइबर अपराधियों को उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में राहुल त्रिपाठी और देव प्रकाश शामिल है। इनके पास से दो मोबाईल फोन, चार सिम कार्ड, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक चेक बुक, एक एटीएम कार्ड और मोबाईल से मामले के ट्रांजेक्शन के साक्ष्य बरामद किये गये है। साइबर डीएसपी नेहा बाला ने गुरुवार को बताया कि सात दिसम्बर को 2023 को एक युवती ने साइबर काइम थाने में मामला दर्ज कराया था। दर्ज मामले में बताया गया था कि युवती से टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया गया जिसमें लूडो और फिशडोम को लाइक कर स्क्रीन शॉट भेजने का पार्ट टाईम जॉब ऑफर किया गया। इसके पश्चात उन्हें टेलीग्राम प्रोफाईल पर रजिस्टर कर विडियो लाईक करने का काम दिया गया। उक्त टेलीग्राम प्रोफाईल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओ में पैसे डालने को बोला गया। फिर उनसे यह कहा गया कि पैसे को क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर दिया जाएगा। इससे मिलने वाले लाभ को ग्लोबल कम्पनी के साईट पर दिखाया जायेगा। इसके बाद युवती को इन्वेस्ट किये हुए पैसे फेक वेवसाइट में दिखना शुरू हो गया, जिससे वह झांसे में आ गई। झांसा में लेने के लिए इनके एकाउंट में कुछ पैसे डाले गये लेकिन बाद में पैसे डालना बंद कर दिया गया। इस तरह से इनके साथ कुल 63 लाख 98 हजार 824 रुपये का साईबर ठगी कर लिया गया। इस अपराध को करने के लिए इसके लिए युवती से अलग-अलग बैंक खाताओ में यूपीआई के माध्यम से पैसे डालने को कहा गया।

## शराब के बाद अब मेधा घोटाला, सीएमओ की संलिप्तता, हो सीबीआई जांच : कुणाल षाडंगी


**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में अब मेधा घोटाला सामने आ रहा है। जमीन, खनिज, शराब के बाद अब मेधा घोटाले की बात सामने आने पर सूबे के मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने झारखंड सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने गुरुवार को झारखंड के रांची स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि जिस 8.46 एकड़ जमीन के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने हिरासत में लिया है। उसमें जिस दिन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने आवास से ईडी अधिकारियों के आने के पहले 40 घंटे तक रहस्यमय तरीके से गायब रहे थे, उसी दिन उन्होंने राजस्व विभाग से 8.46 एकड़ की विवादास्पद जमीन की जमाबंदी रद्द कर दी। इसके साथ ही, अब मेधा घोटाले के सामने आने के बाद लाखों युवाओं में निराशा एवं रोष का माहौल है। कुणाल षाड़ंगी ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जमीन घोटाले की जांच में जुटी ईडी ने कोर्ट में जमा की गई 539 पन्नों की व्हाट्सएप चैट में राज्य में पिछले दिनों आयोजित जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में हुए प्रश्न पत्र लीक के मामले में सीधे तौर पर मुख्यमंत्री कार्यालय की संलिप्तता पाई है।

# फुटपाथ व्यवसायियों को वैकल्पिक व्यवस्था दे निगम : अरुणा शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए फुटपाथ व्यवसाईयों को जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं दी जाएगी, तब तक शहर अतिक्रमण मुक्त नहीं होगा। क्योंकि यह डेली कमाने खाने वाले व्यवसाइ है। मैंने अपने कार्यकाल में वेंडर जोन के लिए कई स्थल चयनित की थी। साथ ही उसके निर्माण के लिए राशि भी नगर विकास से उपलब्ध करा दी गई थी। जो अब भी निगम में पड़ा है। निगम तत्काल चार-पांच वेंडर जोन बनाए। स्वतः अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगा और वेंडर व्यवसाईयों को सम्मान से व्यवसाय करने का स्थाई स्थल। प्रथम महापौर ने कहा कि मांस मछली व्यवसाईयों के लिए भी नवाटोली तालाब के समीप एवं शहर के बीचो-बीच बड़ा तालाब के सामने भूमि चयनित है। जहां स्वच्छ एवं सुंदर मीट मछली मार्केट बनाया जा सकता है। नक्शा बना पड़ा है। फंड भी है। निगम को इस दिशा में भी कार्य करने की आवश्यकता है। तभी हमारा शहर स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ होगा। और हमारे मीट मछली व्यवसाय करने वाले व्यवसाईयों को स्थाई स्थल मिलेगा। ट्रैफिक पर बात करते हुए प्रथम महापौर ने कहा कि पहले पुलिस विभाग या निगम अपने ट्रैफिक लाइट ठीक कराए।

* शहर का ट्रैफिक लाइट उड़ा रहा मजाक



जो वर्षो से कहीं लाल, पीला, हरा दिन भर जलता रहता है। जिससे बड़े शहरों से आने वाली गाड़ियां कंफ्यूज हो जाती है और मजाक भी बनता है। लाइट बनने के बाद ट्रैफिक लाइट रूल कड़ाई से पालन करने पर 90 प्रतिशत ट्रैफिक समस्या का समाधान हो जाएगा और कम पुलिस बल की आवश्यकता पड़ेगी। प्रथम महापौर ने कहा कि शहर का सबसे व्यस्ततम शहीद चौक (कचहरी चौक) से जाम से निजात पाने के लिए विमेंस कॉलेज रोड में मिनी फ्लाईओवर बनाकर चैनपुर, शाहपुर, गढ़वा जाने वाली गाड़ियों को डाइवर्ट करना एकमात्र विकल्प है। जो हमारे कार्यकाल मैं मिनी फ्लाईओवर निर्माण हेतु बोर्ड से एजेंडा पारित भी है। निगम इसके निर्माण पर कार्य करे। प्रथम महापौर ने निगम द्वारा कुछ रूट की बसों के लिए बैरिया में अर्ध निर्मित बस स्टैंड को पूर्ण कर शिफ्ट किए जाने के फैसले का स्वागत किया है।

## मौसम संबंधी उपग्रह इनसैट-3डीएस 17 फरवरी को होगा लॉन्च

**नई दिल्ली :** मौसम संबंधी उपग्रह इनसैट-3 डीएस को जीएसएलवी एफ14 पर श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 17 फरवरी को लॉन्च किया जाएगा। गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि मौसम संबंधी उपग्रह इनसैट-3डीएस मिशन का प्रक्षेपण 17 फरवरी को साढ़े पांच बजे निर्धारित है। इस उपग्रह को श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो के मुताबिक उपग्रह को मौसम संबंधी पूर्वानुमान और आपदा चेतावनी के लिए उन्नत मौसम संबंधी अवलोकन और भूमि- महासागर सतहों की निगरानी के लिए डिजाइन किया गया है।

## प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर भाजयुमो का राजभवन के पास धरना, सीबीआई जांच की मांग


प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की ओर से जेएसएससी प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर गुरुवार को राजभवन के समीप एकदिवसीय धरना दिया गया। धरना में शामिल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार के विरोध में भाजयुमो के कार्यकर्ता एकत्र होकर राजभवन के पास धरना में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार सिर्फ नवजवानों के साथ ही नहीं पूरे प्रदेश के साथ है। बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में जेएसएससी के कुकर्म की सजा युवा ही नहीं पूरा प्रदेश भुगत रहा है। झारखंड के लोग माफ भात खाकर अपने बच्चों की किसी तरह पढ़ाते हैं, बच्चे दिन-रात मेहनत करते हैं ताकि किसी तरह से सफल हो जाए, वैसे होन हार बच्चों के साथ यह सरकार आघात कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई पैसा लेकर युवा पदाधिकारी या कर्मचारी बनता है, तो यह स्पष्ट है कि करप्शन की बुनियाद पड़ेगी और उससे करप्शन ही फले फूलेगा। पहले भी ऐसी कई तरह की परीक्षाओं में गड़बड़ी सामने आई थी, लेकिन तब हेमन्त सरकार मानने को तैयार नहीं थी, लेकिन छात्रों ने जब सड़क पर उतर कर विरोध किया और सारा सबूत दिखाया तो सरकार को स्वीकार करना पड़ा। जब छात्र अपने अधिकार को लेकर सड़क पर उतरते हैं तो उसके ऊपर लाठीचार्ज कर घायल किया जाता है। संगीन धाराओं के साथ केस कर डराने की कोशिश की जाती है। मरांडी ने कहा कि मैं शुरू से कह रहा था कि इतना बड़ा पेपर लीक का घोटाला बिना %ऊपर% अर्थात मुख्यमंत्री कार्यालय की संलिप्तता के बगैर नहीं हो सकता है। आज यह बात साबित हो रही है। यह बातें मैं शुरू से कह रहा था लेकिन आज ईडी ने हेमंत सोरेन की रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए 539 पन्नों की जो जानकारी कोर्ट में दी है, उसमें लिखा गया है कि हेमंत के करीबी मित्र आर्किटेक्ट विनोद सिंह के मोबाइल और घर से छात्रों के बड़ी संख्या में एडमिट कार्ड बरामद हुए हैं, जिन्हें पैसे लेकर बहाल किया जाना था। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि आज झारखंड का हर युवा छात्र इस भ्रष्ट सरकार से परेशान और तंग हो चुका है। पांच लाख का वादा करके सत्ता में आई सरकार ने झारखंड के युवाओं की चिंता नहीं की, बेरोजगारी भत्ता देने का झूठा वादा झारखंड के युवाओं से किया।

## उत्तरी जाफना में भारतीय मछुवारों पर टूटी श्रीलंकाई सेना, 19 लोगों को नौका समेत किया गिरफ्तार

एजेंसी

**कोलंबो:** श्रीलंका की नौसेना ने उत्तरी जाफना प्रांत में भारतीय मछुवारों पर बड़ी कार्रवाई की है। नेवी ने डेफ्ट द्वीप के पास अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उनकी दो नौकाओं को जब्त कर लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह एक महीने के भीतर इस तरह की दूसरी घटना है। अभी कुछ दिन पहले भी श्रीलंकाई नौसेना ने कुछ भारतीय मछुवारों को अपने क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। श्रीलंका की नौसेना ने एक बयान में कहा कि उसने तटरक्षक बल के साथ एक अभियान में बुधवार को श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे 19 भारतीय मछुआरों को



गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनकी दो नौकाओं को भी जब्त कर लिया। बयान के मुताबिक, पकड़े गए मछुआरों और उनकी दो नौकाओं को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया। इसमें कहा गया कि इस साल श्रीलंका की नौसेना ने अब तक 88 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 12 भारतीय नौकाओं को भी जब्त किया है। नौसेना ने आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मछुआरों को अधिकारियों को सौंप दिया है।वर्ष 2023 में श्रीलंका की नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 240 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा 35 नौकाओं को जब्त कर लिया था। वहीं इस वर्ष एक माह में ही 88 भारतीय मछुवारों को गिरफ्तार किया गया है। इससे श्रीलंकाई सेना चिंतित भी है। मछुवारों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

# लंबे समय से लंबित पुलिसकर्मियों के लिए आवंटित किए गए राशि को मिली स्वीकृति

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची:** लंबे समय से पुलिसवालों की जरुरतों के लिए आवंटित राशि को अब स्वीकृति मिल गई है। कुछ महीने पहले ही झारखंड के सभी जिलों के एसपी को राशि भेजे जाने की सूचना है।

यह राशि पुलिस वाहन,डीजल, पेट्रोल, जेनरेट, हेलिकॉप्टर ,नक्सली हिंसा में मारे गये परिवार के लिए सहित अन्य तरह के खर्च के लिए दिया गया है। पुलिस सूत्रों की माने तो डीआईजी कार्मिक बजट के पद पर आये नौशाद आलम को इसकी जानकारी मिलते ही इस पर काम करना शुरू कर दिया। हालांकि इस मामले में नौशाद आलम से संपर्क नहीं हो सकी।



**इसके लिए दिया गया बजट राशि:** पुलिस सूत्रों की माने तो स्वीकृत एवं शेष राशि (वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विशेष योजना के तहत वार्षिक कार्य योजना के अनुसार) आवंटन 124.92 करोड़ रुपए। राज्य सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है। जिसमें 10,700.00 दिया गया।

इसमें राज्य के सभी जिला पुलिस के जरुरतों पर 7,700.00 खर्च किया गया। वहीं अभी पुलिस कार्मिक बजट के पास 3,000.00 राशि बची है। अब तक पुलिस के लिए खर्च किए गए राशि कुछ इस। तरह से है। नक्सली हिंसा में मारे गए नागरिक के परिवार को अनुग्रह राशि का भुगतान 100.00 किया गया। मारे गए सुरक्षा कर्मी के परिवार को अनुग्रह राशि का भुगतान 300.00 किया गया। वामपंथी उग्रवाद के हमले के दौरान स्थायी रूप से अक्षम सुरक्षा कर्मियों के लिए 130.00 और राज्य में तैनात सीपीएमएफ के लिए परिवहन,किराये में चलायें जाने वाले वाहन, डीजल, आदि में 6,500.00 लाख राशि खर्च की गई। राज्य पुलिस बल के लिए प्रशिक्षण के लिए 60.00 राशि। स्थानीय पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए 192.00 लाख राशि दी गई। वी.डी.सी./ एन.एस.एस. द्वारा किया गया व्यय48.00 विशेष पुलिस अधिकारियों को मानदेय. (एसपीओ) 835.59 और राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित व्यापक आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले वामपंथी उग्रवादियों का पुनर्वास 180.00, हेलीकॉप्टर सहित हथियारों/वाहनों की आवश्यकता आधारित किराये पर नियुक्ति 100.00 करोड़ राशि और पुलिस स्टेशन/चेक-पोस्ट/पुलिस आउट पोस्ट के सुदृढ़ीकरण के लिए आवर्ती व्यय किया गया।

## पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा के घर आयकर के अधिकारियों ने मारा छापा

**मुंबई :** मुंबई में पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा के अंधेरी स्थित आवास पर गुरुवार दोपहर को आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की है। इस छापे के बारे में आयकर विभाग की ओर से अभी तक कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन बताया जा रहा यह छापा पूर्व सांसद और विधायक रह चुके नेता की टैक्स चोरी के मामले से जुड़ा है। खबर लिखे जाने तक आयकर विभाग की टीम प्रदीप शर्मा के आवास पर कागज पत्रों और डिजीटल सबूतों को खंगाल रही है। मुंबई पुलिस में डैशिंग पुलिस अधिकारी के रूप में प्रदीप शर्मा का नाम है। गैंगवार खत्म करने के लिए हुए तमाम इनकाउंटर से शर्मा जुड़े रहे हैं। इसलिए प्रदीप शर्मा को इनकाउंटर स्पेशलिस्ट भी कहा जाता है। प्रदीप शर्मा ने पुलिस विभाग से इस्तीफा देने के बाद शिवसेना के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़े थे, लेकिन वे चुनाव हार गए थे।

# यूपी में कांग्रेस ने अखिलेश से मांगे 20 सीट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** यूपी में इंडिया गठबंधन के सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी से 20 सीटों की मांग की है. बुधवार को कांग्रेस की तरफ से 20 सीटों की मांग वाला खत समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव को भेजा गया. हालांकि इस चिट्ठी में कांग्रेस उम्मीदवारों के नाम नहीं बल्कि सिर्फ लोकसभा सीटों के नाम हैं. इससे पहले समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को 11 सीट का प्रस्ताव दिया था. जिस पर कांग्रेस राजी नहीं थी. जिसके बाद समाजवादी पार्टी ने अपने 16 उम्मीदवार घोषित कर दिए थे. इसके बाद से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी से नाराज चल रही थी.16 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करने के बाद भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच शीट शेयरिंग को लेकर बातचीत जारी थी. अखिलेश यादव द्वारा राहुल



गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार करने के बाद उम्मीद थी कि जल्द ही शीट शेयरिंग को लेकर कोई सर्वमान्य रास्ता निकल आएगा. लेकिन कांग्रेस की ओर से अब 20 सीटों की मांग के बाद सब कुछ समाजवादी पार्टी के रुख पर निर्भर करेगा.सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अखिलेश यादव द्वारा कांग्रेस को 11 सीटें देने के प्रस्ताव से पहले कांग्रेस पिछले चुनावों में अपने प्रदर्शन के आधार पर 25 सीटों की मांग कर रही थी. यही नहीं कांग्रेस नेताओं का मानना था कि 20 सीट से कम पर कोई समझौता नहीं होगा. यही नहीं कांग्रेस चाहती थी कि 2017 की तरह दोनों पार्टी साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीट के बंटवारे का एलान करें. यही वजह है कि अखिलेश के रुख को देखते हुए कांग्रेस यूपी की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुट गई थी. लेकिन एक बार फिर जब बातचीत पटरी पर आई है तो कांग्रेस ने अपनी मांग समाजवादी पार्टी के सामने रख दी है.

## क्या ग्रीन हाइड्रोजन भारत के लिए बनेगा गेम चेंजर?




एजेंसी

**नई दिल्ली :** गोवा में चल रहा इंडिया एनर्जी वीक 2024 भारत के ऊर्जा भविष्य की रोमांचक तस्वीर दिखा रहा है. क्लीन एनर्जी, महत्वाकांक्षी जलवायु लक्ष्य और एनर्जी सेक्युर्टी पर जोर के साथ, इस कार्यक्रम में कई प्रमुख घटनाक्रम सामने आए हैं, खासकर हाइड्रोजन का बढ़ता महत्व. लेकिन यहाँ बड़ा सवाल ये उठता है कि ये घटनाक्रम भारतीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए कितने प्रासंगिक हैं, और क्या हाइड्रोजन वाकई गेम चेंजर बन सकता है, जैसा कि कुछ का मानना है? इन सवालों के जवाब के लिए कुछ बातों को समझना और उन पर गौर करना जरूरी है. एनर्जी वीक की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के ऊर्जा क्षेत्र में अधिक निवेश का आह्वान किया. उनका यह आह्वान देश में बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने और दाम की किफायत सुनिश्चित करने की आवश्यकता से निपटने के इरादे को दर्शाता है. यहाँ एनर्जी सेक्युर्टी के संदर्भ में पंचामृत रणनीति का जिक्र जरूरी है. यह रणनीति विविधीकरण पर जोर देती है और इसमें रिन्यूबल एनर्जी, बायो फ्यूल और हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य शामिल हैं. यह बहुआयामी रुख फोस्सिल फ्यूल पर निर्भरता कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने का लक्ष्य रखता है. साल 2025 तक पेट्रोल में 20त्न इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य की घोषणा एक महत्वपूर्ण बदलाव है. यह बायो फ्यूल विकल्प न केवल पारंपरिक पेट्रोल की तुलना में ग्रीनहाउस गैस एमिशन को कम करता है, बल्कि आयात निर्भरता कम करके एनर्जी सेक्युर्टी को भी बढ़ाता है. इस नीतिगत बदलाव से किसानों के लिए नए अवसर पैदा होने और ग्रामीण विकास में योगदान मिलने की उम्मीद है. एनर्जी वीक में स्टार्टअप्स पर जोर दिया जाना भारत द्वारा युवा प्रतिभा की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है. स्टार्टअप्स को एनर्जी वैल्यू चेन में एकीकृत करना अत्याधुनिक स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के विकास को जन्म दे सकता है, जिससे भारत का सतत भविष्य में परिवर्तन तेज हो सकता है. रिन्यूबल ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके उत्पादित ग्रीन हाइड्रोजन पर कार्यक्रम का जोर इस बात को उजागर करता है कि यह गेम चेंजर बनने की क्षमता रखता है. ऐसा इसलिए क्योंकि हाइड्रोजन परिवहन, बिजली उत्पादन और औद्योगिक अनुप्रयोगों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग किए जाने वाले स्वच्छ और बहुमुखी ईंधन स्रोत प्रदान करता है. यह दहन के दौरान कोई ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जित नहीं करता है, जिससे यह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण हथियार बन जाता है.

## अब सिटी ऑफ डेस्टिनी में होगा भारतीय नौसेना का बहुराष्ट्रीय अभ्यास मिलन

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना का बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'मिलन' 19-27 फरवरी तक सिटी ऑफ़ डेस्टिनी विशाखापत्तनम में होगा। मिलन अभ्यास हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग और सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के बढ़ते रणनीतिक महत्व ने मिलन अभ्यास को महत्वपूर्ण बना दिया है, जो जिम्मेदार समुद्री शक्ति होने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अभ्यास का 11वां संस्करण फरवरी-मार्च 2022 में पूर्वी नौसेना कमान के तहत विशाखापत्तनम में 'सौहार्दपूर्ण-सामंजस्य-सहयोग' विषय के साथ आयोजित किया गया था। मिलन एक द्विवार्षिक बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास है, जो 1995 में चार देशों इंडोनेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड की भागीदारी के साथ शुरू हुआ था। मिलन प्रशांत महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग और सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है।

# प्रपोज डे के मौके पर टीवी कलाकारों ने अपने पुराने दिन को किया याद

एजेंसी

**मुंबई :** वैलेंटाइन वीक की शुरुआत हो चुकी है। फरवरी महीने की शुरुआत होते ही फिजाओं में रूमानी रंग घुलने लगता है। 7 फरवरी को जहां दुनिया ने रोज डे सेलिब्रेट किया, वहीं गुरुवार 8 फरवरी को प्रपोज डे मनाया गया। प्यार चाहे पहला हो दूसरा, किसी से प्यार में होना, अपने आप हमारी जिंदगी में सागर की लहरों की तरह भावनाओं का उमंग लेकर आता है। इस बात से तो हम सभी सहमत होंगे कि मोहब्बत में सबसे मुश्किल काम होता है अपने इश्क का इजहार करना। क्योंकि यह वह मौका होता है, जब पेट में तितलियां उड़ने लगती हैं। रगों में खून की रवानी तेज हो जाती है। यह एक ऐसी फीलिंग है, जिससे ना सिर्फ हम आम लोग, बल्कि हमारे सेलिब्रिटीज भी दो-चार हुए हैं। मोहित मलिक से लेकर सारा खान जैसे टीवी सेलेब्स ने अपनी



जिंदगी के उन पलों को याद किया है, जब उन्होंने किसी को या उनसे किसी ने क्रेजी करने वाले अंदाज में प्रपोज किया था। समृद्धि शुक्ला ने कहा कि तब स्कूल में थी। 10वीं कक्षा में। मेरा एक क्लासमेट था, एक बहुत ही प्यारा लड़का, जो मुझे पसंद करता था। लेकिन वह इंट्रोवर्ट था। इसलिए वह अपनी भावनाओं को जाहिर नहीं करता था। फिर एक दिन उसने मेरे लेटर बॉक्स में अपना लव लेटर दिया। वह चिट्ठी बहुत ही रोमांटिक थी। इसके साथ ही उसने लेटर बॉक्स में एक गिफ्ट भी रखा था। वह प्यार की निशानी ताज महल की प्रतिकृति थी। इसमें कोई दोराय नहीं है कि उसके प्यार में ईमानदारी थी। लेकिन यह मेरी लाइफ का सबसे क्रेजी प्रपोजल था। अंश बागरी ने कहा कि कुछ समय पहले की ही बात है। एक लड़की मुझ पर फिदा थी। लेकिन मैंने उस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया, क्योंकि मैं अपने रूटीन में रहना पसंद करता हूं। मैं जिम जाता हूं, काम करता हूं और अपनी कॉफी के साथ खुश रहता हूं। वह लड़की मुझसे सीधे तौर पर कॉन्टैक्ट नहीं कर पा रही थी। इसलिए उसने मेरे डॉग्स बर्लिन और टोक्यो के जरिए मुझ तक पहुंचने का रास्ता अपनाया। वह मेरे डॉग्स से मिलने लगी और धीरे-धीरे मुझसे भी बात करने लगी। आखिरकार, एक दिन उसने मुझे प्रपोज कर दिया। बाद में मुझे पता चला कि वह डॉग लवर भी नहीं है, बल्कि उसे तो कुत्तों से डर लगता था।